✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 295 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 25 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना में चैती छठ व्रत के दौरान अस्ताचलगामी सूर्य को परिवार के सदस्यों के साथ अर्घ्य अर्पित करते भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह विधान पार्षद डॉ. संजय मयूख

## संक्षिप्त समाचार

### निबंधन कार्यालय परिसर में गोलीबारी, छह घायल

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के पीरो अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार दोपहर अचानक फायरिंग से अफरा-तफरी मच गई। घटना भूमि निबंधन कार्यालय के पिछले हिस्से में करीब ढाई बजे हुई। दिनदहाड़े हुई इस गोलीबारी से आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस घटना में नगरावं चरपोखरी के रितेश दुबे, पीरो बलुआ टोला के जीतू यादव, सत्येंद्र यादव, पिंटू उर्फ कच्चे कुमार को गोली लगी है। वहीं तीन अन्य लोग छर्रा लगने से जख्मी हुए हैं। घायलों की स्थिति को देखते हुए तत्काल इलाज की व्यवस्था की गई है।

### मृतक के आश्रित को मिलेंगे दो-दो लाख रुपये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने की घटना में बिहार के रहने वाले तीन मजदूरों की हुई मौत पर मर्माहत हैं। उन्होंने इस घटना को काफी दुखद बताया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में मृत मजदूरों के शोक संतप्त परिवारों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना में बिहार के मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 02-02 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने की घोषणा की है। उन्होंने बिहार के रहने वाले घायल मजदूरों के समुचित इलाज की भी व्यवस्था करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। सीएम ने हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। उन्होंने मृत मजदूरों के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव पहुंचाने का निर्देश दिया है।

## मुख्यमंत्री ने रोहतास में 480 एवं कैमूर में 209 करोड़ की योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# रोहतास में लगेंगे नये उद्योग : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** समृद्धि यात्रा के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को रोहतास जिले के डिहरी एवं कैमूर जिले में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने रोहतास में 480 एवं कैमूर में 209 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। तत्पश्चात डिहरी ऑन-सोन के बीएमपी ग्राउंड नंबर-2 में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य लगातार विकास कर रहा है। इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले 5 वर्षों में और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। केन्द्र का भी पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। श्री कुमार ने कहा कि रोहतास में विकास के कई कार्य कराये गये हैं। हमलोग 20 साल से लगातार बिहार के विकास में लगे हैं। वर्ष 2005 से पहले की सरकार ने कुछ नहीं किया। आपको याद होगा कि रोहतास का पहले क्या हाल था। पटना से रोहतास आने का रास्ता बहुत खराब था तथा आवागमन में बहुत समय लगता था। जिले के अंदर वाले क्षेत्रों तथा आसपास के जिलों में आना-जाना बहुत



कठिन था। पूरे जिले में बिजली का हाल बहुत बुरा था। हमारी सरकार ने 2005 से ही रोहतास में विकास के सभी काम कराये हैं। पटना से रोहतास तक अच्छी सड़क का निर्माण करा दिया गया है। रोहतास में अनेक पुलों एवं पथों का निर्माण कराया गया है। नासरीगंज से कोईलवर तक नया स्टेट हाइवे का निर्माण कराया गया है। सासाराम में नये बाईपास का निर्माण कराया है। इंजीनियरिंग कालेज एवं पालिटेक्निक संस्थान की स्थापना की गयी है। महिला आईटीआई एवं सभी अनुमंडलों में आईटीआई की स्थापना की गयी है। जीएनएम संस्थान एवं पारा मेडिकल संस्थान की स्थापना की गयी है। कर्पूरी ठाकुर छात्रावास एवं दो आवासीय विद्यालयों का निर्माण कराया गया है। दुर्गावती जलाशय योजना का नये सिरे से निर्माण कराया गया है। सोन नहरों का जीर्णोद्धार तथा मलई बराज योजना का निर्माण कराया गया है। वर्ष 2024 के दिसम्बर एवं 2025 के जनवरी-फरवरी माह में मैंने प्रगति यात्रा के दौरान सभी जिलों में जाकर विकास कार्यों को देखा और जो कमी रही उसे पूरा करने के लिए कई योजनाओं की स्वीकृति दी। रोहतास जिले की भी नौ योजनाओं की स्वीकृति दी गयी, जिन पर काम चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूरा किया जायेगा। रेहल से चौरासन मंदिर तक पथ का निर्माण किया जा रहा है। कांव नदी पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। सासाराम शहर के 4 बड़े एवं मुख्य पथों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इन्द्रपुरी में हाट का निर्माण किया जा रहा है। डिहरी में औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। कोचस में नये बस स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। नोमा नहर पर पुल का निर्माण किया जा रहा है। रोहतास में औद्योगिक क्षेत्र (शेष पृष्ठ 11 पर)

# कैमूर में सुनसान पहाड़ पर हाई सिक्योरिटी जेल बनाएगी बिहार सरकार : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के लिए कैमूर जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने करोड़ों की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। सीएम के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी यात्रा में मौजूद रहे। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सम्राट चौधरी ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा, कैमूर के अधौरा पहाड़ पर बिहार सरकार हाई सिक्योरिटी जेल बनाएगी। इस जेल में खूंखार आतंकवादियों को रखा जाएगा। इस दौरान सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश कुमार की जमकर तारीफ की। सम्राट चौधरी ने कहा, कैमूर में पहाड़ों पर कोई व्यवस्था नहीं थी। लेकिन सरकार ने उस पहाड़ पर भी डिग्री कॉलेज खोला। साथ ही उन्होंने यह भी कहा, बिहार का विकास चारों तरफ दिख रहा है। कहीं सड़क तो कहीं बिजली और पानी पहुंचाया गया। इसके अलावा भी उन्होंने कई उपलब्धियां गिनवाई। इससे पहले फरवरी 2026 में



भी सुनसान पहाड़ पर जेल बनाए जाने की घोषणा सम्राट चौधरी ने की थी। उन्होंने बताया था कि अपराधियों के लिए हाई सिक्योरिटी जेल पहाड़ पर बनेंगे, जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं होगा। यहां आने-जाने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता होगा और इस रास्ते में चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखी जाएगी। इतना ही नहीं, बाहरी दुनिया से इसे बिल्कुल अलग रखा जाएगा। जेल के आस-पास कोई व्यक्ति भी भटक नहीं सकेगा। इस जेल में अति गंभीर श्रेणी में आने वाले अपराधियों को रखा जाएगा।

# काम पर नहीं लौटने वाले राजस्व अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में हड़ताल कर रहे राजस्व अधिकारियों को डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने बड़ा अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर हड़ताल पर गए अधिकारी 25 मार्च तक काम पर नहीं लौटे हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिंह ने हड़ताली अधिकारियों के सामूहिक अवकाश को अवैध करार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार राजस्व सेवा के कुछ पदाधिकारियों द्वारा 9 मार्च से घोषित सामूहिक अवकाश न केवल नियमों के विरुद्ध है बल्कि इससे आम जनता के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार जनहित और प्रशासनिक व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा और उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाले भूमि सुधार जनकल्याण संवाद जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के मद्देनज़र राजस्व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे समय में कार्य से अनुपस्थित रहना गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी (शेष पृष्ठ 11 पर)

# नीतीश कुमार चौथी बार बने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष

## जदयू राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को चौथी बार जदयू के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी से जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने नीतीश कुमार के निर्वाचन का प्रमाण पत्र हासिल किया। जदयू की राष्ट्रीय कमेटी के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अभी जो कमेटी है वह काम करती रहेगी। अगले महीने यानी अप्रैल में पटना में आयोजित होने वाले जदयू के राष्ट्रीय परिषद की बैठक में आगे का निर्णय लिया जाएगा। इस बीच जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चौथी बार निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना केवल एक संगठनात्मक प्रक्रिया नहीं बल्कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों के अटूट विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत संगठनात्मक क्षमता और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण की स्वाभाविक स्वीकृति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में जद (यू) संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा तथा देश और समाज के प्रति अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को नई ऊर्ज़ा के साथ आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक अवसर पर गौरवान्वित



फाइल फोटो

है और उनके नेतृत्व में जद (यू) आने वाले समय में राजनीतिक शिखर को छुएगा। यह उपलब्धि इस बात को स्पष्ट करती है कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता, नेता और समर्थक का उन पर अटूट भरोसा है। उनके नेतृत्व में जेडीयू ने हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति, समावेशी विकास और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के संकल्प को प्राथमिकता दी है। आज जब देश की राजनीति एक नए दौर से गुजर रही है, ऐसे समय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पार्टी के लिए नई ऊर्ज़ा, नई दिशा और नए संकल्प का अवसर है। श्री प्रसाद ने कहा कि जद (यू) का प्रत्येक कार्यकर्ता इस ऐतिहासिक क्षण पर गौरवान्वित है और संकल्प लेता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी की विचारधारा, नीतियों और जनसेवा के संकल्प को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य और अधिक मजबूती से किया जाएगा।

### इस सप्ताह जारी होगा मैट्रिक का रिजल्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए काम की खबर है। जानकारी के मुताबिक 12वीं कक्षा के परिणाम जारी होने के बाद अब 25 से 30 मार्च के बीच कभी भी मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकता है। नतीजों को लेकर बीएसइबी एक्स हैंडल पर जल्द ही डेट एवं समय की घोषणा करेगा। बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट रिजल्ट की तरह ही शिक्षा मंत्री सुनील कुमार द्वारा रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। नतीजे प्रेस वार्ता में जारी होते ही वेबसाइट biharboard-online.bihar.gov.in, biharboardonline.com पर लिंक एक्टिव हो जायेगा जहां से छात्र या उनके माता-पिता सीधे रिजल्ट चेक करने के साथ ही मार्कशीट डाउनलोड कर पाएंगे। बिहार बोर्ड हाई स्कूल परीक्षाफल जारी होने के साथ ही शिक्षा मंत्री द्वारा राज्य में टॉप करने वाले स्टूडेंट्स की लिस्ट भी जारी की जाएगी। टॉपर्स को बिहार मेधा दिवस यानी कि 3 दिसंबर को राज्य सरकार की ओर से सम्मानित किया जायेगा। राज्य में पहले स्थान पर रहने वाले छात्रों को दो लाख रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को 1.5 लाख रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाले छात्रों को एक लाख रुपये की पुरस्कार धनराशि प्रदान की जाएगी।







# भोजपुरी केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता की आत्मा : डा. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली/पटना, गया।** नई दिल्ली की पावन भूमि पर पूर्वांचल एकता मंच द्वारा आयोजित 13वें विश्व भोजपुरी सम्मेलन 2026 के भव्य दो दिवसीय कार्यक्रम में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन में उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत हर्ष और गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध भाषा, परंपरा और अस्मिता का जीवंत उत्सव है। अपने संबोधन में उन्होंने भोजपुरी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भोजपुरी केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता की आत्मा है। इसकी मिठास, सरलता और आत्मीयता विश्वभर में बसे करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने उल्लेख किया कि आज मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम तथा त्रिनिदाद एवं टोबैगो जैसे अनेक देशों में भोजपुरी की गूंज सुनाई देती है जो हमारे पूर्वजों के परिश्रम और त्याग की अमिट पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि भोजपुरी भाषा और संस्कृति ने भारतीय लोकजीवन को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोकगीत, लोकनृत्य, पर्व-त्योहार और परंपराएं समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देती है। उन्होंने इस अमूल्य धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने तथा आधुनिक तकनीक के साथ जोड़कर इसे और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। पूर्वांचल एकता मंच के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भोजपुरी समाज को वैश्विक मंच प्रदान करते हैं तथा आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करते हैं। डिजिटल युग की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने भोजपुरी भाषा को साहित्य, सिनेमा, शिक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाषा के सशक्त होने से हमारी पहचान भी और अधिक मजबूत होती है। अंत में डॉ प्रेम कुमार ने सभी से भोजपुरी भाषा और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया और इसे हमारे पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकों एवं प्रतिभागियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# मगध विश्वविद्यालय बना बिहार दिवस समारोह का ओवरऑल चैंपियन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया/पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आज भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम, डीएसडब्ल्यू प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के गणमान्य शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार मंच पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कुलपति प्रो. शाही ने बिहार दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री के सपनों के बिहार के निर्माण का आह्वान किया। उन्होंने बिहार की अस्मिता और गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा शोध एवं समसामयिक मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने की अपील की। तीन दिनों तक चले इस आयोजन में पटना विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, मगध विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय सहित कई विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं–नृत्य, संगीत, वादन, रंगोली, मेहंदी, अभिनय एवं वाद-विवाद–में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। समग्र प्रदर्शन के आधार पर मगध विश्वविद्यालय को ओवरऑल विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई जबकि पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय उपविजेता घोषित हुआ। समारोह में डॉ परम प्रकाश राय डॉ. मोहम्मद शमशाद अंसारी, डॉ. जन्मेजय सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. राकेश कुमार, राहुल कुमार, अविनाश कुमार, डॉ. आभा सिंह, डॉ. कविता सिंह, डॉ. श्वेता गोयल, डॉ. अन्य स्वराज, डॉ. वंदना सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. एकता वर्मा, डॉ. ममता एवं डॉ. मीनाक्षी ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सम्मेलन कक्ष में कलस्टर शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के पटना क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पंजीकृत औद्योगिक इकाईयों को वेब पोर्टल पर अपने वार्षिक उधोग सर्वेक्षण रिटर्न्स स्वंय भरने एवं सर्वेक्षण कार्य के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए 24 मार्च 2026 को कर्पूरी ठाकुर सदन, आशियाना दीघा रोड, पटना के केंद्रीय लोक निर्माण विभाग सम्मेलन कक्ष में एक क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 20 औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। रोशन लाल साहू, उप महानिदेशक एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने रिटर्न्स को वेब पोर्टल पर स्वंय संकलन के लिए औद्योगिक इकाईयों के प्रबंधक को उत्साहपूर्ण प्रयास करने की अपील की। औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये उप महानिदेशक ने कहा कि अर्थव्यवस्था के बदलते हुए परिदृश्य में सरकार के नीति निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु औद्योगिक इकाईयों द्वारा समय पर एएसआइ रिटर्न का स्वंय संकलन किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है। स्वागत भाषण राजीव कुमार झा, सहायक निदेशक ने दिया। देवेंद्र कुमार, धीरेन्द्र नाथ प्रसाद के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारियों अमिताभ पाठक कमलेश प्रधान दिलीप कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, जीतेंद्र राय, सुबोध कुमार, चन्दन कुमार एवं सुमित कुमार ने उपस्थित प्रतिभागियों को वेब पोर्टल पर अपना रिटर्न्स भरने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सम्मिलित कुछ महत्वपूर्ण औधोगिक इकाईयों इत्यादि के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मंच संचालन मंजूषा कुमारी, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी ने किया।

# प्रो. रत्ना अमृत के मार्गदर्शन में बीडी कॉलेज में 'कैंपस टू कलेक्टरेट' सेमिनार का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बीडी कॉलेज, पटना ने स्टडीआईक्यू आइएएस के सहयोग से 'कैंपस टू कलेक्टरेट' (कलेक्टरेट) सेमिनार का सफल आयोजन किया। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के सक्षम मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को यूपीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। सत्र में विद्यार्थियों के लिए एक रोचक क्विज भी आयोजित किया गया जिसने उनकी सहभागिता को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सीमा कुमारी एवं डॉ. विनिता तिवारी द्वारा किया गया जिसमें संकाय सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा। यह पहल विद्यार्थियों को सिविल सेवा की ओर प्रेरित करने तथा उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन देने का एक सार्थक प्रयास है।

# डॉ. संजय मयूख ने परिवार संग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्पित किया अर्घ्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महान पर्व चैती छठ के अवसर पर राजधानी पटना के विभिन्न घाटों पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसी क्रम में विधान पार्षद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संजय मयूख ने अपनी धर्मपत्नी एवं परिजनों के साथ विधि-विधानपूर्वक अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर प्रदेश एवं देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच पारंपरिक लोकगीतों, वेद मंत्रों और भक्ति भाव से सराबोर वातावरण ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। व्रती महिलाएं एवं पुरुष कमर तक जल में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद दिखा। डॉ. मयूख ने कहा कि छठ पर्व भारतीय संस्कृति की आत्मा है जिसमें प्रकृति, अनुशासन, तप और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें सामाजिक एकता, पारिवारिक मूल्यों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने व्रती महिलाओं के कठोर तप, संयम और आस्था की विशेष सराहना करते हुए कहा कि छठ महापर्व समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और लोगों को एक सूत्र में बांधता है। गौरतलब है कि चैती छठ के अवसर पर पटना सहित पूरे बिहार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ घाटों पर उमड़ती है जहां चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाती है।

# 25 मार्च तक काम पर लौटें, वरना होगी कड़ी कार्रवाई : विजय सिन्हा

## सरकार सख्त, राजस्व अधिकारियों की हड़ताल अवैध घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य में हड़ताली राजस्व अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए सामूहिक अवकाश को अवैध करार दिया है। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि निर्धारित समयसीमा 25 मार्च तक कार्य पर नहीं लौटने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव आजीव वत्सराज के स्तर से विभागीय पत्र भी जारी कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार राजस्व सेवा के कुछ पदाधिकारियों द्वारा 9 मार्च 2026 से घोषित सामूहिक अवकाश न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि इससे आम जनता के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार जनहित और प्रशासनिक व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा तथा उनके नेतृत्व में आयोजित होने वाले भूमि सुधार जनकल्याण संवाद जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के मद्देनजर राजस्व पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है।

# केवाइपी केंद्र 'विशाल युवा केंद्र' में नामांकन प्रभावित

## उच्च न्यायालय के आदेश के बाद संचालक ने विभाग से की त्वरित कार्रवाई की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा / वैशाली।** वैशाली जिले के जंदाहा स्थित विशाल युवा केंद्र से जुड़ा एक महत्वपूर्ण मामला सामने आया है जहां केंद्र के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने नामांकन में आई कमी और केंद्र के स्वामित्व विवाद को लेकर गंभीर मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने बिहार सरकार के संबंधित विभाग को आवेदन देकर पटना उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन की मांग की है। डॉ. झा ने बताया कि वे वर्ष 2017 से लगातार उक्त केंद्र का संचालन कर रहे हैं तथा भवन, स्टाफ, कंप्यूटर, सर्वर, इंटरनेट, बिजली सहित सभी संसाधनों का खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं। इसके बावजूद, उन्हें अब तक केंद्र के स्वामित्व का अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र में नामांकन नहीं होना विभागीय व्यवस्था और वित्तीय बाधाओं का परिणाम है। विशेष रूप से केंद्र के नाम से बैंक खाता स्वीकृत नहीं होने के कारण वित्तीय लेन-देन में पारदर्शिता प्रभावित होती है जिससे विश्वास का संकट उत्पन्न होता है। डॉ. झा ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित संस्था (एक एन. जी.ओ.) के पदाधिकारियों द्वारा लगभग 21 लाख की राशि रोकी गई है। साथ ही उनके पक्ष में जारी 5-5 लाख के दो चेक भी बाउंस हो गए जिनसे संबंधित मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। उल्लेखनीय है कि यह योजना प्रारंभ में श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के अधीन संचालित होती थी, किन्तु वर्तमान में यह युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के अधीन संचालित की जा रही है। इस मामले में डॉ. झा द्वारा दायर वाद में पटना उच्च न्यायालय ने वैकल्पिक उपाय अपनाने की स्वतंत्रता प्रदान की है। इसके आलोक में उन्होंने विभाग से आग्रह किया है कि केवाईपी कोड का स्वामित्व उन्हें प्रदान किया जाए क्योंकि वास्तविक रूप से केंद्र का संचालन एवं प्रबंधन वे ही कर रहे हैं। डॉ. झा ने बिहार कौशल विकास मिशन एवं संबंधित विभाग से यह भी मांग की है कि केंद्र के नाम से बैंक खाता शीघ्र स्वीकृत किया जाए तथा लंबित मामलों का निष्पादन किया जाए, ताकि केंद्र पुनः पूर्ण क्षमता से संचालित हो सके और स्थानीय युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके।

# डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेल खंड पर 180 किमी प्रति घंटे की गति से होगा ट्रायल व निरीक्षण

## जनसामान्य रेलवे लाइन से दूर रहें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के अंतर्गत डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेलखंड में रेल परिचालन की 180 किमी प्रति घंटा की अधिकतम गति क्षमता तक वृद्धि हेतु अवसंरचना उन्नयन कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मार्च 2026, बुधवार को डीडीयू-गया-प्रधानखांटा रेलखंड में मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस ट्रायल ट्रेन से 180 किमी प्रतिघंटा तक की अधिकतम गति के साथ परिचालन हेतु निरीक्षण सह ट्रायल किया जाना है। पहले ट्रेन डाउन दिशा में डीडीयू जंक्शन से चलकर गया जंक्शन होते हुए आगे प्रधानखांटा तक जाएगी, फिर अप दिशा में डीडीयू जंक्शन वापस आयेगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डीडीयू - गया - प्रधानखांटा रेलखंड में 180 किमी प्रति घंटा पर दोनों ओर से प्रस्तावित स्पीड ट्रायल को देखते हुए 25.03.2026 मंगलवार को दिन भर रेलवे ट्रैक से पर्याप्त सुरक्षात्मक दूरी बनाए रखें। सभी जन सामान्य रेल लाइन के निकट न आएं तथा मवेशियों को भी रेल लाइन से दूर रखें। सभी समपार फाटक पर सभी संकेतों एवं निर्देशों का पालन करें।

# बाबा साहब की जयंती की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक

## बिहार भाजपा 92 हजार बूथों पर मनाएगी बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार भाजपा आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाएगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा तथा जिला से लेकर बूथों तक में जयंती को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बाबा साहेब की जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखेन्द्र पासवान, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री भिखूभाई दलसनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष अनामिका पासवान भी उपस्थित रहे। बैठक में 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती को भव्य और धूमधाम तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई और बैठक में कार्यक्रम को लेकर कार्ययोजना भी बनाई गई। बैठक में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

# बच्चों को कृमि मुक्त करने के लिए चलेगा अभियान : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों को कृमि संक्रमण से मुक्त कर उनका समग्र शारीरिक एवं बौद्धिक विकास सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इस दिशा में 25 मार्च 2026 को राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस के तहत राज्य के चयनित चार जिलों - अररिया, अरवल, किशनगंज एवं मधेपुरा में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक दी जाएगी। वहीं, जो बच्चे किसी कारणवश इस दिन दवा लेने से वंचित रह जाएंगे उन्हें 30 मार्च 2026 को आयोजित मॉप-अप डे के दौरान दवा खिलाई जाएगी। कृमि संक्रमण दूषित मिट्टी और अस्वच्छता के कारण फैलता है जिससे बच्चों के पोषण स्तर और हीमोग्लोबिन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए बहु-विभागीय समन्वय के साथ व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित अन्य विभागों का सहयोग लिया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों, मदरसों, संस्कृत विद्यालयों तथा तकनीकी संस्थानों (पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि) में बच्चों को दवा दी जाएगी।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया स्वच्छता का संदेश

## बिहार दिवस के अंतिम दिन सम्मानित किए गए कलाकार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पटना के गांधी मैदान में बिहार दिवस समारोह के तीसरे दिन पटना नगर निगम की सांस्कृतिक टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का अलख जगाया गया। इस अवसर पर पटना की मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के लिए अपील की। उन्होंने पटनावासियों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मेयर सीता साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जीवनशैली है। हमें अपने रोजमर्रा के व्यवहार और आदतों में सुधार लाना होगा। मेयर सीता साहू ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखना होगा और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि पटना नगर निगम स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम कर रहा है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।

मेयर सीता साहू ने पटनावासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियानों में भाग लें और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर पटना को स्वच्छतम शहर बनाना होगा। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू नवगीत ने कहा कि सभी मिलकर स्वच्छता के लिए प्रयास करें।

# सम्राट अशोक की जयंती पर भव्य रथ यात्रा व अशोक रत्न अवार्ड का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज के द्वारा महान सम्राट अशोक की 2370 वीं जयंती समारोह, सम्राट अशोक रत्न अवार्ड 2026 सह भव्य रथ यात्रा के आयोजन को लेकर पटना में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागमणि कुशवाहा ने जानकारी दी कि यह भव्य कार्यक्रम 26 मार्च 2026 को आयोजित किया जाएगा, इसी को लेकर यह प्रेस वार्ता आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसकी शुरुआत वर्ष 2009 से लगातार की जा रही है।

# अब नहीं चलेगी गड़बड़ी, नगर निकायों पर सीएजी की नजर

## अब सभी नगर निकायों की ऑडिट कराई जाएगी सीएजी से : उप मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति के तहत बिहार सरकार अब राज्य के सभी नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार (सीएजी) से कराएगी। इसकी घोषणा राज्य के उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में की। उन्होंने कहा कि ऑडिट में गड़बड़ी पाए जाने पर जवाबदेह कार्यपालक पदाधिकारियों (ईओ) और अभियंताओं पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपमुख्यमंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री विजय कुमार सिन्हा मंगलवार को अपनी सरकार के सौ दिन पूरे होने पर उसकी उपलब्धियों की चर्चा कर रहे थे। इस मौके पर विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में यह पहला मौका है जब नगर निकायों की ऑडिट महालेखाकार से कराने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब तक नगर निकायों की ऑडिट चार्टर एकाउंटेंट के द्वारा कराई जाती रही है। सीएजी के द्वारा ऑडिट कराए जाने से नगर निकायों में व्याप्त भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आएंगे। जिससे जिम्मेदार पदाधिकारियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि बिहार तेजी से बदलते विकास के परिदृश्य के बीच शहरीकरण की नई संभावनों के द्वार खोल रहा है। वर्तमान में बिहार की 15.6 प्रतिशत आबादी ही शहरी क्षेत्रों में निवास करती है जो राष्ट्रीय औसत 36 प्रतिशत से काफी कम है। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने पिछले दिनों राज्य में 11 नए टाउनशिप विकसित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इन टाउनशिप में नौ प्रमंडलीय मुख्यालयों के साथ-साथ सीतामढ़ी और सोनपुर को भी शामिल किया गया है जिससे संतुलित एवं योजनाबद्ध शहरी विकास को गति मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार शहरी स्वच्छता और कर प्रणाली में भी व्यापक सुधार ला रही है। नगर निकायों को 30 दिनों में स्वच्छता और टैक्स व्यवस्था में सुधार करने का निर्देश जारी कर दिया गया है।

# बिहार में मसूर की सरकारी खरीद को मिली मंजूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार के किसानों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। बिहार सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा रबी 2026 मौसम में बिहार से 32,000 मीट्रिक टन मसूर की खरीद के लिए मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। अभी तक बिहार में सिर्फ धान एवं गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद होती थी, लेकिन अब बिहार में दलहन फसल की भी खरीद होगी। बिहार के किसानों के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों की आय बढ़ाने तथा दलहन उत्पादन को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के तहत किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मसूर की खरीद की जाएगी तथा भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# बिहार तेजी से विकास की ओर, 2030 तक बनेगा समृद्ध राज्य : नीतीश कुमार






**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान रोहतास जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार तेजी से समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक राज्य को विकसित व समृद्ध बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में हर जिले में उद्योग स्थापित किए जाएंगे और प्रत्येक व्यक्ति की आय दोगुनी करने की दिशा में काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं थी, लेकिन उनकी सरकार बनने के बाद बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए हैं। आज हालात यह है कि महिलाएं देर रात तक सुरक्षित आवागमन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के हर घर तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है और घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है, साथ ही 50 लाख घरों में सोलर ऊर्जा लगाने की योजना पर काम हो रहा है।

उन्होंने रोजगार के मुद्दे पर कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयासरत है। महिला सशक्तिकरण को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस में महिलाओं की भागीदारी देश में सबसे अधिक है। कृषि क्षेत्र में भी बदलाव की बात करते हुए उन्होंने कहा कि नई नीतियों के कारण अनाज, फल, सब्जी और मछली उत्पादन में वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के सहयोग का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राज्य को वित्तीय और नैतिक समर्थन मिल रहा है जिससे विकास कार्यों को गति मिली है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में बिहार में 1.40 लाख किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है और 8000 पंचायतों में हाई स्कूल खोले गए हैं। उन्होंने बताया कि जहां डिग्री कॉलेज नहीं हैं, वहां जल्द ही खोले जाएंगे। राज्य से बाहर काम करने वाले मजदूरों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और उद्योग स्थापना के लिए सरकार मुफ्त जमीन भी उपलब्ध करा रही है। सभा को जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और शिक्षा मंत्री व जिला के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मंत्री दीपक प्रकाश, डिहरी विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह, मुरारी प्रसाद गौतम, स्नेह लता, वशिष्ठ सिंह, आलोक सिंह, नागेन्द्र चन्द्रवंशी, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल, जदयू जिलाध्यक्ष बिन्दा चन्द्रवंशी, जीविका दीदी सहित एनडीए के कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। खास बात यह रही कि सभा में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अधिक रही।

## डिहरी में विकास योजनाओं का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'समृद्धि यात्रा' के पांचवें चरण के तहत डिहरी में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण भी किया। उनके आगमन पर जिलाधिकारी उदिता सिंह और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने उनका स्वागत किया। उन्होंने सोन नदी पर निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के इंटेक वेल का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता और गति की समीक्षा की तथा समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रस्तावित वेयर निर्माण स्थल का भी जायजा लिया और जल संरक्षण की दिशा में इस परियोजना की महत्ता पर जोर दिया। बस्तीपुर में भी मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने लाभुकों से संवाद कर योजनाओं के प्रभाव का फीडबैक भी लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 158.59 करोड़ रुपये की लागत से पूरी हुई 179 योजनाओं का उद्घाटन किया जबकि 321.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली 129 नई योजनाओं का शिलान्यास भी किया। इन योजनाओं में पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं। बीएमपी ग्राउंड-2 में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और 'समृद्धि यात्रा' के माध्यम से विकास कार्यों की निगरानी की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि केंद्र और राज्य सरकार का साझा लक्ष्य बिहार को एक सशक्त और समृद्ध राज्य बनाना है।

## ज्योत्सना भारती ने इंटर कला में 429 अंक प्राप्त कर प्रखंड का नाम किया रोशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दावथ प्रखंड के दावथ निवासी शिक्षक प्रदीप गिरि की पुत्री ज्योत्सना भारती ने कला संकाय में 429 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय नाम रोशन किया है। वही राघव डिहरा के रहने वाली छात्र रश्मि कुमारी ने 420 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। उनकी इस शानदार सफलता से परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत दीपक, शिक्षक, अभिषेक कुमार, काली किंकर सिंह, शिक्षिका संगीता बिजलानी, रीना कुमारी, समाजसेवी मनोज सिंह, भरत प्रसाद गंगासागर कुशवाहा, हैदर सिद्दीकी पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, सरपंच विजय बहादुर सिंह सहित कई लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## ट्रेन में लावारिस बैग से 28.290 किलोग्राम गांजा बरामद, आरपीएफ ने जीआरपी सोननगर को सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ट्रेन में लावारिस हालत में रखे बैग से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया। बरामद गांजे का कुल वजन 28 किलो 290 ग्राम बताया गया है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 लाख 14 हजार 500 रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार निरीक्षक प्रभारी चंदन कुमार, रेलवे सुरक्षा बल अपराध आसूचना शाखा गया के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई थी। इस टीम में सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, आरक्षी दीपक कुमार ओझा, आरक्षी नवीन पांडे एवं आरक्षी रोशन कुमार शामिल थे। टीम गया जंक्शन पर गाड़ी संख्या 12801 अप में आपराधिक गतिविधियों की निगरानी एवं चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान ट्रेन के इंजन से दूसरे साधारण कोच में सीट के नीचे दो पिट्ठू बैग एवं दो थैले लावारिस हालत में रखे मिले। संदेह होने पर आसपास के यात्रियों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी बैग पर अपना दावा नहीं किया। इसके बाद अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरपीएफ उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार एवं आरक्षी मुन्ना राम गौंड के सहयोग से बैग को उतारकर यात्री शेड के पास जांच की गई। तलाशी के दौरान चारों बैग एवं थैलों से कुल 28.290 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरपीएफ ने मौके पर सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए बरामद गांजा को सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी द्वारा लिखित शिकायत के साथ आगे की कार्रवाई के लिए राजकीय रेल थाना (जीआरपी) सोननगर को सौंप दिया। फिलहाल मामले में आगे की जांच जारी है।

## डिहरी सिविल कोर्ट के न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार को भावभीनी विदाई, छपरा स्थानांतरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी सिविल कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार का स्थानांतरण छपरा अदालत में होने पर डिहरी विधिज्ञ संघ द्वारा सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संघ के पूर्व अध्यक्ष उमा शंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे ने किया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने उन्हें अंगवस्त्र एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह को संबोधित करते हुए उमा शंकर पांडे ने कहा कि प्रवीण कुमार एक ईमानदार, निष्पक्ष एवं कर्तव्यनिष्ठ न्यायाधीश रहे हैं जिन्होंने अपने कार्यकाल में सभी पक्षों को समान न्याय देने का कार्य किया। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं न्याय के आश्रितों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा संघ को भी सकारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया। सम्मान सह विदाई समारोह में अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी रजत दीप मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर अधिवक्ता मनोज पांडे, मनीषा दुबे, श्वेता पांडे, प्रवीण दुबे, रंजीत दूबे, महेंद्र पांडे, अभय दुबे, चन्द्रिका राम, समाजसेवी अख्तर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## समृद्धि यात्रा तिलौथू माध्यमिक विद्यालय में इसरो की उपलब्धियों की भव्य प्रदर्शनी

### विद्यार्थियों ने बिखेरा प्रतिभा का जलवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** समृद्धि यात्रा 2026 के अंतर्गत जिला शिक्षा विभाग द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर आधारित एक भव्य, आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के प्रति नई चेतना और उत्साह का संचार किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मैकू राम, शिक्षिका नूतन कुमारी, शिक्षक रविरंजन कुमार सहित आयुष कुमार, पवन कुमार, अभिषेक, तलत, रोजी, नीतू, अनु एवं रुपाली जैसे छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रदर्शनी में थ्री-डी प्रिंटिंग, टेलीस्कोप, ड्रोन, चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल, जीएसएलवी तथा मंगलयान जैसे ऐतिहासिक अभियानों को सृजनात्मक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने जटिल वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाते हुए अपने ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रस्तुति कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन केवल एक प्रदर्शनी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य को नई दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत बन गया जिसने शिक्षा, विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार किया।

## अनुमंडल भर में धूमधाम से मना छठ महापर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** छठ महापर्व के तीसरे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ छठ पूजा की। बिक्रमगंज शहर के काव नदी के किनारे स्थित काशी घाट और अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। वही काराकाट प्रखंड के देव मारकंडे गोडारी, संझौली शिव सरोवर, दिनारा में भलुनी धाम के प्रसिद्ध तालाब पर, हाई स्कूल के पास एवं नहर पर, सूर्यपुरा बाजार बड़ा तालाब, दावथ सूर्य मंदिर एवं कुवैत के योगिनी शिव मंदिर के पास व्रती महिलाओं ने जलाशय में खड़े होकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंगलवार सुबह से ही घरों में व्रती महिलाएं पूजा के लिए पकवान और अन्य सामग्री तैयार करने में जुटी थीं। शाम होते ही वे पूजा सामग्री लेकर छठ घाटों पर पहुंच गईं। सबसे पहले दीपक जलाकर छठ मैया की पूजा की गई। व्रती पुरुष - महिलाओं द्वारा जलाशय में छठ मैया और भगवान सूर्य को दीपक अर्पित किया गया। तदंतर, व्रती पुरुष - महिलाओं ने जल में उतरकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। उन्होंने भगवान भास्कर से अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बांस की टोकरी में कच्ची अदरक, कच्ची हल्दी, मौसमी फल और जलता हुआ दीपक रखकर सूर्य भगवान को अर्पित किया गया। छठ घाटों पर उत्साह का माहौल देखने को मिला एवं छठ घाटों पर छठ मैया और भगवान भास्कर के जयकारे गूंजते रहे। महिलाएं भगवान भास्कर एवं छठी मईया से संबंधित भोजपुरी गीत गाती रही। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मेले जैसा माहौल बन गया था। जरूरतमंदों को दान स्वरूप भेंट भी किया गया। बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही इस महापर्व का विधिवत समापन होगा। लोगों में छठ पर्व को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

## अयोध्या से आई कथावाचक के सानिध्य में श्रीराम चरित मानस कथा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज में मां दुर्गा मंदिर के पास श्रीरामचरित मानस कथा का आयोजन हो रहा है जिसमें अयोध्या से आई साध्वी शैलप्रिया पांडेय श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के जीवन के बारे में बता रही हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने पिता की आज्ञा, परिवार और प्रजा के प्रति जिम्मेदारी को दिखाया है जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कथा के दौरान 'जय श्रीराम' के जयकारों से पंडाल गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति में लीन दिखे। 26 मार्च तक चलने वाली इस कथा से श्रद्धालु काफी प्रभावित हो रहे हैं और इसे अपने जीवन में प्रेरणा का स्रोत मान रहे हैं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और भजन-कीर्तन ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा देने के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। आयोजकों की योजना है कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएं जिससे समाज में सकारात्मकता और भक्ति की भावना को और अधिक प्रोत्साहित किया जा सके। साध्वी शैलप्रिया पांडेय के प्रवचन से प्रभावित होकर श्रद्धालु अपने जीवन में श्रीराम के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। यह आयोजन समाज में धार्मिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

## बिक्रमगंज में बिजली चोरी के खिलाफ विभाग ने की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग ने बिजली चोरी रोकने और राजस्व वसूली के लिए सख्त अभियान चलाया है। इसी क्रम में बिक्रमगंज, दावथ और संझौली प्रखंड में छापेमारी कर सात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।विभाग की टीम ने कई उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा। इनमें मीटर बाईपास कर सीधे लाइन से बिजली लेना और मीटर से छेड़छाड़ कर अनियमित खपत शामिल है।जिन लोगों पर कार्रवाई हुई है, उनमें संझौली के औराई निवासी इसफाक अंसारी (जुर्माना - 10,650 रुपये), समीर हुसैन (28,095

## सासाराम में न्यायिक पदाधिकारियों को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बाल कल्याण समिति, सासाराम में स्थानांतरित न्यायिक पदाधिकारियों के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति-जनजाति विशेष न्यायालय की न्यायाधीश कुमारी ज्योत्सना, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मुकेश मिश्रा तथा किशोर न्याय परिषद के प्रधान दंडाधिकारी अमित कुमार पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी न्यायिक पदाधिकारियों को अंगवस्त्र, माता ताराचंडी की प्रतिमा एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का माहौल भावुक होने के साथ-साथ गरिमामय भी रहा जहां उपस्थित लोगों ने अधिकारियों के कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में न्यायाधीश कुमारी ज्योत्सना ने कहा कि सासाराम में लंबे समय तक सेवा देने का अवसर उनके लिए अत्यंत गौरवपूर्ण रहा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ट्रैक मशीन संगठन**
**प्लांट डिपो, पं. दीन दयाल उपाध्याय**
**ई–निविदा सूचना**
**सं०– TM_Works_BRNMod_2026/1**
**दिनांक: 20.03.2026**

उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई–निविदा) निविदा आमंत्रित की जाती है:– **ई–निविदा बंद होने की तिथि: 10.04.2026** **01, कार्य का नाम एवं लोकेशन:** "RDSO ड्राइंग DRG. No. RDSO/TM/04/11, 1, 2 एवं 3 के अनुसार TRT मशीनों के उपयोग हेतु 'BRN WAGON' को 'BASE WAGON (BRNAHS)' में संशोधन करने के लिए गैन्ट्री रेल एवं अन्य घटकों की आपूर्ति, फिटिंग एवं वेल्डिंग।", **2. कार्य का अनुमानित लागत :** रू० 27403352.27, **3. जमानत राशि:** रू० 287000.00, **4. ई–निविदा बन्द होन की तिथि एवं समय:** 10.04.2026, 15:00 बजे तक, **5. वेवसाइट जिस पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी है : www.ireps.gov.in**

**सहायक इंजीनियर (ट्रैक मशीन)**
**प्लांट डिपो/डी०डी०यू०**
पीआर/1974/प्लांट डिपोट, डी०डी०यू०/प्लांट डिपोट/टी/25–26/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**
**ई–निविदा नोटिस सं०–74 ऑफ 2025–26/ खुला/ इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। **1. निविदा सं०–37–डीडीयू–व० मं०इंजी० – I – 25–26, कार्य का नाम एवं लोकेशन :** सहायक मंडल इंजीनियर/II/डीडीयू के अधीन ब्रिज सं० 675, 678, 694, 693 के लिए पी०एस०सी० स्लैब और जैकेटिंग द्वारा प्लेट गर्डर को बदलना। **कार्य का अनुमानित लागत :** ₹ 105013157.59, **धरोहर राशि :** ₹ 675100.00, **ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 13.04.2026 को 12:00 बजे तक। **वेबसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रजी पाठ मान्य होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
पीआर/1980/डी०डी०यू०/ईएनजीजी/टी/25–26/32

**प्रपत्र –23 (ख)**
**(यथासंशोधित)**
**(नियम 110 देखिये)**
**निर्वाचन परिणाम का प्रकाशन (उपमहापौर/उपाध्यक्ष के लिए)**

नगरपालिका निर्वाचन
शहरी स्थानीय निकाय

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 110 के अनुसरण में मैं एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता हूँ कि नीचे दी गई अनुसूची के स्तंभ (1) में नामित व्यक्ति स्तंभ (2) में अंकित पद पर स्तंभ (5) में वर्णित शहरी स्थानीय निकाय के लिए सम्यक रूप में निर्वाचित हो गया है –

| व्यक्ति का नाम | पद का विवरण | | | शहरी स्थानीय निकाय जिससे पद संबंधित है (निर्वाचन क्षेत्र संख्या नाम सहित) |
|---|---|---|---|---|
| | पद | ~~आरक्षित~~/अनारक्षित | ~~महिला~~/अन्य | |
| अनिता प्रसाद | उपाध्यक्ष | अनारक्षित | अन्य | Iगढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) |

सीान – गढ़वा।
तिथि – 23.03.2026

ह0/–दिनेश कुमार यादव (भा0प्र0से0),
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 375940 (Election)25-26*D

**प्रपत्र –23 (ख)**
**(यथासंशोधित)**
**(नियम 110 देखिये)**
**निर्वाचन परिणाम का प्रकाशन**
**(उपमहापौर/उपाध्यक्ष के लिए)**

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 के नियम 110 के अनुसरण में मैं एतद्द्वारा यह अधिसूचित करता हूँ कि नीचे दी गई अनुसूची के स्तंभ (1) में नामित व्यक्ति स्तंभ (2) में अंकित पद पर स्तंभ (5) में वर्णित शहरी स्थानीय निकाय के लिए सम्यक रूप में निर्वाचित हो गया है –

| व्यक्ति का नाम | पद का विवरण | | | शहरी स्थानीय निकाय जिससे पद संबंधित है (निर्वाचन क्षेत्र संख्या नाम सहित) |
|---|---|---|---|---|
| | पद | ~~आरक्षित~~/अनारक्षित | ~~महिला~~/अन्य | |
| सुमन विश्वकर्मा | उपाध्यक्ष | अनारक्षित | अन्य | Iगढ़वा/02मझिआँव नगर पंचायत |

स्थान – गढ़वा।
तिथि – 23.03.2026

ह0/–
दिनेश कुमार यादव (भा0प्र0से0),
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–
जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा

PR 375941 Election(25-26).D

**जिला प्रशासन, गढ़वा।**
**रामनवमी पर्व को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था।**

दिनांक– 27.03.2026 को समय सुबह 10:00 बजे से दिनांक– 28.03.2026 को समय रात 01:00 बजे तक सभी प्रकार की छोटी एवं बड़ी वाहन शहर के अंदर प्रवेश नहीं करेगी जिसका रूट इस प्रकार होगा:–

1. नगरउँटारी से आने वाली बसों का बस स्टैंड कल्याणपुर ओवर ब्रीज होगा एवं छोटे वाहनों का पड़ाव टाउन हॉल मैदान होगा।
2. रंका– छतीसगढ़ के तरफ से आने वाली बसों का स्टैंड नारायणपुर ओवरब्रीज के पास होगा एवं छोटी वाहन टंडवा मोड़ तक ही आयेगी।
3. मंझिऑव कांडी के तरफ से आने वाली सभी प्रकार के बड़ी एवं छोटी वाहन का स्टैंड कर्बला मैदान होगा एवं कर्बला मैदान के बाद मंझिऑव मोड़ के तरफ कोई भी वाहन नहीं जायेगी।
4. रेहला के तरफ आने वाली सभी प्रकार के छोटी एवं बड़ी वाहन गढ़वा बस स्टैंड पर रूकेगी एवं इसके आगे कोई भी गाड़ी शहर तरफ नहीं आयेगी।
5. पलामू तरफ से आने वाली बस एवं बड़ी गाड़ी हूर मोड़ तक आयेगी एवं वैसी बस जिसे बस स्टैंड जाना है तो वैसी बस डेन्टल कॉलेज मोड़ के तरफ से बस स्टैंड के तरफ आयेगी तथा छोटी वाहन टंडवा मोड़ तक की जायेगी।
6. दिनांक– 27.03.2026 की सुबह 10:00 बजे से दिनांक– 28.03.2026 को समय रात 01:00 बजे तक कोई भी बड़ी वाहन शहर में प्रवेश नहीं करेगी।
7. सहिजना के तरफ से कोई भी वाहन रंका मोड़ के तरफ नहीं जायेगी।
8. चिनियॉ के तरफ से आने वाली वाहन कल्याणपुर ओवरब्रीज के पास रूकेगी एवं कोई भी छोटी तथा बड़ी वाहन कल्याणपुर ओवरब्रीज से शहर के तरफ नहीं जायेगी।

बस पड़ाव।

1. छतीसगढ़ से आने वाली बस नारायणपुर ओवरब्रीज
2. नगरउँटारी से आनेवाली बस कल्याणपुर ओवरब्रीज
3. पलामू तरफ से आने वाली बस–हूर ओवरब्रीज
4. रेहला के तरफ से आने वाली बस – BNT चौक
5. चिनियॉ के तरफ से आने वाली बस – कल्याणपुर ओवरब्रीज
6. मंझिऑव से आने वाली बस – कर्बला मैदान

**Auto Stand**

1. कर्बला मैदान
2. टाउन हॉल मैदान
3. टंडवा चौक

जिला परिवहन पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR 375938 Transport(25-26)D

# आइजी जितेंद्र राणा ने नालंदा में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में आगामी धार्मिक आयोजनों और वीआईपी कार्यक्रमों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। रामनवमी और चैती छठ के साथ-साथ मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' तथा 31 मार्च को राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है। इसी कड़ी में पटना रेंज के आइजी जितेंद्र राणा मंगलवार को नालंदा पहुंचे और सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। समाहरणालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने एसपी भारत सोनी की मौजूदगी में बिहारशरीफ, राजगीर और हिलसा अनुमंडल के पुलिस अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की।



बैठक में आईजी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को फील्ड में मुस्तैद रहने और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मीडिया से बातचीत में आईजी ने बताया कि जिले में होने वाले सभी जुलूसों और कार्यक्रमों के लिए लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं और असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रमजान के जुमे और मजारों पर चादरपोशी जैसे आयोजनों को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा पर्याप्त निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। साथ ही सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिला बल के अतिरिक्त बीएमपी और सैप की टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं।

## 27 मार्च को बिहारशरीफ में निकलेगी रामनवमी शोभा यात्रा

**बिहारशरीफ**। आगामी 27 मार्च को श्री रामनवमी शोभा यात्रा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जुलूस का नेतृत्व स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार करेंगे। कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अखाड़ा परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में समिति के सदस्यों ने यात्रा की विस्तृत रूपरेखा साझा की और शहरवासियों से सपरिवार शामिल होने की अपील की। समिति के सदस्य सोनू कुमार 'हिन्दू' ने बताया कि इस वर्ष शोभा यात्रा को विशेष और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाने के प्रयास किए गए हैं। झारखंड से आए कलाकारों का दल इस बार मुख्य आकर्षण होगा, जो पारंपरिक लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करेगा। उन्होंने बताया कि यात्रा में 'सिंघा बाजा' का प्रदर्शन किया जाएगा, जो अब कम ही देखने को मिलता है। इसके अलावा पारंपरिक ढोलक-झाल के साथ महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग मंडलियां लोकगीत गाते हुए चलेंगी। शोभा यात्रा की भव्यता बढ़ाने के लिए हाथी और घोड़ों का लश्कर भी शामिल रहेगा। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, जिन्हें पहचान पत्र और पास जारी किए जा रहे हैं। युवाओं की एक विशेष टीम पूरे जुलूस मार्ग पर निगरानी रखेगी। समिति ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देशानुसार डीजे पर प्रतिबंध का पालन करते हुए निर्धारित फ्रीक्वेंसी के भीतर ही साउंड बॉक्स का उपयोग किया जाएगा।

# आइएमए बिहारशरीफ की वार्षिक बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिहारशरीफ की वार्षिक आम बैठक रविवार की संध्या आईएमए भवन, बिहारशरीफ में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष पद पर डॉ. अजय कुमार सिन्हा, सचिव पद पर डॉ. धनंजय कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद पर डॉ. ब्रजेश कुमार को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए डॉ. ममता रानी, डॉ. सुजीत कुमार एवं डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह का चयन किया गया। संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. एम. हयात, डॉ. इन्द्रजीत कुमार एवं डॉ. राकेश कुमार को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिन्हा ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य टीम वर्क के माध्यम से संगठन को और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आईएमए हमेशा से एकता, ज्ञान और प्रोफेशनल गरिमा के लिए प्रतिबद्ध रहा है और आगे भी वरिष्ठ व युवा चिकित्सकों को समान अवसर प्रदान किए जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार ने की। इस दौरान वर्तमान सचिव डॉ. अभिषेक कुमार ने सत्र 2025-26 की कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि कोषाध्यक्ष डॉ. धनंजय कुमार ने लेखा-जोखा पेश किया। चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव आयुक्त डॉ. अरविन्द कुमार सिन्हा, चुनाव आयुक्त डॉ. जवाहर लाल एवं डॉ. श्याम बिहारी की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार द्वारा किया गया।

# रेड क्रॉस द्वारा दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)**। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर शहर के सूर्य मंदिर तालाब परिसर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, उप जिला शाखा हिलसा के तत्वावधान में मंगलवार से दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी अमर कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में बड़ी संख्या में छठ व्रती एवं स्थानीय लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सकों के द्वारा व्रतियों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां दी गईं तथा छठ पर्व के दौरान स्वास्थ्य को लेकर जरूरी परामर्श भी दिया गया।व्रतियों की सुविधा को लेकर विशेष पहल छठ घाटों पर उमड़ने वाली भीड़ और व्रतियों की कठिन साधना को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस द्वारा यह विशेष पहल की गई है। शिविर में प्राथमिक उपचार, ब्लड प्रेशर एवं शुगर जांच सहित अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत इलाज मिल सके। कई गणमान्य लोग रहे उपस्थित उद्घाटन के अवसर पर नगर अध्यक्ष धनंजय कुमार, समाजसेवी ऐके मानव, मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष राज किशोर प्रसाद, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार, अभिजीत कुमार, सुरेश प्रसाद, शिवेंद्र कुमार उर्फ आलोक, गणेश रजक, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मामलों का किया निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलों की सुनवाई की। इस दौरान कुल 5 परिवादी उपस्थित हुए, जिनमें से 4 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निवारण कर दिया गया, जबकि एक मामले पर आगे की कार्रवाई जारी है।

सुनवाई में रौनक कुमार द्वारा सड़क निर्माण, ललिता देवी द्वारा परिमार्जन, विकास कुमार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप निर्माण तथा नईम खान द्वारा जमाबंदी हटाने से संबंधित मामलों पर विचार किया गया। संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के बाद मामलों का निष्पादन किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम,




2015 के तहत किसी भी शिकायत का निवारण निर्धारित समय-सीमा, यानी दो माह के भीतर किया जाता है। प्रखंड एवं अनुमंडल स्तर पर भी शिकायतों के समाधान की व्यवस्था है, जहां आम नागरिक अपनी समस्याओं को रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है और अब नागरिक ऑनलाइन माध्यम से भी शिकायत एवं अपील दर्ज कर सकते हैं। इससे लोगों को त्वरित और पारदर्शी न्याय मिल रहा है।

# व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ**। मंगलवार की शाम धूमधाम और आस्था के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। बुधवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दे कर चैती छठ पर्व संपन्न हो जायेगा। बड़गांव घाट पर धीरे-धीरे चैती छठ का स्वरूप भी बड़ा होता जा रहा है। लोग इस पर्व को भी उतनी ही आस्था के साथ मनाते हैं जैसा कार्तिक मास में मनाया जाता है। बड़गांव तालाव घाट पर छठव्रतियों ने आस्था के साथ डुबकी लगायी। आस्था के महापर्व पर श्रद्धालुओं ने अस्तगामी सुर्य देवता को अर्घ्य दिया । छठ वर्ती घंटो पानी में खड़ा होकर सूर्य देवता का ध्यान करती रही। ऐसी मान्यता है कि मूलरूप सूर्य षष्ठी व्रत होने के कारण इसे छठ कहा गया है। पारिवारिक सुख-समृद्धी तथा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए यह पर्व मनाया जाता है। स्त्री और पुरुष समान रूप से इस पर्व



को मनाते हैं। छठ व्रत के सम्बन्ध में अनेक कथाएं प्रचलित हैं उनमें से एक कथा के अनुसार जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गये, तब श्री कृष्ण द्वारा बताये जाने पर द्रौपदी ने छठ व्रत रखा। तब उनकी मनोकामना पूरी हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिला। लोक परम्परा के अनुसार सूर्यदेव और छठी मइया का संबंध भाई-बहन का है। छठ पर्व पर सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन काफी चौकस नजर आया। घाट के बगल में ही कंट्रोल कैम्प बनाया गया था। जहां अधिकारी देर शाम तक जमे रहे। वहीं नालन्दा थाना प्रभारी दलबल के साथ गश्त लगते देखे गए। व्यवस्था में सहयोग हेतु रास बिहारी इंटर विद्यालय के लगभग 40 कैडेट्स को लगाया गया था।

छठ व्रती महिलाएं लगातार 36 घंटे का कठोर व्रत रखती हैं। इस दौरान वे पानी भी ग्रहण नहीं करती। पहला दिन नहाय-खाय के रूप में मनाया जाता है। अर्घ्य के लिए बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है और व्रती के साथ परिवार तथा पड़ोस के सारे लोग अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने का दृश्य भक्तिमय होता है।

# सीएचओ के साथ हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ**। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की प्रभावी पहचान, फॉलोअप एवं प्रबंधन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि नीरज कुमार एवं मंतोष कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान, उचित रेफरल तथा निरंतर फॉलोअप पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, एचआरपी रजिस्टर को सही तरीके से संधारित एवं अद्यतन रखने की प्रक्रिया भी समझाई गई। बताया गया कि प्रत्येक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर स्तर पर एचआरपी रजिस्टर का संधारण अनिवार्य है, ताकि चिन्हित गर्भवती महिलाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित हो सके। आरोग्य दिवस सत्रों के दौरान एएनएम को निर्देश दिया गया कि वे संदिग्ध एनीमिक गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें स्वास्थ्य केंद्रों पर रेफर करें। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि पीएमएसएमए के तहत स्क्रीनिंग के बाद चिन्हित महिलाओं को नियमित फॉलोअप और समय-समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। गंभीर एनीमिया के मामलों में आयरन सुक्रोज जैसी दवाओं के उपयोग पर जोर दिया ।

# कौआकोल में एनआइटीएन साइंस क्लासेज का दबदबा बरकरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। सोमवार को घोषित इंटर बोर्ड के परीक्षा परिणाम के बाद प्रखण्ड के शैक्षणिक क्षेत्र में एक बार फिर उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए एनआईटीएन साइंस क्लासेज कौआकोल के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल की है। इसी कोचिंग में अध्यनरत प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव के प्रहलाद विश्वकर्मा की पुत्री चांदनी कुमारी ने 448 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कोचिंग के संचालक प्रमोद कुमार बर्णवाल उर्फ प्रमोद सर ने कहा कि उनके संस्थान ने शत-प्रतिशत रिजल्ट दर्ज कर यह साबित कर दिया है कि अनुशासन,समर्पण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के बल पर लगातार सफलता प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष संस्थान के



करीब 15 छात्र-छात्राओं (चांदनी-448,निक्की-444,प्रियांशु-428,पंकज-427,ईशा भारती-426,नैंसी-416,शुभम-412,रानी-411,अमित-410, श्वेता-407, आनन्द राज-402, ममता-401) ने 400 से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,जबकि शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस उपलब्धि के बाद पूरे प्रखण्ड में एनआईटीएन साइंस क्लासेज की चर्चा जोरों पर है और अभिभावकों के बीच संस्थान की विश्वसनीयता और भी मजबूत हुई है। कोचिंग संचालक प्रमोद सर ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान के अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल छात्रों को अच्छे अंक दिलाना नहीं,बल्कि उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि साइंस क्लासेज में हर छात्र पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है,जिससे कमजोर से कमजोर छात्र भी बेहतर प्रदर्शन कर सके। संस्थान में नियमित टेस्ट, डाउट क्लियरिंग क्लास, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, समयबद्ध तैयारी और अनुशासन को विशेष महत्व दिया जाता है, जिसके कारण हर वर्ष परिणाम बेहतर होते जा रहे हैं। स्थानीय अभिभावकों ने भी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि इस साइंस क्लासेज ने प्रखण्ड में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा दी है। यहां पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के आत्मविश्वास,व्यक्तित्व विकास और कैरियर मार्गदर्शन पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है,जिससे विद्यार्थी आगे चलकर विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

# शिक्षक की पुत्री ने इंटर कला में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल**। प्रखण्ड के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव निवासी व शिक्षक रंजय कुमार की पुत्री मीसा भारती ने सोमवार को घोषित इंटर कला की परीक्षा में 466 अंक प्राप्त कर परचम लहराई है। वह जिले की तीसरी टॉपर बनीं है। उसके इस सफलता पर इलाके के लोगों में खुशी देखी जा रही है। प्रखण्ड शिक्षा



पदाधिकारी सह बीसीओ अजित कुमार ने बताया कि प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय छबैल की छात्रा मीसा भारती में 466 अंक प्राप्त कर इलाके का मान पूरे जिला में बढ़ाई है। जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने सफल छात्रा मीसा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। आगामी रामनवमी पर्व 2026 को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी कड़ी में 24 मार्च 2026 को डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना और इसे शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना था। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने अपने-अपने इलाके के संवेदनशील स्थलों की जानकारी दी और प्रशासन को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाएं। उन्होंने स्पष्ट किया




कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा शोभा यात्रा में किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र और मोटरसाइकिल के उपयोग की अनुमति नहीं होगी।

पर्व के दौरान चौक-चौराहों पर सघन जांच अभियान चलाया जाएगा और शराब के सेवन की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्ती सुनिश्चित की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की भ्रामक सूचना को रोका जा सके।

बैठक में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मंगलवार को आयोजित हुई। आयोजित शिविर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार के निर्देशानुसार पर हुआ। अध्यक्षता पेंशनर समाज के कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने की। सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. इरशाद हसन ने शिविर में आये प्रखंड के विभिन्न गांवों के 16 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच किये। उसके बाद उन्हें दवाई देकर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में पेंशनर समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार, कार्यकारी सचिव नरेश कुमार, बलिराम प्रसाद सिंह, फणीन्द्र मिश्र, अलखदेव पासवान, सियाशरण दास, कामता प्रसाद सिंह, रघुनंदन प्रसाद समेत अन्य पेंशनरों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराये।

# रजौली नगर पंचायत में 76.88 करोड़ का बजट पास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली**। रजौली नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार की दोपहर मुख्य पार्षद मानती देवी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 में होने वाले खर्च को लेकर विभिन्न प्रकार के प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी,विधायक विमल राजवंशी एवं उप मुख्य पार्षद फिरोजा खातून समेत सभी वार्डों के वार्ड पार्षदगण मौजूद रहे। बैठक में मुख्य पार्षद द्वारा बजट प्रस्तुत किया गया। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 78.88 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तुत किया गया एवं नगर पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं की चर्चा की गई। मुख्य पार्षद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में नगर पंचायत में कचरा



निस्तारण के लिए 4.72 करोड़ रुपए, सौंदर्यीकरण के लिए 1.26 करोड़ रुपए,सॉलिड वेस्ट मैटेरियल मैनेजमेंट के लिए 3.15 करोड़ रुपए,जल जीवन हरियाली के लिए 63 लाख रुपए, नए रोड के लिए 6.30 करोड़ रुपए,नए नालियों के लिए 5.35 करोड़ रुपए,नल जल योजना के लिए 3.15 करोड़,सार्वजनिक प्रकाश के लिए 3.15 करोड़ रुपए, नए पार्क निर्माण एवं जीम के लिए 2.52 लाख रुपए एवं झुग्गी झोपड़ी के लिए 1.89 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मुख्य पार्षद मानती देवी ने कहा कि यह बजट नगर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है और इससे आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी बजट का समर्थन करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण बताया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने मिलकर नगर के विकास कार्यों को समय पर और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वार्ड पार्षद मुकेश यादव, संतोष कुमार वर्मा, जिरिया देवी, धीरज कुमार समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु अभियान मोड में कार्य करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा पोषण ट्रैकर की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने डीपीओ (आईसीडीएस) एवं सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कन्या उत्थान योजना की प्रगति संतोषजनक पाई गई, लेकिन लक्ष्य के अनुरूप तेजी लाने को कहा गया। वहीं, मातृ वंदना योजना में सुधार के बावजूद लक्ष्य प्राप्ति हेतु अभियान मोड में कार्य करने के निर्देश दिए गए। पोषण ट्रैकर के तहत टीएचआर वितरण 81 प्रतिशत तथा एफआरएस व ई-केवाईसी 87 प्रतिशत पाया गया, जिसे शत-प्रतिशत करने पर जोर दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य की भी समीक्षा करते हुए प्रतिदिन मॉनिटरिंग का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा में पेंशन योजनाओं में सुधार पाया गया, लेकिन बीपीएल परिवारों तक योजनाओं की पहुंच बढ़ाने की जरूरत बताई गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समन्वय बनाकर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बाल संरक्षण, परवरिश योजना, स्पॉन्सरशिप योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# रजौली के लाल हिमांशु सिंह ने मुक्केबाजी में गाड़ा सफलता का झंडा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली**। नवादा जिले के छोटे से गांव से निकलकर खेल की दुनिया के बड़े मंच तक का सफर तय करने वाले हिमांशु सिंह ने एक नया इतिहास रच दिया है। रजौली प्रखंड की रजौली पश्चिमी पंचायत स्थित छपरा गांव के निवासी सतीश सिंह के पुत्र हिमांशु सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए आंध्र प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय मुक्केबाजी रेफरी एवं जज की कठिन परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उनके




परिवार, बल्कि पूरे नवादा जिले और बिहार-झारखंड के खेल जगत को गौरवान्वित किया है। हिमांशु सिंह की यह जीत कई मायनों में ऐतिहासिक मानी जा रही है। वे नवादा जिले के पहले ऐसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने अब जिले के पहले नेशनल रेफरी और जज बनने का गौरव भी प्राप्त कर लिया है।

# नवादा में एम्बुलेंस सेवाओं को नई दिशा दे रहा है ज़ेन प्लस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है, जिसमें 102 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा अहम भूमिका निभा रही है। इस सेवा का संचालन राज्य सरकार के सहयोग से ज़ेन प्लस सर्विसेज द्वारा किया जा रहा है।आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी ज़ेन प्लस सर्विसेज ने नवंबर 2024 में संचालन संभालने के बाद राज्य में एम्बुलेंस सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार किया है। कंपनी के प्रयासों से सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में स्पष्ट रूप से सकारात्मक बदलाव आया है।

ज़ेन प्लस बिहार में कुल 2,051 एम्बुलेंस का संचालन कर रही है जबकि वर्तमान में सिर्फ नवादा जिले में कुल 51 एम्बुलेंस संचालित हो रही है, जिनमें 15 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट, 34 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस और 2 शव वाहन शामिल हैं। इनकी सहायता से प्रतिदिन औसतन 149 मरीजों को निःशुल्क आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। नवादा जिले में भी सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। फरवरी 2026 में जिले में कुल 4,150 जरूरतमंद मरीजों को सहायता दी गई, जिनमें 3,211 गर्भवती महिलाएं,106 नवजात शिशु,114 सड़क दुर्घटना और 719 अन्य लाभुक शामिल हैं। संचालन संभालने के बाद से कंपनी लगातार सेवा की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार पर ध्यान दे रही है। इसके परिणामस्वरूप कॉल रिस्पॉन्स टाइम में कमी आई है, मरीजों तक एम्बुलेंस पहुंचने का समय बेहतर हुआ है

# बिहार दिवस : समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक गौरव और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक : डा. प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने पटना के गांधी मैदान स्थित बिहार दिवस 2026 समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि आज पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बिहार दिवस के इस भव्य समापन समारोह में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है। यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक गौरव और उज्ज्वल भविष्य के संकल्प का प्रतीक है। बिहार की धरती ज्ञान, तप, त्याग और क्रांति की भूमि रही है। यह वही पावन धरती है जहां से विश्व को ज्ञान का प्रकाश मिला। नालंदा और विक्रमशिला जैसे महान विश्वविद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किए, वे आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। आज जब हम बिहार दिवस मना रहे हैं तो यह हमारे लिए आत्ममंथन और संकल्प लेने का भी अवसर है कि हम अपने राज्य को शिक्षा, विकास और समृद्धि के नए शिखर पर ले जाएं। शिक्षा विभाग द्वारा इस आयोजन का उद्देश्य न केवल हमारे इतिहास और संस्कृति को संजोना है, बल्कि नई पीढ़ी को जागरूक करना भी है। आज का युवा ही बिहार का भविष्य है और जब युवा शिक्षित, सक्षम और जागरूक होगा, तभी बिहार विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालयों के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल शिक्षा के विस्तार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमें यह सुनिश्चित करना है कि शिक्षा का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

बिहार दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम सब एक महान विरासत के उत्तराधिकारी हैं। हमें अपने अतीत पर गर्व करते हुए वर्तमान में कर्मठता से कार्य करना है और भविष्य को उज्ज्वल बनाना है। आइए, इस अवसर पर हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने बिहार को शिक्षा, संस्कृति, उद्योग और विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे। हम अपने राज्य को 'विकसित बिहार' के रूप में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। अंत में मैं शिक्षा विभाग एवं इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों को हार्दिक बधाई देता हूं जिन्होंने इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाया।

## आर्म्स एक्ट मामले में अभियुक्त को तीन वर्ष की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं समर्पित चार्जशीट के आधार पर आर्म्स एक्ट के मामले में न्यायालय एसीजेएम-08, गया की न्यायाधीश रिचा रंजन की अदालत ने एक अभियुक्त को तीन वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सात हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में अभियुक्त को अतिरिक्त तीन माह की सजा भुगतनी होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेढ़ वर्ष पूर्व कोंच थाना कांड संख्या- 388/24 में आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपी विजय साव उर्फ मुखिया, पिता स्व. रामप्रसाद साव, साकिन खैरा, थाना कोंच, जिला गया के विरुद्ध सुनवाई चल रही थी। मामले में सहायक अभियोजन पदाधिकारी चिराग अग्रवाल द्वारा प्रभावी पैरवी एवं साक्ष्यों के आधार पर स्पीडी ट्रायल चलाया गया जिसके फलस्वरूप न्यायालय ने उक्त निर्णय सुनाया। मंगलवार को कोंच पुलिस ने इस फैसले को विधि-व्यवस्था एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता बताया।

## नाली विवाद में हत्या का खुलासा, दो महिला सहित तीन आरोपित गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के गौहरपुर गांव में नाली पर ढक्कन रखने को लेकर हुए विवाद में हुई हत्या के मामले का पुलिस ने त्वरित खुलासा करते हुए दो महिला समेत तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को गौहरपुर गांव में मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया था। नाली पर ढक्कन रखने को लेकर दो पक्षों के बीच कहा सुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र गिरी की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोंच थाना में कांड संख्या 78/26 दर्ज कर पुलिस ने त्वरित अनुसंधान शुरू किया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में एसआई सुरेश कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल थे। संयुक्त छापेमारी के दौरान पुलिस ने घटना में संलिप्त तीन आरोपियों इंद्रमोहन गिरी, मिली देवी एवं रौशनी कुमारी उर्फ चांदनी देवी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में अन्य बिंदुओं पर भी जांच जारी है तथा आवश्यकतानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चैती छठ पूजा पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने संयम और प्रकृति सम्मान का दिया संदेश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक आस्था, श्रद्धा और सूर्य उपासना के महान पर्व चैती छठ पूजा के पावन अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने समस्त प्रदेशवासियों एवं श्रद्धालुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की गहराई, शुद्धता और अनुशासन का प्रतीक है जिसमें कठिन तप, नियम और अटूट आस्था के माध्यम से भगवान सूर्य एवं छठी मैया की आराधना की जाती है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि चैती छठ केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन के बीच संतुलन स्थापित करने का महत्वपूर्ण संदेश देता है। घाटों की स्वच्छता, शुद्धता और सामूहिक सहभागिता समाज की एकता और समर्पण को दर्शाती है। उन्होंने व्रती महिलाओं, पुरुषों एवं सेवा में जुटे सभी लोगों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्व हमें संयम, अनुशासन और प्रकृति के प्रति सम्मान का पाठ सिखाता है जिसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अंत में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि छठी मैया और भगवान सूर्य सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करें तथा समाज में भाईचारा और सद्भाव बनाए रखें।

## दानापुर मंडल ने की यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** दानापुर मंडल ट्रेन परिचालन के साथ-साथ अपने यात्रियों की हर सुविधा का विशेष ध्यान रखता है। इसके साथ ही समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार विशेष व्यवस्था या तैयारी की जाती है। इसी क्रम में आने वाले गर्मी के मौसम के लिए मंडल में विशेष तैयारी की जा रही है- दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा पटना जंक्शन, राजेंद्रनगर टर्मिनल, दानापुर, पाटलिपुत्र जंक्शन, आरा आदि जैसे सभी प्रमुख स्टेशनों पर विशेषकर सामान्य कोचों के यात्रियों के लिए पहले से उपलब्ध पानी के नलों के अतिरिक्त, शीतल जल की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। इसके अतिरिक्त यात्रियों के लिए आवश्यकता के अनुसार समय-समय पर ठंडे शरबत और इसी तरह के अन्य पेय पदार्थों की निःशुल्क व्यवस्था भी की जाएगी।

## उद्योग सचिव ने पारंपरिक शिल्पकृतियों को सराहा




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के अवसर पर उद्योग विभाग, बिहार द्वारा आयोजित भव्य पवेलियन का आज सफल समापन हुआ। अंतिम दिन भी बड़ी संख्या में आगंतुकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति दर्ज की गई। तीन दिवसीय इस आयोजन के माध्यम से राज्य की समृद्ध पारंपरिक कला, शिल्प, नवाचार एवं औद्योगिक प्रगति को एक ही मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने पवेलियन का विस्तृत भ्रमण कर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने खादी एवं हैंडलूम उत्पादों, 'मेड इन बिहार' ब्रांड के बैग, स्टार्टअप्स के नवाचार उत्पादों के साथ-साथ अप्लिक, कशीदा, मधुबनी पेंटिंग, सेरामिक कला, गुड़िया कला, जूट क्राफ्ट एवं सिक्की कला जैसी पारंपरिक शिल्पकृतियों की सराहना की। इस दौरान उन्होंने कारीगरों, उद्यमियों एवं स्टार्टअप प्रतिनिधियों से संवाद कर उनके अनुभव एवं सुझाव भी प्राप्त किए। पवेलियन के दौरे के दौरान सचिव ने बताया कि राज्य में उद्योगों के विकास हेतु नीतिगत सुधार, निवेश प्रोत्साहन एवं बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है। बियाडा के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार किया जा रहा है, वहीं बिहार में निवेश करें के जरिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरणा मिल रही है। स्टार्टअप्स के लिए अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा रहा है जिससे नवाचार को बढ़ावा मिल रहा है और नए उद्यमों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पवेलियन में उद्योग विभाग की योजनाओं से संबंधित जानकारी, निवेश की संभावनाएं तथा उद्यम स्थापना की प्रक्रियाओं को सरल एवं स्पष्ट रूप में प्रस्तुत किया गया जिससे आमजन एवं निवेशकों में विशेष रुचि देखने को मिली। आगंतुकों ने स्थानीय उत्पादों की गुणवत्ता एवं विविधता की सराहना करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता दिखाई। यह आयोजन न केवल बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और शिल्प परंपरा को उजागर करता है, बल्कि राज्य के औद्योगिक विकास, निवेश संभावनाओं एवं आत्मनिर्भरता के संकल्प को भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता है।

## सी.ओ, आर.ओ एवं राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से आमजन परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** अंचल अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचलों का कार्य पूर्णतः ठप हो चुका है। आम जन प्यासी मछली की तरह तड़प रहे हैं और सरकार बेखबर सोई है। परिमार्जन, म्यूटेशन, मापी, एलपीसी, लोक शिकायत का काम पूर्णतः ठप हो चुका है। हालांकि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सिर्फ जाति, आवासीय प्रमाण पत्रों को निर्गत किया जा रहा है जिससे विद्यार्थियों का काम चल जा रहा है और कार्यालयों पर हंगामा नहीं हो रहा है। अंचल कार्यालय पर जहां काफी भीड़-भाड़, हो- हल्ला होते रहता था आज सुनसान हो गया है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे भूतों ने इस कार्यालय में डेरा डाल रखा हो। गौरतलब है कि 11 फरवरी से राजस्व कर्मचारी एवं 9 मार्च से अंचल अधिकारी सामूहिक हड़ताल पर चले गए हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि हमारा पद जिला लेवल का है परन्तु सरकार द्वारा पांच सौ से सात सौ किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित दूसरे जिलों में पदस्थापित किया गया है और साथ ही साथ ही साथ हमारा ग्रेड पे चपरासी के बराबर कर दिया गया है। अभी हमारा ग्रेड पे लेवल-2 का है जबकि हमलोगों का मांग ग्रेड पे लेवल -5 का है। इस संबंध में पिछले हड़ताल के समय सरकार द्वारा लिखित आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन सरकार द्वारा आज तक पूरा नहीं किया गया है। सरकार द्वारा वादा खिलाफी किया जा रहा है। हमारी मूल ये दो मांगें जब तक सरकार द्वारा पूरी नहीं की जाएगी हड़ताल अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पिछले सामूहिक अवकाश के समय यह लिखित आश्वासन दिया गया था कि राजस्व सेवा के अधिकारियों को पूर्व के प्रावधानानुसार पदोन्नति डीसीएलआर में ही किया जाएगा और 12 फरवरी तक अधिसूचना निर्गत कर दिया जाएगा, परन्तु लगभग एक माह बीत जाने के बावजूद भी नहीं निर्गत किया गया परिणामस्वरूप लाचार होकर पुनः सामूहिक अवकाश पर जाना पड़ा है। सरकार ने वादाखिलाफी किया है

## देश और विदेश के 30 पुरोधाओं को मिलेगा महादेवी वर्मा सम्मान -2026

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस द्वारा आयोजित महादेवी वर्मा समृति सम्मान समारोह-2026 के अवसर पर पुरोधाओं और प्रतिभाओं को मिला कर देश-विदेश के 30 व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मान समारोह पटना के बापू टावर में 5 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। यह बातें जीकेसी की बैठक के बाद ग्लोबल उपाध्यक्ष और बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दीपक अभिषेक ने कही। उन्होंने कहा कि कला, साहित्य, फिल्म समाज सेवा सहित अलग-अलग क्षेत्रों से पुरोधाओं और प्रतिभाओं को चयनित किया गया है। श्री दीपक ने कहा कि जल्द ही नामों की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देश और विदेश से कायस्थों का जुटान होगा। इस मौके पर लघु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके पहले 2021 में यह कार्यक्रम पटना के भारतीय नृत्यकला मंदिर में आयोजित किया गया था। इसके बाद दो बार दिल्ली में भी यह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा चुका है। श्री अभिषेक ने कहा कि इस सम्मान समारोह के एक दिन पूर्व 4अप्रैल को पटना में ही ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में समाज हित में कई प्रस्ताव पारित किये जाने हैं। दीपक अभिषेक ने अपील करते हुए कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए बिहार होस्ट है इसलिए बिहार के जीकेसियनों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है और उनसे आगे बढ़कर सहयोग करने की उम्मीद है।

## स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लोक आस्था का महापर्व चैती छठ को सिक्स लेन पुल के पूर्वी छोर लखीबाग-जनकपुर क्षेत्र से स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान का शुभारंभ किया गया। स्वच्छ फल्गु, स्वच्छ गयाजी अभियान के बैनर के तले स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल अभियान के संयोजक विजय कुमार मिट्ठू, सह संयोजक विनोद कुमार, राम प्रमोद सिंह, रवीन्द्र कुमार, गांधी गिरी, चंदन रजक, चांदो रजक, तारकेश्वर नाथ पटवा आदि ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध अंतः सलीला, मोक्ष दायिनी, ऐतिहासिक- धार्मिक महत्व को संजोय रखने वाला फल्गु नदी घनी आबादी वाले क्षेत्रों में झाड़ी, कूड़ा, नाली की पानी आदि के कारण इसकी स्वच्छता और सुंदरता तार-तार हो रही है जिसे हम गयाजी वासी सप्ताह में एक दिन छुट्टी के दिन रविवार को घंटा, दो घंटा श्रमदान कर इसे स्वच्छ और सुन्दर बना सकते हैं। नेताओं ने कहा इस अभियान से फल्गु नदी के पूर्वी छोर के भदेजा-भदेजी, सलेमपुर-भूस्नडा, नौरंगा, लखीबाग, उतरी लखीबाग, जनकपुर, हेठ मानपुर, पटवा टोली, अलीपुर, शादी पुर तथा पश्चिमी छोर के अम्मा, खीरीयावां, केंदुई, डण्डी बाग, घुघरी टांड, लखनपुरा, विष्णुपद, देव घाट, गायत्री घाट, ब्राह्मणी घाट, पिता महेश्वर घाट, महादेव घाट, सीढिया घाट, किरानी घाट, राय बिंदेश्वरी घाट, मोरीया घाट, पंचायती अखाड़ा घाट, राम शीला घाट, कंडी नवादा घाट के सम्मानित लोगों के बीच जनजागरण अभियान चला कर सप्ताह के प्रत्येक रविवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दो घंटे श्रमदान कर फल्गु नदी को साफ और स्वच्छ रखने हेतु प्ररित किया जाएगा। इस अभियान के तहत फल्गु नदी के पश्चिमी छोर पर बोधगया से चाकन्द तथा पूर्वी छोर पर मोराटाल से खिजरसराय तक मैरीन ड्राइव का निर्माण कराने का भी आवाज बुलंद कर सरकार से मांग किया जाएगा।


**NALANDA COLLEGE**
**Biharsharif**
(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna
NAAC Accredited Grade "B+")
**Department of Education (B. Ed)**
**APPOINTMENT NOTICE**

Applications are invited for the appointment of the post of Assistant Professors in Perspectives in Education & Pedagogical Subjects (06), Fine Arts (01) & Performing Arts (01) of B.Ed self-finance Course.
Eligible candidates may apply with resume enclosing the relevant documents and a demand draft of Rs: 2000 (UR/OBC) or Rs: 1000 (SC/ST) payable to the Principal, Nalanda college, BiharSharif through registered post (Add: Principal, Nalanda college (Dept. of Education) Garhpar, BiharSharif Nalanda-803101) till 22-04-2026.
Norms for appointment, reservation, salary, etc shall be governed by NCTE/UGC/ Patliputra University/ Government of Bihar.
The details can be accessed at the college website www.nalandacollege.ac.in

**Principal**


## युवा व्यवसायियों ने मनाया शहादत दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सोमवार की संध्या गुरारू चौक पर बाजार के उत्साही युवा व्यवसायियों ने शहीद-ए-आजम भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव का शहादत दिवस उनके तैलीय चित्रों पर माल्यार्पण कर एवं राष्ट्र गान को गाकर मनाया। इस मौके पर गगन भेदी नारों को भी लगाया। इस मौके पर मोनू गुप्ता, दीपक गुप्ता हरिहर पेंडा भंडार, चन्दन कुमार, उज्जवल कुटिआर, पिन्टू कुमार उर्फ नन्हका बाबू, डॉ.राजेश राठौर, मुन्ना गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 23 मार्च 1931 को तीनों आजादी के दिवानों को अंग्रेजी सरकार ने लाहौर की जेल में लाला लाजपतराय की मौत का बदला लेने के लिए ब्रिटिश पुलिस आफिसर जे.पी.सॉन्डर्स (1928) की हत्या करने एवं विधानसभा में बम फेंकने का आरोपी बनाकर फांसी दिया गया था। इनकी शहादत के सम्मान में 23 मार्च को शहादत दिवस मनाया जाता है।

## एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ का नया कैंपेन लांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एशियन पेंट्स ने अपने प्रोडक्ट एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ के लिए नया कैंपेन लांच किया है जिसमें रणबीर कपूर और सौरभ शुक्ला नजर आ रहे हैं। इस कैंपेन के जरिए कंपनी ने यह संदेश दिया है कि 'हर वॉटरप्रूफिंग एक जैसी नहीं होती।' कैंपेन में घरों में होने वाली आम समस्याओं जैसे छत से पानी का रिसाव और गर्मी को हल्के-फुल्के और मनोरंजक अंदाज में दिखाया गया है। डैम्प प्रूफ न केवल लीकेज से सुरक्षा देता है बल्कि इसकी एडवांस्ड हीट-रिफ्लेक्टिव कोटिंग सतह का तापमान कम कर घर को ठंडा रखने में भी मदद करती है। कंपनी के अनुसार यह प्रोडक्ट लंबे समय तक टिकाऊ सुरक्षा प्रदान करता है और 10 साल की वॉटरप्रूफिंग वारंटी के साथ आता है। यह कैंपेन टीवी, डिजिटल, ओटीटी और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किया जाएगा।


**NAME CHANGE**

I BRAJESH KUMAR SINGH S/O LATE KRISHNA SINGH R/O Laxipur Kakadia Barua Saran Bihar-841207 have changed the name of my minor Daughter AASHI to AASHI SINGH aged 13 Years.



**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878 • E-mail ld-juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**NIT No.: JUIDCO/ NIT/ Shri Banshidhar /FSTP/26/ 691 Dated:24.03.2026**
**e-Procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | "Construction, Commissioning of Faecal Sludge Treatment Plant of Capacity 6m3/day at Shri Banshidhar Nagar town (Jharkhand) and Operation and Maintenance including desludging operations for 5years". |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Estimated Cost of Work | CAPEX: Rs. 1,36,52,734.00 OPEX: Rs. 87,57,955.00 Total: Rs. 2,24,10,689.00 |
| 4. | Tender Fee and Earnest Money to be submitted online | Tender document fee: Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand)only – **Non-Refundable**. Bid Security : Rs. 2,25,000.00/- (Rupees Two lakhs Twenty-five Thousand only), to be paid online. |
| 5. | Time of Completion | 1 year construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP. |
| 6. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 24.03.2026 ; 17.00hrs |
| 7. | Last Date / Time of Bid Submission | 15.04.2026 ; 17.00hrs |
| 8. | Date/Time of Bid Opening | 16.04.2026 ; 11.00hrs |
| 9. | Name and address of office inviting Tender. | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

*Note: Only e-tenders will be accepted.*
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http://jharkhandtenders.gov.in

sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd.

PR 375890 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)



**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यालय–नगर पंचायत, बारूण**
**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–16/2025–26**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–23.03.2026
3. टेंडर कागजात डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि : दिनांक–30.03.2026 से 06.04.2026 के 15:00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
4. प्री बीड मिटिंग का समय स्थान/तिथि : दिनांक– 01.04.2026 समय– 11:00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक स्थान– कार्यालय कक्ष, नगर पंचायत, बारूण
5. निविदा अपलोड(जमा) करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–07.04.2026 के 15.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–08.04.2026 को 15:30 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
7. वित्तिय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात् (on website www.eproc2.bihar.gov.in )
8. अग्रधन, शपथ पत्र, Existing Commitment, एवं अन्य कागजात (सभी मुल प्रति में)जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक–08.04.2026 के 15.00 बजे तक स्थान– (i) कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बारूण का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, औरंगाबाद। (iii) अधिक्षण अभियंता, नगर विकास अंचल, गया जी।
9. योजना एवं कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिणाम विपत्र का मुल्य बीड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीयं) | बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस+ अन्य कर (रू0 में)(अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत, बारूण अन्तर्गत कुल 01–11 वार्डों में स्ट्रीट लाईट का अधिष्ठापन एवं 05 वर्ष तक रख–रखाव का कार्य। | 7046461 | 141000 | 10000 | As per eproc 2.0 | 03 Months |

नोट :–Bidders should submit Bid Processing fee through on-line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.In

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर पंचायत, बारूण**

PR- 027098 (B & C) 2025-26
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

संपादकीय

# ‘नदियों का मायका’ संकट में

मध्यप्रदेश को ‘नदियों का मायका’ कहना दिल को समझाने के लिए भले अच्छा खयाल हो, लेकिन जमीनी हकीकत बहुत अलग और बेहद चिंतनीय है। क्योंकि प्रदेश की कई नदियां और जलस्रोत मरते जा रहे हैं। समय रहते इसे नहीं रोका गया तो आने वाले पीढ़ी के लिए दो बूंद पानी भी मुश्किल से मिलेगा। मध्यप्रदेश को नदियों का मायका इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यह नर्मदा, बेतवा, चंबल, क्षिप्रा,सोन, ताप्ती जैसी नदियों का उद्गम है। नर्मदा तो मप्र की जीवन रेखा है ही, साथ ही यह समूचे मप्र को विंध्य और सतपुड़ा में विभाजित योजनाएं भी करती है। इन तमाम नदियों की बदौलत मप्र कृषि और पारिस्थितिकीय रूप से समृद्ध है। लेकिन अब इन सब पर मौत का खतरा मंडरा रहा है। अवैध रेत खनन, नदियों का अत्यधिक दोहन और प्रदूषण इन नदियों की जान ले रहे हैं। नदियों के सूक्ष्म जलीय जीव और वनस्पति तेजी से खत्म होते जा रहे हैं। खतरे के इस दायरे में नर्मदा जैसी बड़ी नदी भी है। पिछले दिनों मध्य भारत की चार नदियों पर हुए अध्ययन में पाया गया कि इन नदियों का जलस्तर तेजी से कम होता जा रहा है। नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय प्रयागराज के डीन साइंस और डायरेक्टर रिसर्च डॉ. आशीष शिवम मिश्रा द्वारा किए गए इस अध्ययन में चिंता जताई गई है कि नदियों को बचाने के लिए सिर्फ सरकारी उपाय काफी नहीं हैं, बल्कि इन नदियों का उपभोग करने वाले लोगों को नदियों और उनमें रहने वाले जीवों का महत्व समझाना होगा। ये अध्ययन बुंदेलखंड की धसान, केन, पैसुनी और टोंस नदी पर हुआ है। अध्ययन में पाया गया कि पेयजल और सिंचाई के लिए इन नदियों का अंधाधुंध दोहन जारी है। इससे नदियों के ऊपरी हिस्से का पानी यानी लगभग आधा पानी खत्म होता जा रहा है। पानी खत्म होने से प्रकृति प्रदत्त जीव जो नदी के पानी की गुणवत्ता मैंटेन करते हैं, उनकी गुणवत्ता को संतुलित रखते हुए उसका जीवन बचाते हैं। यही सिलसिला जारी रहा तो आने वाले वक्त में लोग इन नदियों के पानी का उपयोग भी नहीं कर पाएंगे। दरअसल नदी एक प्राकृतिक जलस्रोत है और प्रकृति इन नदियों को ऐसे जीव या ऑर्गेनिज्म देती है, जो इन नदियों के जीवन और स्वच्छता के लिए बहुत जरूरी होते हैं। लेकिन मानव हस्तक्षेप इन जलीय जीवों के इकोसिस्टम को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। जबकि ये जलीय जीव ही पानी को साफ करते रहते हैं। आज अधिकांश नदियों में शहरों गांवों का सीवेज और औद्योगिक अवशिष्ट बहाया जा रहा है। हालत यह है कि गंगा जैसी पवित्र नदी भी भयंकर प्रदूषण से नहीं बच पाई है। यही हाल राज्य में गंगा जल संवर्द्धन अभियान के तहत बने ‘अमृत सरोवरों’ की है। गहन पड़ताल में उजागर हुआ कि इनमें से ज्यादातर कागजों में बने हैं। उनमें से कई की जमीन पर आज रसूखदार खेती कर रहे हैं। नदियों के केवल घाटों को रंग-रोगन कर चमका दिया गया, जबकि पानी की गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ। प्रदूषण जस का तस है। इसी प्रकार खेत-तालाब योजना के तहत बने ढांचे साल के 8 महीने सूखे पड़े रहते हैं, जिससे किसानों को सिंचाई का कोई ठोस लाभ नहीं मिल पा रहा है। हैरानी की बात यह है कि पिछले हजारों करोड़ का हिसाब ढंग से जमीन पर उतरा नहीं और इस साल के लिए फिर 195 रू. करोड़ का नया ‘प्लान’ तैयार है। इसमें 2700 से ज्यादा काम प्रस्तावित हैं। पंचायत विभाग 170 रू. करोड़ खर्च करेगा और 25 करोड़ रू.वन्यजीवों के जल स्त्रोतों के नाम पर निकलेंगे। क्या यह नया बजट भी पुराने गड्ढों को भरने में ही जाएगा या वाकई प्यासी धरती की प्यास बुझेगी?

# संसद नियमों व परंपरा से चलता है, जिद से नहीं

**भारतीय संसदीय प्रक्रिया उन मानक प्रक्रियाओं में सम्मलित हैं जिसका अनुकरण पूरी दुनिया के लोकतंत्र करते हैं। राजशाही और तानाशाही जैसी शासन प्रणाली को छोड़ कर लोकतंत्र को अपनाने के उत्सुक देश भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की ओर श्रद्धा से देखते हैं। वे जानते हैं कि राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और वैचारिक विविधताओं वाले इस देश को यहां की लोकतांत्रिक प्रणालियों ने ही एक सूत्र में बांधा हुआ है। भारतीय संविधान ने शासन तंत्र को संचालित करने का कार्य विधायिका और कार्यपालिका को दिया है। न्याय दृष्टि के साथ न्यायपालिका नियंत्रक और निगरानीकर्ता की भूमिका में है। विधायिका यानी संसद और विधानसभाओं में होने वाली कार्यवाहियों में लोकतंत्र स्पंदित होता है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में विपक्ष ने जिस व्यवहार का प्रदर्शन किया है, वह इन कार्यवाहियों में बाधा ही नहीं है अपितु लोकतंत्र को ठेस पहुंचाने वाला कार्य है। अभी-अभी लोकसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध लाया गया विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव सदन में खारिज हो गया। यह प्रस्ताव संख्या बल के कारण तो खारिज हुआ ही। इसे तो विपक्ष के मंतव्य के कारण भी खारिज हो जाना था।**

**नरेंद्र सिंह तोमर**

संसदीय कार्य व्यवस्था नियमों और मान्य परंपराओं से संचालित होती हैं। वह विपक्ष या सत्ता पक्ष की मन-मर्जियों से संचालित नहीं हो सकती है। लोकसभा अध्यक्ष एक व्यक्ति नहीं होता बल्कि यह नियमों का पालन, संरक्षण और संवर्धन करने वाला दायित्व है। विपक्ष अपनी अनुशासहीनता के चलते नियमों के पर्याय लोकसभा अध्यक्ष पर ही निर्मूल आरोप लगाता है तो उसकी परिणति ऐसी ही होती है।

लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा शासन है। जनता का बहुमत पा कर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। संविधान को आत्मार्पित करने के उपरांत अब तक भारतीय लोकतांत्रिक परंपराएं 76 वर्ष की यात्रा पूर्ण कर चुकी हैं। इस अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया। सत्ता-पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे की सहमति और असहमति का सदैव सम्मान और आदर किया है। फिर अब ऐसा क्या हुआ कि विपक्ष आक्रामकता के चरम पर पहुंच कर मर्यादाओं धयान नहीं रख रहा है रहा है? यह प्रश्न सामयिक है और इस पर चिंतन होना चाहिए। लोकतंत्र की जब भी बात होती है तो यह याद दिलाया जाता है कि सदन में कोई भी नियमों से ऊपर नहीं है। मतभेद होना अलग बात है। मतभेद को व्यक्त करना लोकतांत्रिक अधिकार है मगर जिद में, आक्रामकता से, केवल हमारी ही सुनी जाए जैसे जटिल व्यवहार से लोकतांत्रिक व्यवस्था को ठेस पहुंचती है। जब कोई एक पक्ष ऐसा आचरण कर रहा होता है तो आसंदी पर बैठा व्यक्ति सिर्फ एक प्रतिनिधि नहीं रहता। वह अपने समूचे कार्य व्यवहार में लोकतंत्र का संरक्षक, पोषक और संवर्धक होता है। लोकसभा अध्यक्ष माननीय श्री ओम बिरला के अध्यक्षीय कार्यकाल को देखें तो पाएंगे कि विपक्ष के जिद्दी और आक्रामक रवैये के क्षणों में भी उन्होंने अकल्पनीय संयम, संतुलन और निष्पक्षता का परिचय दिया है। वे नियमों के पालन के प्रति सजग थे और यही सजगता विपक्ष को खटकती रही।



एक तरफ, जहां विपक्ष का अमर्यादित व्यवहार है, वहीं, लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला के कार्यकाल और नवाचार पर भी दृष्टि डाल लेनी चाहिए। सदन की कार्यवाहियां साक्षी हैं कि अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में ओम बिरला ने निरंतर यह प्रयत्न किया है कि अधिक से अधिक सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिले। युवा सांसदों, पहली बार निर्वाचित होकर आए जनप्रतिनिधि को, महिला सांसदों और संख्या में कम सांसदों को भी पर्याप्त समय देना सुनिश्चित किया गया। ऐसा होने पर ही 17 वीं लोकसभा ने लगभग 97 प्रतिशत की कार्य उत्पादकता हासिल की है। यह पिछले दो दशकों की उल्लेखनीय उपलब्धि है। 2019 से अब तक आयोजित 21 सत्रों में से 10 सत्र ऐसे रहे, जिनमें सदन की उत्पादकता 100 प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। वर्ष 2025 के शीतकालीन सत्र में तो लोकसभा ने निर्धारित समय से भी अधिक काम करते हुए 103 प्रतिशत कार्य निष्पादन किया है। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला सही अर्थों में संसदीय कार्य प्रणाली के संरक्षक हैं। तभी उन्होंने सदन में समय के आवंटन को संख्या बल के आधार पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी के आधार पर सुनिश्चित किया है। यही कारण है कि 17वीं लोकसभा में सत्ता पक्ष के भारी बहुमत के बावजूद विपक्ष और गैर-एनडीए दलों को कुल चर्चा समय का लगभग 61.05 प्रतिशत, अर्थात् 807 घंटे प्रदान किए गए। अपने कार्यकाल में नियमों और प्रक्रियाओं को समृद्ध करने की लोकसभा अध्यक्षों की परंपरा को अग्रसर करते हुए श्री ओम बिरला द्वारा नव निर्वाचित और अपेक्षाकृत कम चर्चित सांसदों को अपनी बात रखने के लिए प्राथमिकता दी गई। नव निर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें संसदीय प्रक्रिया, नियमों और संसदीय परंपराओं से परिचित करवाना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का ही तो यत्न था। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान ‘प्राइड’ के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों की एक समिति का गठन भी किया गया, जिसका उद्देश्य संसद तथा राज्य विधानसभाओं की समिति व्यवस्था की समीक्षा करना है। संसदीय प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से देश की विभिन्न विधानसभाओं के कार्य संचालन नियमों की समीक्षा के लिए भी एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी गई है। इसे भारतीय संसदीय संघीय ढांचे में समन्वय को सशक्त बनाने का स्तुत्य प्रयत्न कहा जाना चाहिए। अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को ‘पेपरलेस’ बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डिजिटल संसद प्लेटफॉर्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली और ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। मंत्रियों द्वारा सदन में दिए गए आश्वासनों की निगरानी के लिए ‘ऑनलाइन एश्योरेंस मॉनिटरिंग सिस्टम’ को भी सशक्त किया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस तकनीक के माध्यम से संसद की 18,000 से अधिक घंटों की ऐतिहासिक कार्यवाही का डिजिटलीकरण किया गया, जो संसदीय विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में होने वाले नवाचारों की सूची विस्तृत है। इसके बाद भी यदि संसद में उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो यह सिर्फ एक प्रक्रिया भर नहीं है बल्कि संसदीय परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न है। विपक्ष का यह व्यवहार लोकतांत्रिक संसदीय मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। भारतीय लोकतंत्र का आदर्श होना किसी एक व्यक्ति का कार्य नहीं है बल्कि यह समवेत प्रयासों का सुफल है। यह हम सभी चुने हुए जनप्रतिनिधियों का सौभाग्य और दायित्व है कि हम लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समृद्ध करें, इसका संरक्षण करें, इसे संवर्धित करें लेकिन इसे पंगु, निरंकुश और अशक्त बनाने का कार्य न करें। कष्ट यही है कि विपक्ष इस राह पर चल रहा है। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है। उन्हें इस अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई और शुभेच्छाएं।

अध्यात्म

## डर का सामना करो

अभय अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। जिसके कारण घर में उसका दुलार अधिक होता था। उसके परिवार में उसे सभी उसे बहुत प्यार करते थे। अभय को उसके माता-पिता घर से बाहर बहुत कम ले जाते थे। कभी-कभी तो उसके ऊपर सूरज की किरण भी नहीं पड़ती थी। धीरे-धीरे अभय लगभग बारह साल का हो चुका था। उसके माता-पिता उसकी हर जरूरते पूरी करने में लगे रहते थे। कुछ दिन बाद अभय बाहरी दुनिया के हर एक छोटी-छोटी चीजों से डरने लगा। अगर कोई कुत्ता उसके पास आ जाए तो वह उससे भी डर जाता था। वह जानवरों था तेज आवाज और अंधेरे से भी डरने लगा था। उसके माता-पिता यह सब देख परेशान रहने लगे। उन्हे लगने लगा कि अगर हमारा बच्चा इसी तरह से डरता रहा तो आगे कैसे बढ़ पाएगा।

अभय के माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर को दिखाया तो उन्होंने कहा, ‘आपके बच्चे के अंदर दिमागी डर बैठा हैं।’ इसे किसी भी दवाई से ठीक नहीं किया जा सकता हैं। इसके साथ आप लोगों को काम करना पड़ेगा। अब उसके माता-पिता अभय को अनेकों जगह पर दिखाना शुरू कर दिया। लेकिन उसके अंदर कोई बदलाव नहीं आ रहा था। एक दिन उनके गाँव में एक साधु बाबा आए हुए थे। अभय को लेकर उसके माता-पिता बाबा जी के पास गए। बाबा जी ने अभय के माता-पिता की पूरी बात बहुत ध्यान से सुनी। उन्होंने कहा, आप अपने बच्चे को कुछ दिन के लिए हमारे आश्रम में छोड़ दो। हो सकता हैं कि आपका बच्चा ठीक हो जाए। उसके माता-पिता ने बाबा के कहने के अनुसार ही किया।

अगले दिन आश्रम ने साधु महात्मा ने अभय को अपने पास बुलाकर बहुत सारी बातें की। महात्मा जी ने बातों-बातों में अभय के अंदर चल रहे विचारों के बारे में पता लगा लिया। उसी शाम महात्मा जी ने अभय को लेकर जंगल की तरफ निकल गए। उन्हें वापस आते समय अंधेरा हो चुका था। रास्ते में चलते हुए अभय को बहुत डर लग रहा था। साधु महात्मा ने अचानक उसी जंगल में एक पेड के नीचे बैठ गए। उन्हें पेड़ के नीचे बैठा देख अभय ने कहा, ‘मुनिवर जल्दी आश्रम चलो मुझे बहुत डर लग रहा हैं।’ महात्मा जी ने अभय से पूछा किस बात का डर लग रहा हैं तुम्हें। अभय ने कहा, ‘मुझे भूत से बहुत डर लगता हैं।’ अगर वह यहाँ आ गया तो हम दोनों में से कोई नहीं बचेगा। महात्मा जी कहा, ‘आज तो हमें भूत देखना हैं।’ अभी तक तो हमने भूत कभी नहीं देखा हैं। महात्मा जी ने अभय को कई तरह से समझाते हुए कहा, ‘डर नाम की कोई चीज नहीं होती हैं।’ हम अपने दिमाग में सिर्फ वहम बनाए रखते। हमें आगे बढ़कर किसी भी मुश्किलों का सामान करना चाहिए, न की हमें पीछे भागना चाहिए। इस तरह से कई दिनों तक महात्मा जी ने अभय को तरह-तरह से उसके अंदर छिपे डर को निकालते रहे। एक दिन अभय डर का सामान डटकर करने लगा।

# चीन के मुकाबले भारत की रक्षा तैयारी कितनी मजबूत है?

**हथियारों और तकनीक की बात करें तो वायु शक्ति के मामले में तस्वीर साफ तौर पर चीन के पक्ष में झुकी हुई नजर आती है। कुल सैन्य विमान बेड़े में चीन के पास लगभग 3300 से अधिक विमान हैं, जबकि भारत के पास करीब 2229 विमान हैं। यानी संख्या के लिहाज से चीन को स्पष्ट बढ़त हासिल है। अगर केवल लड़ाकू विमानों की बात करें तो यह अंतर और भी चौड़ा हो जाता है। चीन के पास करीब 2000 से 2100 लड़ाकू विमान हैं, जबकि भारत के पास लगभग 550 से 600 के बीच फाइटर जेट हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि सीधे हवाई टकराव की स्थिति में चीन की संख्या आधारित ताकत भारी पड़ सकती है। हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। भारत की वायुसेना केवल संख्या पर नहीं, बल्कि संतुलित संरचना, मल्टी रोल क्षमता और रणनीतिक तैनाती पर आधारित है, जो उसे हर हालात में जवाब देने लायक बनाती है।**

**नीरज कुमार दुबे**

एशिया की भू राजनीति इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां दो महाशक्तियां आमने सामने हैं। एक तरफ विस्तारवादी मंशा से आगे बढ़ता चीन है और दूसरी तरफ तेजी से आत्मनिर्भर और आक्रामक रणनीति अपनाता भारत है। सवाल यह नहीं कि कौन ज्यादा ताकतवर है, बल्कि सवाल यह है कि अगर टकराव हुआ तो कौन भारी पड़ेगा। तथ्य बताते हैं कि चीन अभी भी संसाधनों और संख्या के मामले में आगे है, लेकिन भारत ने पिछले एक दशक में जो रणनीतिक बदलाव किए हैं, उन्होंने इस अंतर को तेजी से कम किया है।

सबसे पहले सैन्य संख्या की बात करें तो चीन के पास लगभग बीस लाख सक्रिय सैनिक हैं जबकि भारत के पास करीब चौदह से पंद्रह लाख के बीच सक्रिय सेना है। पहली नजर में यह अंतर बड़ा लगता है, लेकिन युद्ध केवल संख्या से नहीं जीता जाता। भारत के पास अर्धसैनिक बलों का विशाल ढांचा है जो युद्ध की स्थिति में बड़ी ताकत बन सकता है।

हथियारों और तकनीक की बात करें तो वायु शक्ति के मामले में तस्वीर साफ तौर पर चीन के पक्ष में झुकी हुई नजर आती है। कुल सैन्य विमान बेड़े में चीन के पास लगभग 3300 से अधिक विमान हैं, जबकि भारत के पास करीब 2229 विमान हैं। यानी संख्या के लिहाज से चीन को स्पष्ट बढ़त हासिल है। अगर केवल लड़ाकू विमानों की बात करें तो यह अंतर और भी चौड़ा हो जाता है। चीन के पास करीब 2000 से 2100 लड़ाकू विमान हैं, जबकि भारत के पास लगभग 550 से 600 के बीच फाइटर जेट हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि सीधे हवाई टकराव की स्थिति में चीन की संख्या आधारित ताकत भारी पड़ सकती है। हालांकि तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही अहम है। भारत की वायुसेना केवल संख्या पर नहीं, बल्कि संतुलित संरचना, मल्टी रोल क्षमता और रणनीतिक तैनाती पर आधारित है, जो उसे हर हालात में जवाब देने लायक बनाती है।

इसके अलावा यह भी तथ्य अहम है कि भारत इस अंतर को तेजी से कम करने की दिशा में आक्रामक कदम उठा चुका है। भारत ने फ्रांस के साथ बड़े स्तर पर रक्षा करार करते हुए 26 राफेल मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दी है, जो विमानवाहक पोतों पर तैनात होंगे और समुद्री युद्ध क्षमता को मजबूत करेंगे। इसके साथ ही भारत 114 नए मल्टी रोल राफेल लड़ाकू विमानों के बड़े सौदे की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है, जो वायुसेना की ताकत को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। इतना ही नहीं, फ्रांस के साथ संयुक्त उत्पादन, हेलिकॉप्टर निर्माण और मिसाइल सिस्टम के सह उत्पादन जैसे समझौते भी किए जा रहे हैं, जिससे भारत न केवल अपनी वायु शक्ति बढ़ा रहा है बल्कि आत्मनिर्भर रक्षा निर्माण की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वायु शक्ति बढ़ाने के लिए भारत कई अन्य देशों से भी खरीद के मुद्दे पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण तथ्य नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का युद्ध अनुभव चीन से कहीं अधिक व्यावहारिक है। खासकर ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की बात करें तो भारतीय सेना का अनुभव लद्दाख और सियाचिन जैसे क्षेत्रों में चीन से कहीं आगे है। यह वह मोर्चा है जहां आंकड़े नहीं बल्कि जमीनी हकीकत जीत तय करती है।



इसके अलावा, जमीनी युद्ध की स्थिति में हिमालय भारत के लिए एक प्राकृतिक किला बन जाता है। चीन की भारी सेना और उपकरण इस इलाके में उतने प्रभावी नहीं रह जाते जितने खुले मैदान में होते हैं। भारतीय सेना ने दशकों तक इन परिस्थितियों में खुद को ढाला है, जबकि चीन को इस तरह की चुनौतियों का सीमित अनुभव है।

वहीं तोपखाने और तैनाती की बात करें तो भारत की स्थिति कई मामलों में मजबूत है। ऊंचाई पर तेजी से हथियार पहुंचाने और उन्हें संचालित करने की क्षमता भारत की बड़ी ताकत है।

नौसेना के क्षेत्र में तस्वीर थोड़ी अलग है। चीन की नौसेना आकार में बड़ी है, लेकिन भारत की भौगोलिक स्थिति उसे रणनीतिक बढ़त देती है। हिंद महासागर में भारत का प्रभाव चीन के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है। भारत के पास विमानवाहक पोत हैं और समुद्री मार्गों पर उसकी पकड़ मजबूत है। युद्ध की स्थिति में यह क्षेत्र चीन की आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित कर सकता है।

अब बात आती है आधुनिक युद्ध की, जहां असली खेल साइबर और अंतरिक्ष में हो रहा है। इस क्षेत्र में चीन ने तेजी से बढ़त बनाई है। साइबर हमले, उपग्रह तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में चीन आगे है। भारत ने इस दिशा में कदम जरूर बढ़ाए हैं, लेकिन अभी काफी दूरी तय करनी बाकी है। यही वह क्षेत्र है जो आने वाले समय में युद्ध की दिशा तय करेगा। देखा जाये तो सामरिक दृष्टि से यह मुकाबला केवल दो देशों के बीच नहीं है। यह पूरे एशिया में शक्ति संतुलन की लड़ाई है। भारत अब केवल सीमा की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रहा है। पड़ोसी देशों के साथ सहयोग, कनेक्टिविटी परियोजनाएं और वैश्विक साझेदारियां इस दिशा में साफ संकेत देती हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्र प्रथम नीति ने पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। इस नीति का सीधा असर रक्षा क्षेत्र में दिख रहा है। भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला देश नहीं रहना चाहता, बल्कि खुद उत्पादन करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीमा क्षेत्रों में सड़कों और बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास, सेना को आधुनिक हथियारों से लैस करना और वैश्विक स्तर पर रणनीतिक साझेदारी बढ़ाना इस नीति के प्रमुख स्तंभ हैं। इसका परिणाम यह है कि भारत अब जवाबी रणनीति अपनाने की स्थिति में आ चुका है। बहरहाल, यह एक तथ्य है कि चीन अभी भी संसाधनों, बजट और तकनीक में आगे है। लेकिन भारत ने अपनी कमजोरियों को ताकत में बदलना शुरू कर दिया है। भूगोल, अनुभव और रणनीतिक सोच भारत को इस मुकाबले में मजबूती देते हैं। अगर टकराव होता है तो यह एकतरफा नहीं होगा। भारत अब वह देश नहीं है जो दबाव में झुक जाए। यह एक ऐसा राष्ट्र बन चुका है जो चुनौती को स्वीकार करता है और जवाब देने की क्षमता रखता है। डोकलाम और गलवान दिखा चुके हैं कि भारत अब चीन के मुकाबले में पीछे नहीं, बल्कि बराबरी पर खड़ा है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कारोबारियों को बड़ा निवेश करने से बचना चाहिये। घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। अनुशासनहीनतापूर्ण व्यवहार से आपको बचना चाहिये।

**वृषभ**
अपने रसूख और प्रतिष्ठा के कारण आप अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। ललित कलाओं का आनन्द ले सकते हैं।

**मिथुन**
विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी।

**कर्क**
नये प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यन्त सक्रिय रहेंगे। ऑफिस में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता हो सकती है।

**सिंह**
अकारण लोगों से विवाद होने की आशंका है। धैर्यवान होकर सभी काम करें। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है।

**कन्या**
व्यवसाय में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। धन कमाने के नये स्रोत बना सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**तुला**
बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपको चुनौतियों वाला काम मिल सकता है।

**वृश्चिक**
व्यापार को लेकर आपके मन में पूरे दिन आइडियाज आते रहेंगे। शेयर मार्केट से होने वाले नुकसान की भरपायी करने के लिये दिन अच्छा है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिन्तित रहेंगे। वाहन में खराबी आ सकती हैं। नये ज्ञान को सीखने का प्रयास करेंगे। लेकिन धन की कमी के कारण आपके काम रुक सकते हैं।

**मकर**
आज आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। दिखावे की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिये। नये काम की शुरुआत करने के लिये दिन अत्यन्त शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**कुंभ**
आपके कार्यों से परिजन नाराज होंगे। किन्तु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिये। लोगों की सहायता करने के लिये आप उधार दे सकते हैं।

**मीन**
किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की सम्भावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। आपको जॉब में उच्चपद प्राप्त हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चैती छठ घाट पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर संध्या अर्घ्य बेला में आस्था का जनसैलाब देखने को मिला। व्रतियों ने पूर्ण भक्ति भाव के साथ अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया।प्रखंड के रामनगर दियारा, बाबा साहब की कुटिया, भरोसी टोला पुल घाट एवं रूपस स्नानी घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई।पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए ग्रामीण स्तर पर स्वंयसेवी संस्था के सदस्य व स्थानीय प्रशासन के कुछ जवान प्रतिनियुक्त नजर आए।बुधवार की सुबह उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों के महापर्व छठ का समापन होगा।लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और सूर्य उपासना का यह सिलसिला हमेशा की तरह अनवरत चलता रहेगा।


### चैती छठ के पहले अर्घ्य पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**पालीगंज (पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के प्रथम अर्घ्य के अवसर पर मंगलवार को पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। हजारों की संख्या में छठव्रतियों ने विभिन्न घाटों पर पहुंचकर पवित्र तालाबों में डुबकी लगाई और भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया। पटना जिले के दुल्हिनबाजार स्थित देश के 12 प्रसिद्ध सूर्य मंदिरों में शामिल उलार सूर्य मंदिर परिसर में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर स्थित पवित्र तालाब में छठव्रतियों ने पारंपरिक गीतों के बीच अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान पूरा वातावरण भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालुओं की भीड़ देर शाम तक बनी रही। वहीं पालीगंज नगर पंचायत क्षेत्र के मिल्की में भी हजारों व्रतियों ने पूरे विधि-विधान के साथ पहला अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मद्देनजर प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। महिला पुलिस बल समेत पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार, डीएसपी राजीव चंद्र सिंह एवं संबंधित थानाध्यक्ष स्वयं घाटों पर मौजूद रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि अर्घ्य देने आए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद नजर आया, जिससे पर्व के पहला अर्ध शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया ।

### दो पक्षों में मारपीट, एक व्यक्ति घायल

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गोरैया स्थान, नागा टोला गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस मारपीट के दौरान एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि गोरैया स्थान, नागा टोला के गांव के रहने वाले रामाधार राय व अनिल राय के बीच में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के बीच में मारपीट के दौरान अनिल राय घायल हो गए। जिसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में थाने पर पहुंचकर अनील राय ने शिकायत पुलिस से की है।

### कादिरगंज थाना का एएसपी ने किया औचक निरिक्षण



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थानों में विधि व्यवस्था के संधारण को लेकर एएसपी कई थानों में औचक निरीक्षण कर रहे हैं, इसी क्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोमल मीणा के द्वारा कादिरगंज थाने का औचक निरिक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के क्रम में थाना दैनिकी, हाजत, मालखाना, उउळठर, सिरिस्ता कार्यों तथा काण्डों के अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्यों/अनुसंधान के ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सक्रिय गश्ती में वृद्धि, सूचना-संग्रह तंत्र को सुदृढ़ करने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित, योजनाबद्ध एवं प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए, जिससे जनसुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। चैती छठ एवं रामनवमी पर्व के दृष्टिगत विधि-व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पटना-गया रेल खंड में पैंसेजर स्पेशल ट्रेन का हुआ परिचालन



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना और गया के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह एक राहत भरी खबर है। रेलवे द्वारा शुरू की गई यह पैसेंजर स्पेशल (03263/03264) मुख्य रूप से उन लोगों को ध्यान में रखकर चलाई जा रही है जो स्थानीय स्टेशनों और हॉल्ट्स के बीच दैनिक आवागमन करते हैं।यह ट्रेन 23 मार्च से शुरू हो चुकी है और 6 अप्रैल 2026 तक अपनी सेवाएं देगी। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह एक्सप्रेस ट्रेनों के विपरीत रूट के सभी छोटे-बड़े स्टेशनों और हॉल्ट पर रुकेगी।पटना से गया शाम 05:15 बजे रात 08:35 बजे पुनपुन, तारेगना, जहानाबाद, बेला गया से पटना सुबह 05:00 बजे सुबह 08:00 बजे बेला, टेहटा, जहानाबाद, जटडुमरी यह ट्रेन पटना-गया रेलखंड के लगभग हर स्टेशन पर रुकेगी,इसके अलावा रास्ते में पड़ने वाले सभी हॉल्ट पर भी इसका ठहराव सुनिश्चित किया गया है।: शाम के समय पटना से गया जाने वाले सरकारी कर्मचारियों और व्यापारियों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।होली के बाद और चैत्र नवरात्रि के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह कदम उठाया गया है।

### श्रीराम - भरत मिलाप की मर्मभेदी कथा सुनाई

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाबा दुःखहरण नाथ मंदिर, ग्राम इंग्लिश के पावन प्रांगण में चल रहे संगीत मय श्रीराम कथा के सातवें दिन मंगलमूर्ती लोकसंत श्री जयरामजी महाराज ने चित्रकूट का प्रसंग कहते हुए श्रीराम - भरत मिलाप की मर्मभेदी कथा का वर्णन किया। प्रथम भगति संतन्ह कर संगा। दूसरी रति मम कथा प्रसंगा।। कथाक्रम को आगे बढ़ाते हुए महराज जी ने सुप्रनखा के द्वारा माता जानकी पर झपट पड़ने और कुमार लक्ष्मण के द्वारा सुर्पनखा के नाक - कान छेदन और खर-दूषण वध की कथा के साथ ही सीताहरण, अन्वेषण और माता सबरी के आश्रम पहुंचकर नवधाभक्ति का विस्तार से वर्णन किया । उक्त भक्तिपूर्ण पावन कार्यक्रम में कथा के मुख्य श्रोता हनुमत उपासना मंडल के अध्यक्ष शिक्षाविद् सत्येन्द्र प्रसाद सिंह , मुख्य अतिथि प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर, साहित्यकार जितेन्द्र चैतन्य सहित सैंकड़ों ग्रामीण गणमान्य श्रद्धालु पुरुष - महिला एवं बच्चों के साथ श्रीराम कथा आयोजन।समिति के सदस्य विशुद्धानंदजी, वेदप्रकाशजी, अशोकजी, प्रियव्रतजी, धर्मवीरजी, डॉक्टर शुभदेवजी, अमृत शर्मा, गुंजनजी और रंजन जी भी उपस्थित रहे ।

# मणीचक सूर्य मंदिर धाम पर आस्था का उमड़ा जनसैलाब









## अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य, आज उदीयमान सूर्य को देंगे अर्घ्य



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ को लेकर पूरा मसौढ़ी भक्तिमय रहा. महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया, अगले सुबह बुधवार को उदियमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसिय महापर्व का अनुष्ठान संपन्न होगा।ऐसें में मसौढ़ी मणिचक सूर्य मंदिर घाट पर आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा. हजारों की संख्या में छठव्रतियों का हूजूम देखते बना. पुलिस प्रशासन की चप्पे-चप्पे पर नजर रही. सीसीटीवी, ड्रोन कैमरे व वॉच टावर की मदद से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं. सादे लिबास में भी पुलिस की तैनाती की गई थी। मौके पर विधायक अरुण मांझी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन, डॉ राम जयपाल, अभय कुमार एवं मंदिर कमेटी के सभी सदस्य गण उपस्थित रहे, मणिचक सूर्य मंदिर घाट के सचिव नवल भारती ने बताया कि मसौढ़ी का मणिचक कई मायनों में ऐतिहासिक और पौराणिक रहा है. ऐसे में यहां दूर-दराज से कई जिलों के लोग मन्नतें मांगने आते हैं. मसौढ़ी का मणिचक सूर्य मंदिर पटना जिले में प्रसिद्ध है. प्रत्येक साल चैती छठ और कार्तिक छठ करने के लिए छठव्रती पहुंचती हैं. इसके अलावा धनरूआ के बरनी छठ घाट और पुनपुन के पावन तट पर भी सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने छठ व्रत का अनुष्ठान किया। बहरहाल मंगलवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की. इसके पहले घाटों पर लोगों का हुजूम उमड़ता रहा. अर्ध देने के बाद छठवृतियों ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया धूप जलाया और छठी मैया का गीत भी गाये. घाटों पर पारंपरिक गीत भी गूंजते रहे.

## ठेकुआ छठ पूजा का है महाप्रसाद, आस्था, परंपरा और औषधीय महत्व का है संगम



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा केवल सूर्य और प्रकृति की आराधना नहीं, बल्कि सादगी, शुद्धता और भारतीयता का प्रतीक है। इस पर्व का महाप्रसाद है ठेकुआ का प्रसाद, जिसे 'महाप्रसाद' कहा जाता है। जो आटे, गुड़ और घी से बना यह पारंपरिक व्यंजन न केवल स्वादिष्ट होता है, बल्कि इसमें आस्था, परंपरा और औषधीय महत्व तीनों का संगम मिलता है। ठेकुआ छठ पूजा का है महाप्रसाद, ऐसे में चैती छठ पूजा मे सभी छठवर्ति मणीचक धाम पर छठी मैया के गितो के साथ ठेकुआ बना रहे है। छठवर्ति की माने तो ठेकुआ यह सिखाता है कि सादगी में भी भक्ति का स्वाद छिपा होता है, और घर की मिट्टी से बने आटे में भी सूर्य की दिव्यता घुली होती है। यह प्रसाद केवल पेट नहीं भरता, यह परंपरा, पीढ़ी और आस्था को जोड़ता है, यही इसकी असली महिमा है।श्रीरामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर के पुजारी गोपाल पांडे ने बताया की ठेकुआ का इतिहास वैदिक काल से चली आ रही है। माना जाता है कि जब लोग खेतों में सूर्य की उपासना करते थे, तब प्राकृतिक और बिना तेल वाले भोजन को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता था। धीरे-धीरे यह परंपरा क्षेत्रों में 'छठ प्रसाद' के रूप में स्थापित हुई।।वहीं ठेकुआ बना रही छठवर्ति ललिता देवी ने बताया की हमलोग स्वयं अपने हाथों से ठेकुआ बनाते हैं। यह प्रसाद सूर्य देव को अर्पित किया जाता है और फिर परिवार व समाज में वितरित होता है। इसीलिए इसे 'महाप्रसाद' कहा जाता है, क्योंकि इसमें स्वयं सूर्य की आशीर्वाद ऊर्जा समाहित मानी जाती है। ठेकुआ घर की रसोई में नहीं, बल्कि स्वच्छ और पवित्र स्थल पर बनता है। छठवर्ति ललिता देवी पति शिव शंकर कुमार, संध्या देवी पति रंजीत कुमार पूष्पा देवी पति अंजय कुमार, सुमन देवी पति अजीत कुमार आदी शामिल रहे।

## एनएसएस ने किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद लिए गए गांव अर्जुन टोला, मई में संचालित सात दिवसीय विशेष सामुदायिक जागरूकता शिविर के द्वितीय दिवस पर 'बाल स्वास्थ्य, पोषण एवं टीकाकरण जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बच्चों का समुचित पोषण और समय पर टीकाकरण एक स्वस्थ समाज की नींव है तथा इसके प्रति जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पिंकी कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य, संतुलित आहार और नियमित टीकाकरण को लेकर जागरूकता फैलाना इस शिविर का मुख्य लक्ष्य है।कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा गांव में घर-घर जाकर बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं टीकाकरण से संबंधित जानकारी दी गई। ग्रामीणों को संतुलित आहार, स्वच्छता तथा नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही माताओं को बच्चों की देखभाल एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों शिवम, सुमित, शोशल, सौरव, खुशी, अभिराज, आयुष, पल्लवी, ऋचा कुमारी सिंह, अमन, शुभम ने सक्रिय भागीदारी निभाई और ग्रामीणों के बीच स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### दो गुटों में हिंसक झड़प, भाला से मार कर किया जख्मी, 10 नामजद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बद्रीबीघा गांव में सोमवार की देर शाम को जमीन विवाद में दो गुटों में हिंसक झड़प हुई है, आरोप है की भाला फेंक कर जानलेवा हमला किया है, जिसमें नीतीश कुमार पिता विमल प्रसाद के बाएं हाथ में छेद हो गया है, लहू लुहान स्थिति में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी नीतीश कुमार के बयान पर 10 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है, जख्मी नीतीश कुमार पिता विमल प्रसाद ने बताया कि पंच के द्वारा बांटे गए जमीन पर हम अपना मकान बनाने के लिए दीवाल उठा रहे थे उसी दरमियान हमारे गांव के ही तकरीबन 10 की संख्या में महिला पुरुष लोग आ धमके और गाली गलौज मारपीट करना शुरू कर दिए जब हमने इसका विरोध किया तो रंजन कुमार ने हाथ में भाला लेकर मारा जिसका बचाव किया तो बाएं हाथ में वह छेद हो गया और खून बहने लगा इसके अलावा सभी लोग ईट फेंक कर मारने लगे, इसमें कई लोग चोटील हुए हैं।

## रोड शो के क्रम में अथमलगोला में मोकामा विधायक का भव्य स्वागत



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर पटना से मोकामा जाने के क्रम में रुके जदयू नेता सह मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह उर्फ छोटे सरकार का भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ अथमलगोला से गुजरने के क्रम में समर्थकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। छोटे सरकार जिंदाबाद, अनंत सिंह जिंदाबाद का नारा लगाते समर्थक उत्साहित नजर आए। ज्ञात हो कि मोकामा विधायक दुलारचंद हत्याकांड मामले में माननीय न्यायालय से जमानत मिलने के बाद आज पटना स्थित आवास से मोकामा तक रोड शो निकाला गया। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह प्रखंड के सबनिमा, अथमलगोला बाजार दुर्गा स्थान के निकट सैकड़ों समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही तीनपाई टोला जमालपुर में भी बड़ी संख्या में जमा समर्थकों से मिले और उनका माला स्वीकार कर गंतव्य की ओर निकल पड़े।

### बाढ़ अनुमंडल में अनंत सिंह का भव्य स्वागत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह के जेल से करीब चार महीने बाद बाहर आने पर बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में मंगलवार को लगभग 11 बजे उनका भव्य स्वागत किया गया। समर्थकों ने गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार अभिनंदन किया। जेल से रिहा होने के बाद अनंत सिंह का काफिला विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करते हुए आगे बढ़ता रहा। इसी क्रम में उन्होंने जगदंबा स्थान में पूजा की। इसके बाद उनका काफिला बाढ़ अनुमंडल के सबनीमा गांव पहुंचा, जहां संवेदक संजय सिंह के आवास पर वे कुछ देर के लिए रुके। यहां समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी रही और लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हालांकि, इस दौरान मीडिया द्वारा बातचीत करने के प्रयास किए गए, लेकिन अनंत सिंह ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी और मीडिया से दूरी बनाए रखी। इसके बाद उनका काफिला अथमलगोला बाजार होते हुए बाढ़ की ओर बढ़ गया।

## ग्रामीण आजीविका सुधार हेतु चार दिवसीय समेकित मत्स्य पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में मत्स्य विभाग, बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित 'ग्रामीण आजीविका सुधार हेतु समेकित मत्स्य पालन की तकनीकियां' विषय पर आयोजित चार दिवसीय (20-23 मार्च, 2026) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन 23 मार्च, 2026 को हुआ। इस प्रशिक्षण में अररिया जिले के 31 किसानों ने भाग लिया, जिन्हें समेकित मत्स्य पालन की उन्नत तकनीकों का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने किसानों को संबोधित करते हुए समेकित कृषि प्रणाली अपनाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन के साथ बत्तख पालन को जोड़कर उत्पादन एवं आय को बढ़ाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने तालाब के किनारे आम, अमरूद, नींबू जैसे फलदार वृक्ष लगाने तथा तालाब के किनारे सेम, टमाटर जैसी सब्जियों की खेती करने की सलाह दी। डॉ. कमल शर्मा, प्रभागाध्यक्ष, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन ने कहा कि समेकित मत्स्य पालन प्रणाली संसाधनों के समुचित उपयोग पर आधारित एक टिकाऊ एवं लाभकारी मॉडल है, जो किसानों को बहुआयामी आय के अवसर प्रदान करता है।डॉ. आशुतोष उपाध्याय, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग ने जल प्रबंधन के महत्व पर बल देते हुए कहा कि तालाब प्रबंधन, वर्षा जल संचयन एवं जलवायु अनुकूल तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं संसाधन संरक्षण दोनों सुनिश्चित किए जा सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों, तालाब प्रबंधन, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, आहार प्रबंधन तथा समेकित कृषि प्रणाली के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की सफलता में पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. सुरेन्द्र कुमार अहिरवाल, पाठ्यक्रम सह-निदेशक डॉ. बिश्वजीत देबनाथ, डॉ. तारकेश्वर कुमार, डॉ. विवेकानंद भारती एवं डॉ. राकेश कुमार सहित अन्य तकनीकी अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### चैती छठ के तीसरे दिन अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को दिया अर्घ्य

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को चैती छठ के तीसरे दिन बाढ़ के प्रसिद्ध उमानाथ तथा पोस्ट ऑफिस घाटों पर छठव्रतियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर छठव्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान किया तथा सुख शांति की कामना की। लोकआस्था का पर्व चैती छठ चैत्र माह के शुक्लपक्ष के चतुर्थी तिथि से प्रारंभ होती है। और सप्तमी तिथि पारण के साथ ही यह संपन्न हो जाता है। इस अवसर पर बाढ़ की एसडीएम गरिमा लोहिया, थानाध्यक्ष बाढ़ बृज किशोर सिंह तथा नगर परिषद के चेयरमैन संजय कुमार उर्फ गायमाता ने घाट पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। वहीं गंगा नदी में एसडीआरएफ की टीम भी मुस्तैद देखी गई।

## लापरवाही बनी मौत की वजहः वंदे भारत की चपेट में आया युवक, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार की सुबह बाढ़ रेलवे स्टेशन पर एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने वहां मौजूद हर व्यक्ति को अंदर तक हिला कर रख दिया। यह घटना सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक बड़ी चेतावनी है—एक छोटी सी लापरवाही कैसे किसी की जिंदगी छीन सकती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पटना की ओर से आ रही अत्याधुनिक और तेज रफ्तार वंदे भारत ट्रेन जैसे ही स्टेशन के करीब पहुंची, उसी दौरान एक व्यक्ति पटरी की तरफ चला गया।

बताया जा रहा है कि वह खैनी थूकने के लिए ट्रैक की ओर गया था। लेकिन अगले ही पल जो हुआ, वह बेहद भयावह था। तेज गति से आ रही ट्रेन का अंदाजा वह नहीं लगा सका और कुछ ही सेकंड में वह उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोग सन्न रह गए और तुरंत इसकी सूचना रेल थाना बाढ़ की पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को उठाकर तुरंत बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सिर में लगी गंभीर चोटों के कारण इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। रेल पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पहचान कराने की कोशिश जारी है।

## अथमलगोला में रेस्टोरेंट व दुकानों में प्रशासन ने की छापेमारी




**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुश्री श्वेता आनंद के नेतृत्व में अथमलगोला स्टेशन बाजार के विभिन्न रेस्टोरेंट, दुकानों में औचक छापेमारी की गई। छापेमारी का उद्देश्य होटलों में घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित एलपीजी गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग किए जाने की जांच करना था।हालांकि होटल परिसरों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग होता हुआ नहीं पाया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है।एम ओ सुश्री श्वेता आनंद ने कहा कि बाढ अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया के निर्देश पर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया कि वे केवल व्यावसायिक उपयोग के लिए निर्धारित गैस सिलेंडरों का ही प्रयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें।मौके पर मौजूद अथमलगोला थाने में पदस्थापित एसआई योगेन्द्र प्रसाद ने कहा की प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नेतृत्व में थाना पुलिस की टीम ने अथमलगोला स्टेशन बाजार में घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की जांच की ।लेकिन ऐसा कोई दुकानदार नहीं मिला , जिसने अनियमितता की हो।उन्होंने आगे इस तरह की औचक निरीक्षण चलते रहने की बात कही है।

## बीएसईबी 12वीं बोर्ड के रिजल्ट में गोल के छात्रों का धमाकेदार प्रदर्शन



अनन्या कुमारी 92.8% मार्क्स | सत्यम कुमार 91.4% मार्क्स | रूपम रंजन 91% मार्क्स | सुहानी सिंह 90.8% मार्क्स | आर्यन राज 90% मार्क्स

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसईबी बोर्ड के 12वीं के परीक्षाफल घोषित कर दिए गए हैं। अच्छे रिजल्ट से उत्साहित गोल संस्थान के छात्र एवं छात्राओं ने जमकर सफलता का उत्सव मनाया । इस परीक्षा में 92.8% अंक प्राप्त करने वाली अनन्या कुमारी ने कहा कि 10वीं पास करने के बाद मैं असमंजस में थी कि आगे की तैयारी के लिए किस संस्थान को चुनूँ, लेकिन गोल संस्थान के गोल विलेज से तैयारी करने का निर्णय हमारे जीवन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ निर्णय रहा और हमें बहुत खुशी है कि हमने गोल संस्थान से तैयारी कर बोर्ड की परीक्षा में बहुप्रतिक्षित सफलता पाया । अनन्या कुमारी ने बताया कि बोर्ड में अच्छे मार्क्स के साथ-साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में भी अच्छे मार्क्स आने की संभावना है, और उम्मीद है कि पहले प्रयास में ही टॉप मेडिकल कॉलेजों में दाखिला मिलेगा। अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ गोल संस्थान के पूरे टीम को देते हुए कहा कि गोल संस्थान द्वारा बोर्ड और कॉम्पीटीशन दोनों की तैयारी एक साथ करवाई गई। साथ ही उन्होंनें अपने सफलता के लिए गोल संस्थान के प्रतियोगी माहौल और यहाँ के शिक्षकों की तारीफ करते हुए कहा कि गोल संस्थान में कॉम्पिटिटीव तैयारी एवं टेस्ट के साथ-साथ पर्सनल केयर के कारण हमने यह सफलता प्राप्त की है । 91.4% स्कोर प्राप्त करने वाले गोल संस्थान के ही गोल विलेज के सत्यम कुमार बताते हैं कि गोल का स्टडी मेटेरियल एवं काम्पीटशन के साथ-साथ बोर्ड बेस्ड टेस्ट इस तरह से लिया जाता है कि छात्रों को बोर्ड और कॉम्पीटशन दोनों एक साथ पहले प्रयास में ही निकालना आसान हो जाता है। सत्यम बताते हैं कि गोल संस्थान के सहयोग से हमने बोर्ड में अच्छे मार्क्स प्राप्त किए एवं नीट 2026 की परीक्षा में भी अच्छे मार्क्स आने की संभावना है। इसके अलावा गोल बुद्धा कॉलोनी ब्रांच के रूपम रंजन 91% मार्क्स एवं गोल कंकड़बाग ब्रांच के सुहानी सिंह 90.80% मार्क्स, गोल कंकड़बाग ब्रांच के ही आर्यन राज 90% लाकर गोल को गौरवान्वित किया है। सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए गोल संस्थान के फाउण्डर एवं मैनेजिंग डॉयरेक्टर श्री बिपीन सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता, छात्रों की मेहनत एवं समस्त गोल टीम की सफलता है और हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस वर्ष हमारे छात्र बोर्ड में अच्छे स्कोर के साथ ही मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में भी सफलता के परचम लहराकर यह सिद्ध करेंगे की गोल संस्थान पूर्वी भारत का नम्बर 1 संस्थान है । छात्रों को बधाई देते हुए गोल संस्थान के असिस्टेंट डॉयरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार गोल संस्थान के 100 से अधिक छात्रों ने 85% से अधिक स्कोर कर संस्थान को गौरवान्वित किया है और आने वाले नीट के परिणाम पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर आने की संभावना है। संस्थान के आनंद वत्स ने कहा कि हमारी संस्थान 12वीं पास छात्रों के लिए टारगेट कोर्स के माध्यम से मेडिकल एवं इंजिनियरिंग की तैयारी करवाएगी जिसमें छात्रों के प्रतिभा के अनुसार 100% तक छात्रवृत्ति देगी ।

CMYK

# नशा मुक्त अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मोतिहारी/ पू.चं./नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नशा मुक्त अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मादक द्रव्यों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पूर्वी चंपारण, मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी तथा आजाद यूथ ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 24 मार्च 2026 को एक दिवसीय जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासी पदाधिकारी श्री संजय कुमार सिंह, जिला समन्वयक (सामाजिक) राजीव रंजन झा, मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अरुण कुमार, मुंशी सिंह महाविद्यालय के एन.एस.एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. गौरव भारती तथा आजाद यूथ ऑर्गेनाईजेशन के संस्थापक कफील अहमद आजाद सहित बड़ी संख्या महाविद्यालय के में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. अरुण कुमार ने नशे के कारणों, उसके दुष्प्रभावों एवं नशा मुक्ति के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे न केवल व्यक्ति, बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों तथा चंपारण सत्याग्रह का उल्लेख करते हुए कहा कि नशा मुक्ति के लिए सतत, संगठित और सक्रिय प्रयासों की आवश्यकता है। सहायक प्रशासी पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने "नशा मुक्त अभियान" की आवश्यकता पर बल देते हुए युवाओं की सक्रिय भागीदारी को इसकी सफलता की कुंजी बताया। वहीं जिला समन्वयक राजीव रंजन झा ने पूर्वी चंपारण में नशा मुक्ति अभियान की प्रासंगिकता और आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. गौरव भारती ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के महत्व एवं उसके सकारात्मक प्रभावों को विभिन्न आंकड़ों के माध्यम से विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में कफील अहमद आजाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों ने आजाद यूथ ऑर्गेनाईजेशन की सक्रियता और योगदान की सराहना की। इस अवसर पर जागरूकता अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को टोपी एवं टी-शर्ट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. विदुषी दीक्षित, डॉ. अलोक कुमार पांडेय, डॉ. पवन कुमार, डॉ. रुपेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन 'नशा मुक्त भारत' के सामूहिक शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में सात वारंटियों को किया गिरफ्तार

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पुलिस ने हत्या का प्रयास, मारपीट व अवैध शराब पीने सहित अन्य मामलों में सात वारंटी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि हत्या का प्रयास मामले के प्राथमिक अभियुक्त व चिरैया थाना क्षेत्र के सगरदीना गांव निवासी मो. इम्तियाजुल के पुत्र शहाबुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। वही अवैध शराब सेवन मामले में माधोपुर गांव निवासी व अमरुद्दीन मंसूरी के पुत्र मोहम्मद साजिद आलम को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मारपीट व धमकी से जुड़े मामलों के वारंटी व खड़तरी गांव निवासी रामबाबू महतो के पुत्र संतोष कुमार, स्वर्गीय गोपाली महतो के पुत्र जगा महतो, भोला महतो के पुत्र रविंद्र महतो एवं जागा महतो के पुत्र चंदेश्वर महतो और पप्पू महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला के गले से सोने का लाकेट उड़ा ले गए चोर

शक के आधार पर महिला यात्री ने एक चोर को पड़कर रेल पुलिस को किया सुपुर्द

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या - 4 पर खड़ी जमालपुर तिलरत पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने के दौरान महिला यात्री के गले से सोने का लाकेट चोरी होने के मामले को लेकर प्लेटफार्म पर जमकर हंगामा हुआ। घटना के बारे में सहरसा की महिला यात्री मंजू देवी ने बताई की ट्रेन चढ़ने के दौरान मेरे गले से सोने का लाकेट किसी ने काट लिया। पीछे मुड़कर देखा तो तीन लोग भागने लगे जिसमें एक को



हम लोगों ने पकड़ लिया। हालांकि इस दौरान प्लेटफार्म पर भगदड़ जैसी माहौल देखा गया जिसका फायदा उठाकर लोग भाग खड़े हुए। महिला यात्री ने यह भी बताया कि मुझे शक है कि मुंगेर चंडी स्थान निवासी पवन कुमार जो अपना नाम पता बता रहे हैं यही मेरे गले से लाकेट चुराए हैं। इधर महिला यात्री द्वारा उक्त चोर को रेल पुलिस को सुपुर्द करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। जबकि रेल थानाध्यक्ष स्वराज कुमार ने इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। वही प्लेटफार्म पर लगे सीसीटीवी कैमरा बात देखने के बाद हिरासत में लिए गए यात्री पर करवाई की जाएगी।

### देश के अमर शहीदों की याद में माले की श्रद्धांजलि और संकल्प सभा आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती काबा पंचायत के जैतीपुर गांव में भाकपा माले और इंकलाबी नौजवान सभा के द्वारा शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की 95 वीं वर्षी के दूसरे दिन साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत श्रद्धांजलि व संकल्प सभा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान ने किया।इस कार्यक्रम में दर्जनों नौजवान और माले के कार्यकर्ता उपस्थित हुए कार्यक्रम का प्रारंभ भगत सिंह ,राजगुरु, सुखदेव के तैल चित्र पर पुष्पांजलि के साथ 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संबोधन में इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का सपना था कि भारत देश में एक शोषण विहीन समता मूलक समाज का



निर्माण हो गया। आज वह हमारे बीच नहीं हैं और उनका मिशन हम लोगों के लिए प्रेरणा का विषय है, मौके पर उपस्थित माले कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव ने कहा कि देश की आजादी में जो लोग अंग्रेजों की मुखबिरी कर रहे थे ।आज वैसे लोग सत्ता के शीर्ष स्थान पर बैठे हुए हैं ।ट्रंप के आगे नतमस्तक होकर विश्व व्यापार समझौता में जो ड्रिल किया गया है। वह बिल्कुल ही किसान विरोधी है और किसानों को गुलामी का दस्तावेज रचा है। साथ ही साथ मोदी सरकार श्रम कोड में संशोधन करके देशभर के मजदूरों को पुनः कॉर्पोरेट की गुलामी की ओर धकेल दिया है गरीबों के लिए चलाई जा रही मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को समाप्त कर ग्रामीण बेरोजगारों को भी रोजगार के अवसर को समाप्त करने की साजिश है।दुसरी तरफ अमेरिका इजरायल के द्वारा इरान पर हो रहे हमले की तीखी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन और साम्राज्यवादी आक्रामकता बताया यह विवाद पश्चिम एशिया को युद्ध में धकेलने का खतरा बना हुआ है। यह संघर्ष वैश्विक शांति अर्थव्यवस्था और मानवता के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। देश के एक ऐसे संकट के दौर में मजदूर किसान छात्र नौजवान और भगत सिंह के सपनों का अनुसरण कर देश की संकटकाल स्थिति में क्रांतिकारी विरासत को आगे बढ़ते हुए संघर्ष को आगे बढ़ाएं यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## ब्रह्मपुत्र मेल से शराब उतार भाग रहा शराब तस्कर गिरफ्तार

### आरपीएफ के साथ सीआईबी टीम को मिली सफलता



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आरपीएफ एवं सीआईबी की टीम ने ब्रह्मपुत्र मेल से शराब उतार कर भाग रहे एक तस्कर को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान छोटी दौलतपुर निवासी संतोष कुमार के रूप में हुई है। जिनके पास से 36 बोतल अंग्रेजी शराब विभिन्न ब्रांड का मिला है। इधर बरामद शराब एवं गिरफ्तार तस्कर की जानकारी देते हुए सीआईबी टीम के पदाधिकारी ने बताया कि सूचना मिल रही थी कि ब्रह्मपुत्र मेल से शराब का खेप लाया जा रहा है। जिसकी डिलीवरी रेलवे सुरंग के समीप होने वाला है। इसी सूचना पर आरपीएफ के साथ छापेमारी की गई जिस दौरान रंगे हाथ शराब तस्कर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किए गए। इधर बरामद शराब मामले में उत्पाद अधिनियम के तहत करवाई करने की बात इंस्पेक्टर राजीव नयन ने कही है। छापेमारी में एसआई एके रजक, कांस्टेबल एमके शर्मा, रवि कुमार सहित कई मौजूद थे।

## एनसीसी कैडेट्स को दिया गया आपदा आवसीय प्रशिक्षण

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** युवा आपदा मित्र योजना के तहत आपदा प्रशिक्षण को लेकर एसएमडी कॉलेज पुनपुन पटना के एन.सी.सी ईकाई के 11 गर्ल्स कैडेट्स और 10 बॉयज कैडेट्स ने 'युवा आपदा मित्र योजना' के अंतर्गत आयोजित कैंप राजेंद्र नगर पटना में आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेकर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण दक्षता हासिल की। प्रशिक्षण में कैडेट्स को आपदा से पहले, आपदा के दौरान और आपदा के बाद बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।कैडेट्स को बिहार राज्य की आपदा संवेदनशीलता के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैडेट्स 'युवा आपदा मित्र' बनकर विभिन्न प्रकार के आपदा जोखिमों को कम करने में यह विशेष प्रशिक्षण शिविर कैडेट्स को प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप और आग लगने की घटनाओं के दौरान त्वरित सहायता, रेस्क्यू और राहत कार्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

## घरेलू गैस की हो रही कालाबाजारी के खिलाफ उपभोक्ताओं ने किया हंगामा

### एजेंसी मैनेजर एवं वेंडर को पुलिस ने लगाई जमकर फटकार, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिव पार्वती गैस एजेंसी ईस्ट कॉलोनी द्वारा समय पर उपभोक्ता को घरेलू गैस उपलब्ध नहीं करने एवं गैस की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए उपभोक्ता ने एजेंसी में हंगामा किया। गैस आपूर्ति को लेकर दर्जनों की संख्या में महिला पुरुष उपभोक्ता के द्वारा थोड़ी देर के लिए अल्बर्ट रोड से लेकर ऑफिस तक जमकर गैस आपूर्ति करने की मांग करने लगे। इसी बीच मुंगेर दिग की गाड़ी वहां से गुजर रही थी तो उपभोक्ता ने साहब की गाड़ी को जाने दिए उसके बाद पुनः एजेंसी में हंगामा करने लगे। लाभुकों का कहना था कि 2 महीने से हम लोग परेशान हैं। ऑफिस कब खुलता है कब चिट्ठा काटता है यह पता नहीं है। एजेंसी मालिक एवं मैनेजर के साथ वेंडर मिलकर गैस की कालाबाजारी कर रहे हैं। इधर गैस एजेंसी में हंगामा की खबर सुनकर थानाध्यक्ष वीरभद सिंह ने पहले उपभोक्ता की बात सुनी उसके बाद एजेंसी के मैनेजर को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि अगर गैस नहीं है या ऑफिस बंद कर रहे हैं तो इसका नोटिस चिपकाना चाहिए था। ऐसा आगे से नहीं हुआ तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। इधर थानाध्यक्ष के इस निर्देश के बाद सुचारू रूप से गैस की आपूर्ति एजेंसी के द्वारा किया जाने लगा लेकिन थानाध्यक्ष के हटते ही यथावत स्थिति देखी गई।

## कलवार कल्याण समिति की 26वीं आमसभा में मेधावी छात्र सम्मानित, शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हिमालयी देश नेपाल के बीरगंज के आदर्शनगर स्थित कलवार कल्याण समिति द्वारा आयोजित 26वीं वार्षिक आमसभा एवं सम्मान समारोह बहुत ही उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष शम्भु प्रसाद कलवार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में शिवजी प्रसाद कलवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत नवदीप एकेडमी के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य से हुई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। समारोह में कृष्ण कुमार गुप्ता, वृजकिशोर प्रसाद, विश्वामित्र प्रसाद कलवार, भोला प्रसाद कलवार, बिरेन्द्र कुमार तथा अमिरिलाल प्रसाद कलवार सहित कई गणमान्य लोग एवं समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति द्वारा पर्सा जिले के कलवार समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। शैक्षिक वर्ष 2082 (बैशाख से चैत्र) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। र.ए.ए., कक्षा 12, स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी स्तर पर उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही र.ए.ए. परीक्षा में सर्वाधिक अंक हासिल करने वाले एक छात्र को विशेष छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव श्याम गुप्ता ने किया। अंत में समिति ने शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

## धनरूआ में प्रखण्ड स्तरीय मातृ शिशु पोषण पुरस्कार समारोह

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार का जीविका परियोजना के बैनर तले मंगलवार को धनरूआ के रञ्जू भवन में प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक मंतोष कुमार की अध्यक्षता में प्रखण्ड स्तरीय मातृ शिशु पोषण पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया समारोह में प्रखंड परियोजना प्रबंधक मंतोष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी , प्रखंड सांख्यिकी सह शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही साथ प्रखंड के क्षेत्रीय समन्वयक, सामुदायिक समन्वयक, HNS-MRP और CNRP के अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक द्वारा किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर मातृ-शिशु पोषण के सफल प्रयासों को पहचानना और बेहतर प्रथाओं को बढ़ावा देना है। समारोह में पोषण सुधार, गर्भवती और स्तनपान करने वाली माताओं के लिए सेवाओं की पहुँच, तथा समुदाय-आधारित निगरानी और समर्थन नेटवर्क की भूमिका पर जोर दिया गया।

## दो शराब तस्कर, तीन वारंटी व तीन पियक्कड़ गिरफ्तार



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुलिस ने एक विशेष समकालीन अभियान चलाया। जितना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने दो शराब कारोबारी, पूर्व के लंबित मामलों के तीन वारंटी और शराब का सेवन करने वाले तीन पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया है। एक साथ हुई इस धड़पकड़ से इलाके के अवैध शराब कारोबारियों और असामाजिक तत्वों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए लखौरा थाना क्षेत्र के खरझकियां निवासी अजय कुमार यादव पिता नागेंद्र यादव, घोड़ासहन थाना क्षेत्र के पोखरिया निवासी प्रदीप कुमार पिता सत्यानंद राय को 220.500 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं पूर्व के लंबित मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए की गई छापेमारी में जितना थाना क्षेत्र के भाटू टोला निवासी सूरज कुमार पिता जियालाल प्रसाद कुशवाहा, बनकटवा निवासी नंदू राम पिता राजदेव राम, बेला निवासी दुर्गा भगत पिता भविक्षण भगत को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा शराब पीकर हंगामा करने के मामले में पुलिस ने जितना थाना क्षेत्र के दोनों बलुआ धेनुखी निवासी सिकंदर ठाकुर पिता भिखारी ठाकुर, गोविंद महतो पिता राम सुनर महतो, छौड़ादानों थाना क्षेत्र के एकडरी निवासी लक्ष्मण कुमार पिता राजा राम राय को भी गिरफ्तार किया है।

## सनातन धर्म को बढ़ावा देती है मां दुर्गा को लगने वाली आरती



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जोगी बाबा स्थान रामपुर में चैती दुर्गा माता के दरबार में आरती लगाने या पूजा करने के लिए महिलाओं की उम्र को लेकर कोई निश्चित आयु सीमा या प्रतिबंध नहीं है। सनातन धर्म में नारी को शक्ति का रूप माना गया है और भक्त के रूप में किसी भी उम्र की महिला पूजा एवं आरती करते देखी गई। मंगलवार को छः पूजा को लेकर दुर्गा मंदिर में छोटी बच्चियों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक, सभी श्रद्धापूर्वक माँ की आरती सच्चे मन से करती देखी गई। इधर मंदिर में मौजूद पुजारी के द्वारा आरती करने से पहले स्नान करना, स्वच्छ वस्त्र पहनना और मन की पवित्रता सबसे महत्वपूर्ण होना बताया। जबकि संध्याकाल (सूर्यास्त के बाद) या सुबह के समय आरती करना सबसे शुभ माना जाता है।कुछ परंपराओं में मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को पूजा-पाठ या मूर्ति स्पर्श से बचने की सलाह दी गई।लेकिन यह व्यक्तिगत आस्था का विषय है। वही नवरात्र के दौरान संध्या बेला में आरती को लेकर मंदिर परिसर में पहुंचे तमाम माता बहनों का स्वागत सम्मान के साथ सुरक्षा का जिम्मा पूजा समिति के शंभू सिंह,अजय सिंह, संजय किसान,सनी कुमार,विपिन सिंह,रवि कुमार, रितेश कुमार, मोहन कुमार, केशव कुमार,सचिन कुमार,आदित्य कुमार,संतोष कुमार,राहुल कुमार,राजा कुमार,रोहन कुमार, पप्पू सिंह,विनोद सिंह,लकी कुमार पूरी निष्ठा के साथ पूरा करते देखे गए।

## बैंकिंग योजना की प्रगति एवं लक्ष्य प्राप्ति स्थिति को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक




**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में डीएलसीसी डीएलआरसी की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकिंग योजनाओं की प्रगति, उपलब्धि एवं लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने वार्षिक साख योजना के तहत जिले की उपलब्धि मात्र 33.37% रहने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे कैंप मोड में कार्य करते हुए कृषि, उद्योग एवं खुदरा क्षेत्र में ऋण वितरण को गति दें, ताकि 31 मार्च तक लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। बैठक में के उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना,पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि जैसी योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित बैंकों को इन योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति हेतु विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि वे लंबित ऋण मामलों एवं नीलाम पत्रों का शीघ्र निष्पादन करें। साथ ही पंजी कएवं के मिलान की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने को कहा गया।

## पीट लाइन में 4 घंटे का ब्लॉक लगने से अस्त-व्यस्त रहत ट्रेनों का परिचालन



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन के एआरटी बाहरी लाइन पर 4 घंटे का ब्लॉक लगाकर पटरी मरम्मत का कार्य किया गया। इधर लगाए गए ब्लॉक के दौरान ट्रैक ब्लॉकिंग या स्पॉट अटेंशन जैसे कार्य को किया गया। लगाए गए लगाए गए ब्लॉक के ट्रेनों की सुरक्षा और परिचालन को सुचारू बनाए रखने के लिए अनिवार्य रूप से करने की एक प्रक्रिया है जो एक रूटीन वर्क के तहत जारी रहता है।इधर 4 घंटे के लगे ब्लॉक के दौरान जमालपुर कियूल रेल खंड पर ट्रेनों का परिचालन अस्त व्यस्त रहा। स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार एवं टीआई मैनेजर नीरज कुमार ने बताया कि जब पटरी का एक हिस्सा दूसरी तरफ से अचानक नीचा या ऊँचा हो जाता है, तो उसे ठीक करने के लिए इस तरह का ब्लॉक सामान्य रूप से लगाया जाता है जिससे परिचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। लगाए गए ब्लॉक के दौरान सतर्कता का विशेष ख्याल रखा जाता है ताकि ब्लॉक के दौरान कोई ट्रेन गलती से पीट लाइन पर न आ जाए।

## स्क्रैप टू आर्ट पहलः जमालपुर लोको शेड द्वारा इन-हाउस कंप्रेशर यूनिट का विकास



**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सतत विकास, नवाचार तथा प्रभावी स्क्रैप प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जमालपुर लोको शेड ने स्क्रैप टू आर्ट पहल के तहत निष्प्रयोज्य (कंडेम्ड) लोकोमोटिव के अवशेष पुर्जो का उपयोग कर पूर्णतः इन-हाउस सुविधाओं से एक कंप्रेसर यूनिट का सफलतापूर्वक विकास किया है। यह परियोजना मंडल रेल प्रबंधक मालदा मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में संपन्न हुई तथा इसका उद्घाटन वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (डीजल), जमालपुर कृष्ण कुमार दास द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। पूर्णतः इन-हाउस प्रयासों से विकसित यह पहल मंडल की नवाचार, लागत दक्षता एवं उपलब्ध संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।नव विकसित कंप्रेसर यूनिट तत्काल 10 किग्रा/सेमीध् तक संपीड़ित वायु उत्पन्न करने में सक्षम है, जिससे निर्बाध एवं विश्वसनीय संचालन सुनिश्चित होता है। पूर्व में संपीड़ित वायु आपूर्ति हेतु डीजल लोकोमोटिव पर निर्भरता के कारण अधिक ईंधन खपत एवं परिचालन में विलंब होता था। यह इन-हाउस प्रणाली अब डीजल एवं विद्युत ऊर्जा की उल्लेखनीय बचत करती है,जनशक्ति की आवश्यकता को कम करती है तथा अनावश्यक शंटिंग कार्यों को समाप्त करती है। साथ ही, यह हाइड्रोलिक टॉर्क रिंच संचालन, ग्राइंडिंग तथा पुर्जों की सफाई जैसे अनुरक्षण कार्यों में दक्षता एवं टर्नअराउंड समय को भी बेहतर बनाती है।यह पहल भारतीय रेल की 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण तथा संसाधनों के इष्टतम उपयोग को बढ़ावा देती है। इस प्रकार के नवाचार परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ हरित एवं लागत प्रभावी रेलवे संचालन के राष्ट्रीय लक्ष्यों के अनुरूप हैं। जमालपुर लोको शेड, मालदा मंडल, पूर्व रेलवे के अंतर्गत नवाचार, दक्षता एवं पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं में निरंतर नए मानक स्थापित कर रहा है।


**शपथ पत्र**

मैं वर्षा कुमारी उर्फ वर्षा सिंह पत्नी धर्मेंद्र कुमार सिंह, न्यू सब्जपुरा, खगौल, पीन कोड 801105, पटना, बिहार की निवासी हूं। मेरा आधार नंबर 222466839253 है । इस शपथ पत्र के द्वारा घोषणा करती हूँ कि वर्षा कुमारी और वर्षा सिंह दोनो एक ही व्यक्ति है जो मैं हूँ और मैं वर्षा सिंह के नाम से जानी एवम पहचानी जाऊंगी।

**शपथ पत्र**

मैं प्रिया सिंह पिता कुमार कमलेश, हाउस न. 1580/148 बुद्ध मूर्ति, पश्चिमी लोहानीपुर, पोस्ट व थाना - कदमकुंआ, जिला- पटना बिहार- 800003, शपथ पूर्वक घोषणा करती हूं कि प्रिया सिंह एवम तन्नू प्रिया दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है और मैं दोनों नामों से जानी एवम पहचानी जाती हूं। मेरा एल आई सी पॉलिसी न. 512460287 है एवम मेरे आधार कार्ड सं - 9980 5534 5223 में मेरा नाम प्रिया सिंह है।


CMYK

# क्यूआर कोड आधारित लेन-देन अपनाने के लिए लाभार्थियों को किया प्रेरित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु जिला अंतर्गत नबीनगर प्रखंड में एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना द्वारा एक कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के 100 से अधिक विश्वकर्मा लाभार्थी एवं कारीगर, जो विभिन्न प्रकार के पारंपरिक उद्योगों से जुड़े हैं, उन्होंने भाग लिया। कार्यक्रम में एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना के सहायक निदेशक घमंडी लाल मीणा, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मो. अफ्फान, अग्रणी जिला प्रबंधक आनन्द वर्धन, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के दीपक कुमार सहित एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा विश्वकर्मा कारीगर एवं ट्रेनर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सहायक निदेशक द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों एवं लाभार्थियों का स्वागत करते हुए की गई। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। सभी वक्ताओं ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कारीगरों के सशक्तिकरण, कौशल उन्नयन एवं स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक द्वारा अपने संबोधन में योजना अंतर्गत प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, टूल-कीट वितरण एवं उद्यमिता विकास से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए लाभार्थियों से समय पर ऋण किस्त जमा करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में कारीगरों को कौशल उन्नयन, वित्तीय सहायता, डिजिटल लेन-देन, विपणन सहायता एवं उद्यमिता विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु लाभार्थियों को क्यूआर कोड आधारित लेन-देन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। तकनीकी सत्र में सचिन कुमार द्वारा सेल्स एवं मार्केटिंग तथा कुंदन कुमार द्वारा ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं लेखा-जोखा से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में ओपन हाउस चर्चा एवं फीडबैक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें लाभार्थियों एवं कारीगरों ने अपने अनुभव साझा किए एवं उपयोगी सुझाव दिए। यह जागरूकता कार्यक्रम स्थानीय कारीगरों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। अंत में एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना के वाईईपी तुषार पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।

# सीएचसी हसपुरा में अव्यवस्था चरम पर मरीजों को नहीं मिल रहा नाश्ता-भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हसपुरा में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति बदहाल हो गई है। अस्पताल में भर्ती मरीजों को नाश्ता और भोजन तक उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। मरीजों का आरोप है कि संवेदक की मनमानी के कारण अस्पताल में भोजन की व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। गैस की किल्लत का हवाला देकर पिछले कई दिनों से खाना नहीं बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार 12 मार्च से ही डिलीवरी पेशेंट समेत अन्य मरीजों को मिलने वाली चाय, बिस्कुट, भोजन और फल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी बंद हैं। इस संबंध में अस्पताल के एक निजी कर्मचारी मथुरा प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने पहले टालमटोल किया, बाद में गैस की कमी को कारण बताया। वहीं अस्पताल प्रबंधक मनीष कुमार और मैनेजर हेमंत कुमार से मोबाइल पर संपर्क करने पर उन्होंने मामले की जानकारी होने से इनकार किया। अस्पताल में भर्ती बिरहारा गांव की सरिता देवी, बाबू अमौना की शाकिबा खातून, मोती विगहा और बरैली चक की पूजा कुमारी सहित कई मरीजों ने बताया कि उन्हें भोजन तो दूर, चाय तक नसीब नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में मरीजों के परिजन अस्पताल परिसर के बाहर खुद भोजन बनाने को मजबूर हैं।

इधर, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कुणाल कामाख्या नारायण ने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है और जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। साथ ही लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। गौरतलब है कि एक ओर जहां सरकार द्वारा दी जाने वाली 1400 रुपये की डिलीवरी अनुदान राशि भी कई महीनों से लंबित है, वहीं दूसरी ओर अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र में सूर्योपासना का चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हो रहा है। नहाय-खाय के साथ आरंभ हुए इस महापर्व के तीसरे दिन छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। छठ पूजा का सबसे प्रमुख स्वरूप इसकी सादगी, शुद्धता, पवित्रता और गहन आध्यात्मिकता से जुड़ा होता है। पहले दिन श्रद्धालु नर-नारी अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाय-खाय का संकल्प लेकर नदी एवं तालाबों में स्नान करते हैं और अरवा भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखते हैं तथा शाम को गुड़ और दूध से बनी खीर एवं रोटी का प्रसाद ग्रहण कर चंद्रमा को अर्घ्य देते हैं। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला और निराहार व्रत प्रारंभ हो जाता है। महापर्व के तीसरे दिन व्रतधारी नदी एवं तालाबों में खड़े होकर अस्त होते सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस दौरान फल, फूल और कंद-मूल से भगवान सूर्य की पूजा की जाती है। इसके पश्चात अगले दिन प्रातःकाल उदित सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ ही छठ महापर्व का समापन होता है। गौरतलब है कि चैती छठ पूजा प्रायः देव, देवकुंड एवं अन्य धार्मिक स्थलों पर मनाई जाती है, हालांकि कुछ व्रती ग्रामीण क्षेत्रों में भी अर्घ्य अर्पित करते हैं।

इधर, छठ पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार एवं एसआई सुगंध कुमार पुलिस बल के साथ विभिन्न छठ घाटों का लगातार निरीक्षण करते नजर आए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो सके।


# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के छात्र विज्ञान संकाय में अव्वल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। बिहार बोर्ड के द्वारा सोमवार को इंटर का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के छात्र रविशंकर ने प्रखंड में प्रथम तथा जिले के शीर्ष दस में स्थान प्राप्त कर विद्यालय, प्रखंड व जिले का नाम रौशन किया है। उसे विज्ञान संकाय में कुल 457 (91.4 प्रतिशत) अंक प्राप्त हुआ है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि रविशंकर होनहार छात्र है, जो मनोयोग से अध्ययन करता था। अन्य विषयों की अपेक्षा विज्ञान विषय में उसकी विशेष रुचि थी। भविष्य में नेशनल डिफेंस एकेडमी की परीक्षा उत्तीर्ण कर वह देश की सेवा करना चाहता है। रविशंकर चंदेल बिगहा गांव का रहने वाला है। उसकी मां गृहणी है और पिता बाहर काम करते हैं। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता, शिक्षक अतुल अनुराग, गुप्तेश्वर कुमार, बसंत नारायण ज्योति, सांसद कुमार राम, सुनीता कुमारी 1, कंचन कुशवाहा, विवेक कुमार, प्रशांत तिवारी, प्रीति ऊषा, सुनीता कुमारी 2 रात्रि प्रहरी शत्रुघ्न कुमार मेहता सफाईकर्मी छोटू कुमार आदि ने सफलता की बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# रामनवमी पर महावीरी झंडों से पटा शहर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में चैती नवरात्र व रामनवमी पर्व की धूम है। इस अवसर पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी झंडा लगाया गया है। शहरी इलाकों के गली मोहल्लों में महावीरी पताका लगाकर सजाया गया है जबकि मुख्य चौक-चौराहों को महावीरी झंडा से सजाया गया है।

शहर के मुख्य बाजार, रमेश चौक, महाराणा प्रताप चौक, हनुमान मंदिर सहित कई स्थानों पर महावीरी ध्वज लगाया गया है। वहीं यजमान पूरी तरह से पूजा में सक्रिय हैं। रामनवमी पूजा को लेकर पूजा संघ के लोग तैयारी में जुटे हैं। इस वर्ष पूजा संघों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें कई पूजा संघ महावीरी झंडा के साथ झांकी भी प्रस्तुत करेंगे। बता दें कि आगामी 26 मार्च को शहर में रामनवमी पर्व पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इधर रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की जा रही है। सुरक्षा को लेकर प्रशासन के द्वारा व्यापक स्तर पर इंतजाम किया गया है। पर्व के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर खास नजर रखेगी। यहां तक की सोशल मीडिया पर भी प्रशासन कड़ी नजर रखेगी। रामनवमी की शोभायात्रा की निगरानी ड्रोन कैमरा से की जाएगी।

# किसानों के हित के लिए रहूंगा सदैव खड़ा : मनमीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज के भेटनिया पंचायत के लुक्का गांव निवासी निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष मनमीत कुमार मंटू को जीत के बाद किसानों ने भव्य स्वागत किया। निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि किसानों के सहूलियत के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। पूर्व में पैक्स अध्यक्ष को डिफॉल्टर रहने के कारण कई वर्षों से किसानों को खरीदारी नहीं हो रही थी। किसान औने पौने दामों पर बाजारों में अपने धानों को बेच रहे थे। आप सभी के सहयोग से हम निर्वाचित हुए है जिसके फलस्वरूप अब किसानों को हर हाल मे खरीदारी होगी तथा किसानों के द्वारा चलाई जा रही। सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। कहा कि जात पात से ऊपर उठकर किसानों के हित में कार्य करूंगा। इस मौके पर किसान रामकुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार, कपिल गोस्वामी, प्रमोद यादव, अंगद यादव, धर्मेंद्र कुमार, संजय यादव समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

# इंटर कला की जिला टॉपर सृष्टि भारती का लक्ष्य सिविल सेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। इंटरमीडिएट परीक्षा में कला संकाय से जिला टॉपर बनी सृष्टि भारती अब सिविल सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहती हैं। हसपुरा गर्ल्स हाई स्कूल की छात्रा सृष्टि शुरू से ही मेधावी रही हैं। उन्होंने मैट्रिक परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे, जबकि इंटर में 470 अंक लाकर जिला में प्रथम स्थान हासिल किया। सृष्टि के पिता रूपनारायण ठाकुर संस्कृत के शिक्षक हैं और वर्तमान में गया जिले के टेकरी प्रखंड स्थित हाई स्कूल में पदस्थापित हैं। मूल रूप से इटवां गांव निवासी सृष्टि अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों, माता-पिता और नियमित स्वाध्याय को देती हैं। उनका कहना है कि पाठ्यपुस्तकों का गहन अध्ययन और स्वयं नोट्स तैयार करना उनकी सफलता का मुख्य आधार रहा। सृष्टि की माता भगवती देवी गृहिणी हैं और परिवार के सभी सदस्यों ने उन्हें निरंतर सहयोग दिया।

## विज्ञान संकाय की तीसरी जिला टॉपर सान्या शेखर का सपना डॉक्टर बनना

हसपुरा प्रखंड के हैबसपुर गांव निवासी सान्या शेखर ने इंटर विज्ञान संकाय में जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। जीपीजी कॉलेज इटवां की छात्रा सान्या शिक्षक दंपति शशि शेखर और कंचन कुमारी की पुत्री हैं। उनके बड़े भाई भी मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत हैं, जिससे उन्हें प्रेरणा मिली। सान्या ने बताया कि वह इंटर की पढ़ाई के साथ-साथ नीट की तैयारी भी कर रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय समय के सुनियोजित प्रबंधन और नियमित अध्ययन को दिया। सभी विषयों का रूटीन बनाकर पढ़ाई करना उनकी रणनीति रही। उनके दादा स्वर्गीय महावीर प्रसाद भी प्रखंड के सम्मानित शिक्षक थे। सान्या का लक्ष्य डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है।

## फेरीवाले का बेटा बना विज्ञान संकाय का द्वितीय जिला टॉपर

हसपुरा प्रखंड के सीनियर सेकेंडरी स्कूल पथरौर के छात्र प्रिंस कुमार ने इंटर विज्ञान संकाय में 472 अंक लाकर जिला में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रिंस मूल रूप से देवहरा गांव के निवासी हैं। उनके पिता जीविका चलाने के लिए अरवल जिले में कपड़े और मौसमी सब्जियों का फेरी करते हैं, जबकि माता प्रिया देवी जीविका कार्यकर्ता हैं। आर्थिक सीमाओं के बावजूद प्रिंस ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन 8 से 9 घंटे पढ़ाई करते थे और विद्यालय में बनाए गए नोट्स से उन्हें काफी मदद मिली। प्रिंस आगे चलकर सरकारी अधिकारी बनना चाहते हैं। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने शिक्षकों, माता-पिता और अपनी कड़ी मेहनत को दिया है।


# स्वच्छता से समाज में होगा बदलाव : निर्मल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड के मध्य विद्यालय महथू में प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में छात्रों को साफ सफाई के प्रति सजग रहने के लिए संकल्प समारोह आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने कहा कि स्वच्छता से ही समाज का बदलाव आएगा। स्वास्थ्य जीवन के लिए साफ सफाई अत्यंत आवश्यक है। तभी हम निरोग रहेंगे। आसपास के टोले मोहल्लों की सफाई के प्रति जागरूकता जरूरी है। स्वच्छता से समाज सुंदर दिखेगा। अभी वर्तमान मे नवरात्रि पर्व प्रारंभ है। गांव मोहल्लों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और भक्तिमय माहौल मे मां देवी की आराधना करें। कहा कि पूजा पाठ हमारी संस्कृति है। नवरात्र भी हमारी भारतीय संस्कृति का पवित्र अनुष्ठान है, जो आध्यात्मिक दृष्टि से पर्यावरण शुद्ध होता है। छात्रों को भी संकल्प दिलाया की हम सभी स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस मौके पर शिक्षा मो. अलाउद्दीन अनवर हुसैन, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

# तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के कोटवारा गांव से एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस मामले को लेकर महिला के पति सुनील कुमार यादव ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में सुनील कुमार यादव ने बताया कि उनकी शादी करीब सात वर्ष पूर्व रजनी कुमारी के साथ हुई थी और दोनों के तीन बच्चे हैं। आरोप है कि उनकी पत्नी सोशल मीडिया के माध्यम से एक व्यक्ति के संपर्क में आई, जिसके बाद वह घर में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपये नगद एवं कुछ जेवरात लेकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। फोन करने पर सामने वाला व्यक्ति गाली-गलौज करता है। वहीं, रफीगंज थाना के अधिकारी शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और पुलिस द्वारा जांच-पड़ताल जारी है।

# दिमागी रूप से अस्वस्थ महिला के गुम होने पर पति ने थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज थाना क्षेत्र के फिदा बिगहा गांव से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के गुम हो जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में महिला के पति ने रफीगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रेहाना खातून (26 वर्ष) दो बच्चों की मां है और पिछले एक वर्ष से उनका मानसिक इलाज चल रहा है। पति ने बताया कि 19 तारीख को वह घर की छत पर काम कर रही थीं। इसी दौरान वह नीचे आईं, लेकिन इसके बाद घर में कहीं नजर नहीं आईं। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया। इसके बाद पति ने थाने में आवेदन देकर मामले की जानकारी दी। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और महिला की तलाश के लिए जांच-पड़ताल की जा रही है।

# रामलीला में ताड़का वध का मंचन, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कोईलवां गांव में आयोजित श्रीसीताराम महायज्ञ सह श्रीराम कथा के तहत मंगलवार को रामलीला में ताड़का वध प्रसंग का भव्य मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों के जीवंत अभिनय ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ताड़का वध के साथ ही पूरा परिसर "जय श्रीराम" के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, जिन्होंने रामलीला का आनंद लिया।

# इंटरमीडिएट साइंस में अभिषेक ने लहराया परचम, 455 अंक मिले



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 का परिणाम सोमवार को घोषित होते ही रफीगंज शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के न्यू एरिया स्थित रेनबो साइंस एंड ग्रामर क्लासेस के छात्र अभिषेक कुमार ने 455 अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की है। संस्थान के निदेशक प्रो. रंजीत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अभिषेक कुमार के अलावा नेहा कुमारी ने 437 अंक तथा खुशी कुमारी ने 413 अंक प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं, वहीं सैकड़ों छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। प्रो. यादव ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए 28 मार्च को न्यू एरिया स्थित संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सफल छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 से लगातार संस्थान के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चैती छठ का तीसरा दिनः व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम तरीके से लोक आस्था के महापर्व चैती छठ को मनाया गया। इस दौरान बाजार क्षेत्र समेत गांवों में जय छठी मैया के गीत गूंजते रहे। छठ पूजा में की गई व्यवस्था का निरीक्षण एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन एवं एसडीपीओ गुलशन कुमार के द्वारा की गई। चैती छठ की शुरुआत रविवार को नहाय खाय से शुरू हुई थी, सोमवार को लोहंडा एवं मंगलवार की संध्या को पहली अर्घ्य दी गई। छठ घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जहां भक्ति और आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस दौरान वार्ड संख्या 06 के वार्ड पार्षद सुशीला देवी समेत अन्य व्रतियों ने विधि-विधान के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। इस अवसर पर व्रतियों ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर प्रगति की मंगलकामना की।

छठ घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच वार्ड पार्षद सुशीला देवी ने कही कि छठ महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, अनुशासन और लोकआस्था का अद्भुत संगम है। उन्होंने समाज में आपसी भाईचारा, शांति और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सूर्य उपासना से जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और समृद्धि का संचार होता है। पार्षद ने छठ महापर्व की पवित्रता बनाए रखने, स्वच्छता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सूर्य देव से प्रार्थना की कि उनके आशीर्वाद से प्रत्येक परिवार के जीवन में उजाला, खुशहाली और कष्टों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो। बताते चलें कि नगर पंचायत अंतर्गत सभी आठ छठ घाटों पर छठ व्रतियों के नहाने के बाद कपड़ा बदलने के लिए चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई थी। शाम के समय अंधेरे से निपटारे के लिए छठ घाट के अलावे रास्तों को रौशनी एवं रंग-बिरंगे लाइट से सजाया गया था। अर्घ्य के समय मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में महिला एवं पुरुष सिपाही बल सुरक्षा में तैनात दिखे।

# बिजली तार की चोरी मामले का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। माली थाना की पुलिस ने सोमवार की रात्रि रोहतास जिला अंतर्गत अगरेर थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में छापेमारी कर अप्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त की पहचान उक्त गांव निवास बेचन चौधरी के पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि नवीनगर प्रखंड के सादी बिगहा गांव निवासी पिंटू कुमार सिंह ने अज्ञात चोरों द्वारा तेंदुआ गांव से तेंदुआ दोहर के बीच करीब तीन किलोमीटर दूरी तक बिजली का तार काट लेने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके आलोक में तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जांच पड़ताल करने के पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रामीण छात्राओं ने फैशन डिजाइन में लहराया परचम, निफ्ट में नौ अभ्यर्थी सफल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। फैशन डिजाइन के क्षेत्र में अब ग्रामीण पृष्ठभूमि की छात्राएं भी अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की प्रवेश परीक्षा में इस बार आठ छात्राएं एवं एक छात्र ने सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। शहर स्थित 'प्रारंभ डिजाइन' संस्थान में अध्ययनरत इन छात्रों ने बताया कि पहले प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन इस बार एक वर्ष की सुनियोजित तैयारी के बल पर उन्होंने सफलता प्राप्त की। सफल अभ्यर्थियों में शमिष्ठा, काजल कुमारी, काजल पाल, सपना कुमारी, निखिल राज मिश्रा, सुरभि, साक्षी, आरिज और सृष्टि कुमारी शामिल हैं। संस्थान द्वारा छोटे शहरों के विद्यार्थियों को फैशन डिजाइन की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। यहां औरंगाबाद, दाउदनगर, मदनपुर एवं डेहरी सहित आसपास के क्षेत्रों से छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। सफल छात्राओं शमिष्ठा, सृष्टि और काजल ने बताया कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में संस्थान द्वारा दिया गया मार्गदर्शन पूरी तरह कारगर साबित हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्रशांत सर के निर्देशन को देते हुए कहा कि पहले कड़ी मेहनत के बावजूद वे अंतिम परिणाम में पिछड़ जाती थीं, लेकिन इस बार सही दिशा और निरंतर अभ्यास ने उन्हें मुकाम तक पहुंचा दिया।

# हथियारबंद नकाबपोश बैंक लूटकर हुए फरार

## 3.12 लाख रुपए की हुई लूट, पुलिस कर रही जांच

सुमित / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 हसनपुर स्थित एक्सिस बैंक से मंगलवार को नकाबपोश हथियार बंद आधा दर्जन अपराधियों ने 3 लाख 12 हजार रुपये की लूट घटना को अंजाम दिया। लूटपाट के दौरान अपराधी गोलीबारी करते हुए फरार होने में सफल रहे। घटना की सूचना पाकर तेघरा थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि हथियार के बल पर 6 बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। विरोध करने पर गार्ड का सिर फोड़ दिया। दहशत फैलाने के लिए एक राउंड फायरिंग भी की। जानकारी के मुताबिक सुबह 11 बजे के करीब 6 बदमाश तीन बाइक से बैंक के पास पहुंचे। गाड़ी बाहर लगाकर अंदर घुसने लगे। जब गार्ड सुजीत कुमार ने रोका तो पिस्टल के बट से सिर पर हमला कर दिया। गार्ड जख्मी होकर गिर गया। इसके बाद सभी अंदर घुस गए।मौके पर मौजूद एक ग्राहक सहित सभी स्टाफ को एक कमरे में बंद कर दिया। कैशियर से काउंटर की चाबी मांगा। विरोध करने पर हथियार का भय दिखाकर सभी को हत्या की धमकी दी। डर से कैशियर ने चाबी दे दिया। इस दौरान बदमाशों ने बैंक के अंदर एक राउंड हवाई फायरिंग भी की। काउंटर में रखे कैश को लेकर हथियार लहराते हुए फरार हो गए। जाते समय सीसीटीवी का हार्ड डिस्क, कस्टमर और अधिकारियों का 7 मोबाइल भी ले गए। थोड़ी दूर जाने के बाद मोबाइल को जंगल में फेंक दिया। जिसमें से पांच मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। वारदात के समय बैंक में ब्रांच मैनेजर सरोज कुमार दुबे, डिप्टी मैनेजर संकट ठाकुर, कैशियर रिंकू कुमारी एवं गार्ड सुजीत कुमार के अलावे दो कस्टमर थे। बदमाश एनएच-28 के रास्ते अयोध्या चौक की ओर से आकर बैंक में प्रवेश किया। फिर घटना को अंजाम देने के बाद तेघड़ा रेलवे स्टेशन की ओर भाग गए। लूट की सूचना मिलते ही एसपी मनीष घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधी की पहचान करने में जुट गई है। समाचार प्रेषण तक पुलिस द्वारा छापेमारी जारी था।

# चौकीदार के रिश्तेदार की पीट-पीटकर हत्या

## मछली कारोबार विवाद में खूनी खेल, पुलिस जवान भी जख्मी, कई गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में मंगलवार को बदमाशों ने एक युवक की पहले बेरहमी से पिटाई की फिर गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद विरोध करने पहुंचे परिजनों पर भी हमला कर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें एक पुलिस जवान समेत करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत और तनाव का माहौल बना हुआ है। मृतक की पहचान किल्ली पहाड़पुर वार्ड संख्या-6 निवासी 27 वर्षीय मोहम्मद वकील उर्फ मखिया (पिता मोहम्मद अब्दुल सत्तार) के रूप में हुई है। वह फल और मछली का व्यवसाय करता था। बताया जा रहा है कि वकील मंगलवार को अपने घर से दुकान जाने के लिए निकला था, तभी किल्ली-मोहनपुर के पास बदमाशों ने उसे पकड़ लिया और सुनसान इलाके में ले जाकर बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद उसे गोली मार दी गई और आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन जब मोहनपुर वार्ड संख्या-2 पहुंचे और आरोपियों से बातचीत की कोशिश की, तो पहले से मौजूद बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया और लाठी-डंडों के साथ हथियारों से लैस बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरूकर दी। इस हमले में नौशाद (40), मुर्तुजा (38), मनौव्वर (30), शाहनवाज (28) और किस्मत अली समेत करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में मोहम्मद मुनव्वर भी शामिल हैं, जो बिहार पुलिस के सिपाही हैं और सिवान पुलिस लाइन में तैनात हैं। वह ईद के मौके पर छुट्टी लेकर घर आए थे। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय बदमाशों के साथ मृतक का मछली कारोबार को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ महीने पहले एक निजी पोखर में मछली मारने को लेकर विवाद हुआ था। उसी विवाद से जुड़ी एक खबर एक स्थानीय यूट्यूबर द्वारा चलाई गई थी, जिस पर भी आरोपियों ने आपत्ति जताई थी। उस समय मुफस्सिल थाना के चौकीदार मोहम्मद जहांगीर ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया था। मृतक वकील, जहांगीर का साला बताया जा रहा है, जिससे विवाद और गहराने की आशंका जताई जा रही है। एसपी मनीष ने बताया कि मामला दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश और मछली कारोबार विवाद से जुड़ा है, इसका किसी धर्म से कोई संबंध नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है।

# छठे दिन मां कात्यायनी की हुई पूजा-अर्चना

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के नवरात्र के छठे दिन मंगलवार को देवी के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा श्रद्धा और भक्ति से की गयी। मां के इस रूप की पूजा से मन स्थिर और शांत रहता है। मां कात्यायनी को महिषासुर मर्दिनी भी कहा जाता है क्योंकि उन्होंने ही महिषासुर नामक असुर का वध किया था। मां कात्यायनी का स्वरूप बहुत ही दिव्य और तेजस्वी है। उनका वर्ण स्वर्ण के समान चमकीला है और वे सिंह पर विराजमान रहती हैं। उनकी चार भुजाएं हैं, जिनमें से एक हाथ शत्रु नाश और मनोकामनाओं की पूर्ति का प्रतीक है। मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों को साहस, धर्म युद्ध में विजय, शत्रु नाश और मनोकामनाओं की पूर्ति प्राप्त होती है। विवाहित महिलाओं को सौभाग्य और सुहाग की प्राप्ति होती है। इस तरह देवी की छठे स्वरूप कहलाया। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर आदिशक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया। महर्षि कात्यायन के नाम पर ही देवी का नाम कात्यायनी हुआ। यजमान अनमोल कुमार, पंकज कुमार, सिकंदर कुमार आदि ने छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की।

# सखी सहायता डेस्क के तहत लगा एनीमिया जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी में एनीमिया जांच शिविर सह 'सखी सहायता डेस्क का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत छात्राओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविर का उद्घाटन डा. दिनेश, प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश झा एवं डा. कुमार अमित ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक गणेश झा ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत सखी सहायता डेस्क के माध्यम से बच्चियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जरूरी जागरूकता संबंधी जानकारी दी जा रही है। डा. दिनेश ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर में स्वस्थ लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है। हीमोग्लोबिन शरीर में अक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। इसलिए इसकी कमी से थकान, कमजोरी और सांस फूलने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने बताया कि यह समस्या मुख्य रूप से आयरन एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी या रक्त की हानि के कारण होती है। नोडल शिक्षक अमित कुमार ने कहा कि सखी सहायता डेस्क के माध्यम से बालिकाओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, सावधानियों तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जानकारी दी गई। शिविर में करीब 50 बालिकाओं, विशेषकर नवम वर्ग की छात्राओं की एनीमिया जांच की गई। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नावकोठी की टीम सक्रिय रही। जिसमें ड दिनेश, डा. कुमार अमित, डा. सुमंत, एएनएम रिंकू, नोडल शिक्षक अमित कुमार,अरुण मालाकार, बेबी कुमारी, रजनी किरण, निवेदिता गुप्ता, अस्मिता कुमारी आदि मौजूद थे।

# मां जयमंगला लाइब्रेरी के छात्र इंटर में रहे अव्वल

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि माँ जयमंगला लाइब्रेरी, पहसारा बभनगामा के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष इंटरमीडिएट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। लाइब्रेरी में नियमित पढ़ाई, अनुशासन और मेहनत का परिणाम है कि नंदनी कुमारी 421, रजनीश कुमार 388, पूजा कुमारी 376, शिवानी कुमारी 356, साक्षी 358, अंकित 349, आयुष कुमार 332, करिश्मा कुमारी 328, मिक्की 324, प्रिंस 315, अंक के साथ प्रथम श्रेणी पास कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लाइब्रेरी के संचालक चन्दन कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए मिठाई खिलाते हुए कहा कि मेहनत और सही मार्गदर्शन से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में पढ़ाई का अच्छा माहौल और सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं जिससे छात्रों को प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलती है। छात्रों की इस सफलता से पूरे पहसारा बभनगामा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों में मुखिया प्रतिनिधि विडुल सिंह, मुखिया अजय सहनी, प्रखंड प्रमुख अनिता देवी, शिवम वत्स, राजेश कुमार, मुरारी सिंह गोलकी सिंह, टुन्नी सिंह, शैलेन्द्र सिंह आदि ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और माँ जयमंगला लाइब्रेरी के प्रयासों की सराहना की।

# काव्य लेखन में सम्मानित हुए रघुवीर

नवबिहार टाइम्स संवादाता



**तेघड़ा।** प्रखंड के शोकहार-1 वार्ड 12 रविवार को निवासी रघुवीर कुमार को हिंदी साहित्य में काव्य लेखन में पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेंद्र महंत ने सम्मानित किया है। इस संबंध में श्री कुमार ने बताया की उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व राज्य मंत्री पंडित योगेंद्र महंत के हाथों इंदौर रत्न अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था द ओपन टैलेंट शो, एवं कवि कला और कलाकार कल्याण कोष के द्वारा महादेवी पुस्तकालय विक्टोरिया लायब्रेरी इंदौर, मध्य प्रदेश में आयोजित समारोह में दिया गया। सम्मानित इस सम्मान समारोह के अंतर्गत कवि, कला और कलाकार कल्याण कोष द्वारा सामाजिक एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया।

# बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने तोड़ी किसानों की कमर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कहलगांव (भागलपुर)।** जिले में हाल ही में हुई बेमौसम बारिश, आंधी और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इस मामले को लेकर भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों के लिए तत्काल मुआवजे की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लिखित किया है कि बीते 20 मार्च को हुई वर्षा और ओलावृष्टि के कारण पूरे संसदीय क्षेत्र में मक्का और गेहूं की फसलें पूरी तरह जमीन पर बिछ गई हैं। जिले के तहत गोपालपुर, बिहपुर, नाथनगर, पीरपैंती एवं कहलगांव विधानसभा क्षेत्रों में फसलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचा है। सांसद ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि एक विशेष टीम भेजकर नुकसान का सही आकलन कराया जाए ताकि वास्तविक क्षति का पता चल सके। इस क्षेत्र की अधिकांश आबादी खेती पर निर्भर है। सांसद ने जोर दिया कि किसानों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए सरकार को जल्द राहत राशि प्रदान करनी चाहिए। इन किसानों की आजीविका पर इस आपदा का गहरा असर पड़ा है। सरकार की त्वरित सहायता ही कृषक परिवारों को इस कठिन समय में संबल दे पाएगी।

# दुर्गा मंदिर में नवरात्रि पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**चांदन (बांका)।** चांदन पंचायत के पाण्डेय टोला स्थित दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तों की भीड़ मंदिर में उमड़ने लगी है। सुबह से ही श्रद्धालु माता के साथ दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर में पहुंच रहे हैं। जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, इस चैती दुर्गा मंदिर की स्थापना करीब 70 वर्ष पूर्व पोद्दार समाज के लोगों द्वारा पुत्र प्राप्ति की कामना को लेकर की गई थी। मान्यता है कि जब उनकी मनोकामना पूर्ण हुई, तब उन्होंने श्रद्धा स्वरूप एक छोटा सा खपड़ैल मंदिर बनवाया। समय के साथ-साथ श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों



के सहयोग से यह मंदिर बदलता गया और आज एक भव्य और सुंदर स्वरूप में मंदिर विकसित हो चुका है। हर साल चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य पर यहां भव्य मेला का आयोजन किया जाता है। जिसमें आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष प्रबंध दिया जा रहा है। मंदिर में पूजा-अर्चना का कार्य आचार्य विपिन पाण्डेय एवं पूजक प्रभाकर पाण्डेय के द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया जा रहा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर माता रानी के दरबार में पहुंच रहे हैं और प्रसाद चढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति और समाज के लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रमुख रूप से अबधेश पोद्दार उर्फ डब्लू, दीपू पोद्दार, मनोज पोद्दार, संजीव पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, रिंकू पोद्दार, दिनेश पोद्दार, डॉ. राजेश वर्मा, संतोष पोद्दार एवं आदित्य पोद्दार सहित अन्य लोग सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।नवरात्रि के इस पावन अवसर पर मंदिर में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जिससे पूरा चांदन क्षेत्र भक्तिमय हो उठा है।

# लोक आस्था के व्रत पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया गया अर्घ्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** औद्योगिक प्रांगण क्षेत्र विजय बाबू के पोखर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय स्पोर्टिंग क्लब के नेतृत्व में लोक आस्था का महान चैती छठ पर धूमधाम से मनाया जा रहा है। नगर निगम की ओर से विजय बाबू की पोखर पर साफ सफाई पोखर के अंदर सफाई लाइटिंग की व्यवस्था बेरेकेटीग की व्यवस्था की गई है। छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं को विजय बाबू के पोखर पर सारी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पोखर पर छठवर्ती एवं श्रद्धालु काफी मात्रा में लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व मनाने काफी संख्या में पोखर पर पहुंचे। अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि प्रशासन की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की गई है। बिजली विभाग, बियाडा विभाग एवं उद्यमियों के तरफ से हर संभव सहयोग किया जा रहा है। लोक आस्था का महान चैती छठ पर्व को संपन्न करने में क्लब के अध्यक्ष के अलावा श्यामल किशोर सिन्हा, महासचिव नौशाद सिद्दीकी, असद इकबाल, आजाद सिंह, सूरज कुमार, मनोज कुमार चुन्नू, प्रेम कुमार साह, राजीव कुमार विश्वकर्मा, गौरव शाह, रमाकांत कुशवाहा, श्रीकांत शर्मा, मौसम कुमार सिंह, राजेश शर्मा, विवेक सिंह राठौड़, हरेंद्र मिश्रा, दिग्विजय सिंह, प्रमोद पासवान, पिंटू यादव, रवि शाह, अर्जुन सिंह आदि थे।

# राधानगर एवं मंदार इलेवन के बीच खेला गया मैच

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**कटोरिया (बांका)।** कटोरिया नगर पंचायत अन्तर्गत घोरमारा गांव में मंगलवार को खेले जा रहें जीपीएल सीजन 1 टूर्नामेंट का उद्घाटन कटोरिया नगर पंचायत चैयरमेन सपना शिवानी ओर उप चैयरमेन सकिला खातुन ने मुख्य रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। मैच राधानगर व मंदार इलेवन बौसी के बीच खेला गया। इस दौरान चैयरमेन सपना शिवानी ने कहा कि खेल का आयोजन होने से न सिर्फ आपसी भाईचारा बढ़ता बल्कि मानसिक व शारीरिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का आयोजन होने से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन होता है। खेल हमेशा मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। ओर खिलाड़ियों के बीच वही जोश ओर अपनापन महसूस करती हूँ। खेल से केवल शारीरिक ओर मानसिक मजबूती देती है। बल्कि अच्छे इंसान बनने का नींव भी रखता है उन्होंने आयोजन समिति का हौसला बढ़ाते हुए ऐसे आयोजन भविष्य में करते रहने की बात कहीं। इस अवसर पर ब्रिडर पब्लिक स्कूल व संत टरेसा पब्लिक स्कूल के बच्चे मौजूद थे। वही फोन प्लाजा डारेक्टर परवेज अंसारी व साइमा फर्निचर के डारेक्टर मंजर आलम नें आयोजन समिति को टीसर्ट देकर स्वागत किया गया। इम्पायर अल्ताफ व इंतेखाव ने किया। कमेन्टर कलाम अंसारी ने की। इस मौके पर जमालउद्दीन अंसारी जफरूल अंसारी चैयरमेन प्रतिनिधि ठाकुर शोरभ सिंह उप चैयरमेन प्रतिनिधि फकरे आलम वार्ड पार्सद मासुक अंसारी वही आयोजन समिति के सदस्य अल्ताफ, इंतेखाव, मकसुद अंसारी, जाबिर अंसारी, राजू अंसारी, नियाज अंसारी, सकलेन अंसारी, सरताज अंसारी, शाहरूख अंसारी, इवलाख अंसारी, जाबेद अंसारी, निस्तार अंसारी अंसार अंसारी, जियास अंसारी सहित अन्य लोंग मौजूद थे।

# विदेशी शराब के साथ दो तस्कर धराए

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही पुलिस ने मनसाही थाना के सामने नारायणपुर-पूर्णिया फोर लेन सड़क पर वाहन चेकिंग के दौरान दो शराब तस्कर मनसाही पुलिस के हत्थे चढ़ गए। थानाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रसाद ने बताया कि मोहम्मद अरशद पिता मोहम्मद अयूब निवासी मटिया थाना मुफस्सिल जिला पूर्णिया एवं बबलू मंडल पिता मानिक मंडल निवासी रौतारा वार्ड नंबर दो थाना रौतारा को एक टेंपो में मनिहारी से कटिहार की ओर जाने के क्रम में जांच पड़ताल के दौरान टेंपो से 136.700 लीटर विदेशी शराब विभिन्न कंपनियों के बरामद हुई।

# अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**बरारी/कटिहार।** बरारी प्रखंड क्षेत्र में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा के तीसरे दिन मंगलवार को विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। व्रतधारी महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा, नियम और विधि-विधान के साथ अस्ताचलगामी सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया। छठ पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में विशेष तैयारियां की गई थीं। गौरीडीह कृत्रिम घाट, पूर्वी बारीनगर, नगर पंचायत बरारी, काबर, सकरेली और सुजापुर समेत कई पंचायतों में घाटों की साफ-सफाई के साथ आकर्षक सजावट की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को



किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रथम अर्घ्य के अवसर पर छठव्रती रूबी तिवारी, अलका तिवारी, शोभा तिवारी, किरण देवी, जुली देवी, सोनी देवी, ममता देवी, पिंकी देवी और रेखा देवी सहित अन्य महिलाओं ने भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान ई0 विकास तिवारी, छोटू चौधरी, नितेश चौरसिया, सुमन, अनुराधा देवी, गायत्री देवी, प्रीति देवी, बॉबी देवी, अमृता देवी, रेणु देवी, रिमझिम, मुस्कान, वंदना, खुशी, देवराज, शिवांश, लकी, साहिल, बंटी साह, मोनू, संतोष चौधरी, कौशल कुमार और आनंद सहित कई श्रद्धालुओं ने घाटों पर अर्घ्य अर्पित किया। घाटों पर गूंजते छठ गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। चारों ओर आस्था और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। जिससे पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में अर्घ्य संपन्न हुआ।

# सरकारी भूमि को प्रशासन ने कराया अतिक्रमणमुक्त

नवबिहार टाइम्स संवादाता

**डंडखोरा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के सकरपुरा गांव में सरकारी भूमि को अतिक्रमण कर लेने के विरुद्ध प्रशासन ने कारवाई करते हुए जेसीबी से अवैध निर्माण एवं घेरा को हटाते हुए अतिक्रमित भूमि को खाली करा दिया है। जानकारी के अनुसार सरकारी जमीन एक समुदाय के श्मशान जाने का रास्ता था। उसे एनी खॉ ने घेर कर अतिक्रमित कर लिया था। विगत कई वर्षों से आमजनों की शिकायत पर अतिक्रमणवाद की कारवाई चल रही थी। जांच पड़ताल के बाद अंचल प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारी को अतिक्रमण हटा लेने को कई बार नोटिस भी दिया गया। लेकिन निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर अनुमंडल पदिधिकारी के निर्देश पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार,अपर थानाध्यक्ष अमलेंदु सिंह एवं पुलिस बलों की उपस्थिति में जेसीबी लगाकर अवैध अतिक्रमण को हटाकर खाली करा लिया गया है। इस अभियान को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। हलांकि कोई विरोध नहीं होने से अतिक्रमण हटाने की कारवाई शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। मामले को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ शुभम प्रकाश ने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे नहीं जायेंगे। उन्होंने आमजनों से अपील किया है कि अतिक्रमित सरकारी भूमि स्वयं खाली कर दें अन्यथा अतिक्रमणवाद के विरुद्ध चलाई जाने वाली कारवाई में नुकसान हीं होता है। इस अवसर पर अंचल कर्मी कौशल कुमार, अंचल अमीन अहमद अली सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम लोगों से अपील की गई है कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, ताकि सरकारी संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्रवाई के दौरान मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही।

# गैस किल्लत और महंगाई पर फूटा गुस्सा, शहीद चौक पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कटिहार।** रसोई गैस की बढ़ती कीमतों और लगातार हो रही किल्लत के खिलाफ मंगलवार को कटिहार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में शहीद चौक के समीप कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आक्रोश जताया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने देश के पेट्रोलियम मंत्री एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती गैस कीमतों ने आम लोगों का बजट बिगाड़ दिया है, वहीं गैस की किल्लत ने गरीब और मध्यम वर्ग के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार आम जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। जिसके कारण लोगों में भारी आक्रोश है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही गैस की कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया गया और आपूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। जिला प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि यह आंदोलन सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि आम जनता की है।

# व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य

## नारियल, फल-फूल से सजे सूप ने बढ़ाई छठ व्रत की छटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोइलवर (भोजपुर)।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ पूजा के तीसरे दिन मंगलवार की शाम कोईलवर पूरी तरह भक्ति और श्रद्धा के रंग में डूबा नजर आया। व्रतधारियों ने विधि-विधान के साथ डूबते हुए सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और निरोगी जीवन की कामना की। कोईलवर के सोन नदी स्थित गौरैया स्थान घाट पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। व्रती महिलाओं और पुरुषों ने पवित्र सोन नदी में स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण किए और संध्या होते ही घाटों पर पूजन-अर्चन शुरू किया। सूप में सजे नारियल, केला, सेब, संतरा, गन्ना, ठेकुआ, कसार, दीपक और फूलों की मनमोहक सजावट ने छठ घाटों की सुंदरता को और बढ़ा दिया। जैसे ही सूर्य अस्त होने लगे, व्रतधारियों ने जल में खड़े होकर पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ अर्घ्य अर्पित किया और छठी मैया से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इधर प्रखंड के गोपालपुर पोखरा पर भी छठ पर्व का अद्भुत नजारा देखने को मिला। छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि यहां कार्तिक छठ और चैती छठ दोनों पर्व हर वर्ष बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाए जाते हैं। स्थानीय वार्ड सदस्य रितु देवी ने बताया कि गोपालपुर पोखरा पर छठ पूजा हमारी परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यहां हर वर्ष बेहतर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था की जाती है, घाटों की साफ-सफाई और आकर्षक सजावट लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रही। स्थानीय युवाओं और समिति सदस्यों ने भी व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिखा। गौरैया घाट पर कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रहा, वहीं गोपालपुर पोखरा पर चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रोशन ने सुरक्षा की कमान संभाली। आज की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय इस पावन सूर्य उपासना का महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न होगा।

# महायज्ञ में विश्व कल्याण हेतु 5000 यजमानों ने दी आहुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** राजघाट अयोध्या में श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आज छठवें दिन वैदिक मंत्रोचार के बीच 5000 यजमानो ने विश्व कल्याण हेतु एक साथ आहुति दिया। जैसे-जैसे यज्ञ की पूर्णाहुति नजदीक आ रही है वैसे-वैसे लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। रोज हजारों की संख्या में महिला तथा पुरुष यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने हेतु जुट रहे हैं। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है जिसके जीवन का सौभाग्य होता है वे ऐसे यज्ञ में हिस्सा लेते हैं। मात्र एक बार परिक्रमा कर लेने से कई जन्मों का पाप नष्ट हो जाता है तथा उनके परिवार से दरिद्रता समाप्त हो जाती है। तथा माता लक्ष्मी का वास हो जाता है। भारत के कोने-कोने से आए संत महात्मा प्रवचन कर रहे हैं। श्री जीयर स्वामी जी के अलावा अयोध्या नाथ स्वामी जी महाराज श्री बैकुंठ नाथ स्वामी जी महाराज श्री मुक्तिनाथ स्वामी जी महाराज सहित काफी संख्या में प्रवचन कर्ता लोगों को रसपान करा रहे हैं। बहुत बड़े प्रवचन पंडाल में हजारों की संख्या में महिला तथा पुरुष एक साथ प्रवचन का श्रवण कर रहे हैं। प्रत्येक दिन 20 से 25 हजार लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। शाम तक लोग स्वामी जी के दर्शन करने हेतु आ रहे हैं तथा यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। यह दृश्य दूर से ही अद्भुत दिखाई दे रहा है। इस यज्ञ की चर्चा बिहार झारखंड उत्तर प्रदेश सभी जगह हो रही है। अयोध्या में इस प्रकार का यज्ञ पहली बार हो रहा है. यज्ञ में आने वाले श्रद्धालु राम मंदिर तथा हनुमान गढ़ी का भी दर्शन कर रहे हैं तथा सरजू नदी में स्नान कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 28 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की आने की सूचना है। यज्ञ को सफल बनाने में सैकड़ो की संख्या में लोग दिन-रात लगे हुए हैं।

# यज्ञ मंडप परिक्रमा को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**चरपोखरी (भोजपुर)।** जिले के चरपोखरी में चल रहे मां दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। महिला-पुरुष, बुजुर्ग और युवा सभी हाथ जोड़कर मां के दरबार में पहुंचते रहे और अपनी मनोकामनाओं के साथ लगातार परिक्रमा करते नजर आए। यज्ञ स्थल पर गूंजते जय माता दी और कौन सो काज कठिन जग माही, हो ही तात तुम सो नाहीं के गगनभेदी जयघोषों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय और ऊर्ज़ावान बना दिया।वहीं दोपहर बाद आयोजित देवी जागरण ने तो जैसे भक्ति का महासंग्राम छेड़ दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री राघवाचार्य जी महाराज ने फीता काटकर किया। यज्ञ समिति द्वारा सभी कलाकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जागरण में भोजपुरी गायकों ने अपने सुरों का ऐसा जादू बिखेरा कि श्रद्धालु भक्ति में झूमते रहे। अभिनंदन राजा बाबू, श्याम बाबू सिसोदिया, राकेश मिश्र, विक्रांत सूरी, राजा भोजपुरिया, दीपु सैनी और प्रेम पुजारी ने एक से बढ़कर एक देवी गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं मंच संचालक संदीप बाबा की दमदार आवाज ने पूरे कार्यक्रम में जोश और उत्साह का संचार कर दिया। पूरे दिन चला यह भक्ति का महापर्व चरपोखरी में आस्था, उत्साह और ऊर्ज़ा का अद्वितीय उदाहरण बन गया, जहां हर चेहरा मां दुर्गा की भक्ति में रंगा नजर आया।

# अर्चना ने 453 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम किया रोशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चांदन (बांका)।** बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। परिक्षा परिणाम को लेकर परिक्षार्थी अत्यंत प्रसन्न हैं। परीक्षार्थियों ने परीक्षा में जो दम दिखाया है उससे पूरा विद्यालय परिवार, कोचिंग संचालक प्रसन्न हैं। वक्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मेधावियों छात्रों को सम्मानित किया जा रहा है तथा अन्य विद्यार्थियों से प्रेरित होकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार इंटर आट्‌र्स में अर्चना कुमारी ने 453 अंक, सोनम कुमारी ने 452 अंक, प्रेमलता कुमारी ने 445 अंक, प्रियांशी कुमारी ने 444 अंक, पियुषी कुमारी ने 443 अंक, मुस्कान कुमारी ने 415 अंक, बजया कुमारी ने 425 अंक, सोनम कुमारी ने 413 अंक, अनुराधा कुमारी ने 446 अंक, ताजमीन खातुन ने 410, मनीषा कुमारी ने 404, सुभाष कुमार ने 364 अंक, फरहान अंसारी ने 398 अंक, खुशी शर्मा ने 383 अंक, अभिनय पांडेय ने 382, खुशी कुमारी ने 382 अंक, सोफिया नाज ने 365, अक्षय शर्मा ने 361 अंक, मेघा कुमारी 357 अंक, अणु कुमारी ने 348, आशा कुमारी ने 336 अंक, मुणीलाल कुमारी ने 336 ने 336, गुंजा कुमारी ने 302, रूमा कुमारी ने 300 अंक, पुनम कुमारी ने 300, भवानी कुमारी ने 280 अंक, सोनी कुमारी ने 263 अंक, रीता कुमारी ने 257 अंक, दिराज यादव ने 250 अंक, करीना कुमारी ने 240 अंक, बममब कुमार ने 233 अंक, पार्वती कुमारी ने 283 अंक, आरती कुमारी ने 230 अंक एवं साइंस में निर्मला कुमारी ने 393 अंक, सुमन कुमार ने 385 अंक, रानी कुमारी ने 353 अंक, मनीष राज ने 334 अंक, प्रेमलता कुमारी ने 311 अंक, लक्ष्मी ने 300, पिंकी कुमारी ने 286 अंक प्राप्त किये। वहीं परफ़ेक्ट कोचिंग सेंटर चांदन के तन्नू कुमारी ने 428 अंक, अंशु प्रिया ने 393 अंक, जितेंद्र कुमार ने 383 अंक, अंजली कुमारी ने 380 अंक, अंजली केशरी ने 373 अंक अंजू कुमारी ने 355 अंक, गुरूदेव कुमार ने 335 अंक, पीयूष कुमार ने 333 अंक, पिंकी कुमारी ने 331 अंक पियुस पांडेय ने 329 अंक, युवराज कुमार ने 329 अंक, मिथलेश कुमार ने 321 अंक आशीष कुमार ने 317 अंक ,प्रिती कुमारी ने 307 अंक संगीता कुमारी ने 300 अंक, वंदना कुमारी ने 275 अंक, बिंदु कुमारी ने 275 अंक, निशा कुमारी ने 265 अंक, पुष्पा कुमारी ने 264 अंक प्राप्त कर चांदन प्रखंड को गौरवान्वित किया है। उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्रा इंटर स्तरीय प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय चांदन के प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह व एम.एम.के.जी हाईस्कूल चांदन के प्रधानाध्यापिका करूणा किस्कू व रोहित क्लासेस व लाइब्रेरी के संचालक रोहित कुमार एवं परफ़ेक्ट कोचिंग सेंटर चंदन के संचालक रंजन कुमार भारती के मार्गदर्शन में परीक्षा की तैयारी की थी। ज्ञात हो की अर्चना कुमारी ने विद्याकुल (ऑनलाइन क्लास) व रोहित क्लासेस एंड लाइब्रेरी व सुमन सिंह के मार्गदर्शन में चांदन टॉपर बनी हुई है।उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं ने सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षक, कोचिंग संचालक के शिक्षक एवं परिजनों को दिया है।

# अब नए स्वरुप में दिखेगा शक्तिपीठ गोड़धुआं देवी दुर्गा मंदिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाराहाट (बांका)।** बाराहाट प्रखंड के भुरना पंचायत अंतर्गत शक्तिपीठ गोड़धुआं देवी दुर्गा मंदिर परिसर में बीडीओ सह गोड़धुआं देवी मंदिर के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता के नेतृत्व में उपस्थित समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों के साथ विशेष बैठक आयोजित हुई। मंदिर में आने वाले आय व्यय के साथ साथ मंदिर के विकास कार्यों पर चर्चाएं हुई। वहीं बैठक के उपरांत सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया कि मंदिर के छत के ऊपर अब नए स्वरुप में भव्य व आकर्षक गुंबज का जीर्णोद्धार हो इसको लेकर विशेष चर्चाएं हुई। इसके आलावे मंदिर परिसर में होने वाले अत्यधिक भीड़ को देखते हुए मंदिर के जमीन पर ही नो पार्किंग पार्किंग की बेहतर व्यवस्था हो, मंदिर मेला मैदान की चारो ओर से चार दिवारी का निर्माण हो। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्र के जाने- माने समाजसेवी सह गोड़धुआं देवी दुर्गा मंदिर के सचिव त्रिपुरारी सिंह, कोषाध्यक्ष रामदेव यादव, किशोर यादव, राम बहादुर यादव, अनिल यादव, बबलू लैया, राजेश चौधरी, बालेश्वर सिंह, अरविंद यादव, सीता राम यादव रामजी राय सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# चुनावी रंजिश में पैक्स अध्यक्ष को मारी गोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा (भोजपुर)।** बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के गिरधारी बरांव गांव के काली स्थान स्थित पोखरा के समीप मंगलवार की सुबह पूर्व के चुनावी रंजिश में हथियारबंद बदमाशों ने बक्सर निवासी पैक्स अध्यक्ष को गोली मार दी। जख्मी को दाहिने साइड पेट एवं जांघ पर गोली लगी है जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। सूचना मिलते ही सोनवर्षा थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जख्मी बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के गिरधारी बरांव गांव निवासी त्रिलोकी सिंह के पुत्र सह गिरधारी बरांव पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह है। इधर, पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह ने बताया कि गांव गांव के ही मनोज सिंह से पूर्व से चुनावी रंजिश चली आ रही है। वह भी पैक्स के चुनाव में खड़ा थे और लगातार तीन बार वह उनसे हार चुके हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके गांव में ही काली स्थान पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा था और कार्यक्रम खत्म होने पर था। इसी बीच मंगलवार की सुबह मनोज सिंह अपने अन्य साथियों के साथ हथियार लिए हुए वहां आए और उन पर फायरिंग कर दी। इस दौरान उन्हें गोली लग गई। वहीं दूसरी तरफ जख्मी पैक्स अध्यक्ष सुदामा सिंह ने गांव के ही मनोज सिंह, वीर बहादुर सिंह, उपेंद्र सिंह एवं ददन कुमार पर गोली मारने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सुदामा सिंह के द्वारा मनोज सिंह सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिक की दर्ज उपरांत पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# महिलाओं एवं किशोरियों के लिए उन्नत कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा (भोजपुर)।** महिला कला केन्द्र, आरा द्वारा अंधेरी हिल्फ़े के सहयोग से बुटन बाबा के निवास स्थान, पिरोटा में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए एक माह का उन्नत कौशल विकास प्रशिक्षण (कृत्रिम एवं क्रोशिया निर्माण) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 24 मार्च से 23 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित सह संस्थान की सचिव अनिता गुप्ता, प्रशिक्षिका उमा, रीता, उत्प्रेरक सोनू एवं संस्थान के अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि आज के समय में महिलाओं का आत्मनिर्भर होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कौशल विकास ही महिलाओं को सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। जब महिलाएं किसी हुनर में दक्ष हो जाती हैं, तो वे न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करती हैं, उन्होंने आगे कहा कि कृत्रिम आभूषण एवं क्रोशिया निर्माण जैसे कार्य आज के बाजार में अत्यधिक मांग वाले हैं, जिनके माध्यम से महिलाएं घर बैठे ही आय का सृजन कर सकती हैं। श्रीमती गुप्ता ने यह भी कहा कि भोजपुर महिला कला केन्द्र का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वासी, स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। कि वे पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण में भाग लें और अपने कौशल को निखारें, ताकि भविष्य में वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन सकें। प्रशिक्षिका उमा जी द्वारा प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई और बताया गया कि इस एक माह के प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रोहतास में लगेंगे...

की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए जिले के शेष 81 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन किया जायेगा। सभी 19 प्रखण्डों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कालेज की स्थापना की जायेगी। सभी 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल तथा रोहतास सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल बनाया जायेगा। रोहतास में खेलों के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा। इन कामों से जिले का पूरे तौर पर विकास होगा। केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अब बिहार बहुत आगे बढ़ेगा और देश के विकसित राज्यों में शामिल हो जायेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सह रोहतास जिले के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार, पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश, विधायक बशिष्ठ सिंह, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, विधायक स्नेहलता, विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी, विधायक आलोक कुमार सिंह, विधायक राजीव रंजन सिंह, विधान पार्षद निवेदिता सिंह सहित पूर्व विधायकगण, पूर्व विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

### काम पर नहीं लौटने ...

संबंधित पदाधिकारियों को 25 मार्च की संध्या 5:00 बजे तक हर हाल में अपने पद पर योगदान देना होगा। निर्धारित समयसीमा के बाद अनुपस्थित रहने वालों के खिलाफ सेवा टूट, वेतन कटौती और अन्य कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा ने यह भी कहा कि जो पदाधिकारी निर्धारित अवधि के भीतर कार्य पर लौट आते हैं, उनके मामले में अवकाश अवधि के समायोजन पर नियमों के अनुसार सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे हड़ताल समाप्त कर शीघ्र अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# बाजार, ऑटो व बस बंदोबस्ती को लेकर लगा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी (भोजपुर)।** नगर पंचायत गड़हनी परिसर में बाजार, ऑटो एवं बस बंदोबस्ती को लेकर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे, मुख्य पार्षद कुबू निशा एवं उपमुख्य पार्षद सुनय कुमार परमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बंदोबस्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया गया, जिसमें कई इच्छुक व्यक्तियों ने भाग लेकर बोली लगाई। कार्यपालक पदाधिकारी वरुण कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि बाजार बंदोबस्ती के लिए कुल चार लोगों ने बोली प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इसमें देवढ़ी निवासी मुना कुमार ने सबसे अधिक 16,40,000 रुपये (सोलह लाख चालीस हजार रुपये) की बोली लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ऑटो स्टैंड बंदोबस्ती के लिए चांदी निवासी रूपेश कुमार ने 4,50,500 रुपये (चार लाख पचास हजार पांच सौ रुपये) की सर्वाधिक बोली लगाई। हालांकि, बस स्टैंड बंदोबस्ती के लिए इस बार कोई भी इच्छुक बोलीदाता सामने नहीं आया, जिसके कारण इस मद में बंदोबस्ती नहीं हो सकी। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष बाजार बंदोबस्ती की राशि लगभग 36 लाख रुपये तथा ऑटो स्टैंड के लिए करीब 3.79 लाख रुपये निर्धारित थी। इस वर्ष बाजार की बोली अपेक्षाकृत कम रहने पर उन्होंने कहा कि विभिन्न कारणों से राजस्व में कमी देखी जा रही है, जिस पर आगे विचार किया जाएगा। शिविर के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। नगर पंचायत प्रशासन ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में राजस्व बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे तथा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा।

**दो वारंटी गिरफ्तार : नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष ने समकालीन अभियान के तहत सोमवार की रात छापेमारी कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी थाना कांड संख्या 75/2003 के शेखपुरा निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र संजय सिंह उर्फ संजीव सिंह एवं थाना कांड संख्या 58/2019 के रजाकपुर निवासी मो रज्जाक के पुत्र मो जैनुल को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# भाकपा माले का 14वां जिला सम्मेलन सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** देश में बढ़ते फासीवादी हमले के खिलाफ व बुल्डोजर राज के खिलाफ प्रतिरोध तेज करने के लिए शहीदे आजम भगत सिंह के 95 वें शहादत दिवस के अवसर पर कल 23-24 मार्च को भाकपा-माले का 14वां दो दिवसीय जिला सम्मेलन शहीद-ए-आजम भगत सिंह नगर, रामनरेश राम, सभागार आरा व रामकिशोर राय, गोपाल प्रसाद, अशोक सिंह, शाहिदा खातून मंच नागरी प्रचारिणी सभागार आरा में सम्पन्न सम्मेलन शुरू होने से पहले विदाई जिला कमेटी की ओर से निवर्तमान जिला सचिव जवाहरलाल सिंह ने पिछले कामकाज की रिपोर्ट पेश किया जिसमें 50 प्रतिनिधियों ने बहस में भाग लेकर कामकाज की रिपोर्ट को समृद्ध किया। जिला सम्मेलन में सात सदस्यीय अध्यक्षमंडल में रमेश जी, संजय सिंह, विजय ओझा, इंदू सिंह, क्यामुद्दीन अंसारी, दिलराज प्रीतम, संगीता सिंह व पर्यवेक्षक राज्य कमेटी सदस्य रामाधार सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 73 सदस्यीय नयी जिला कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन में 50 प्रतिनिधि ने बहस में भाग लेकर कामकाज की रिपोर्ट को समृद्ध किया। सम्मेलन उद्घाटन-सत्र आरंभ होगा। जिला सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व बिहार राज्य सचिव कुणाल ने किया। मुख्य अतिथि भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य व वरिष्ठ नेता स्वदेश भट्टाचार्य, सहित कई नेतागण मौजूद थे। सम्मेलन में लगभग 600 प्रतिनिधि शामिल हुए। जिला सम्मेलन में देश व राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर गहन चर्चा होगी। सम्मेलन में सात सदस्यीय राजनीतिक प्रस्ताव पारित किया गया। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए जा रहे हमलों ने पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में झोंकने का खतरा पैदा कर दिया है। सैकड़ों बेगुनाह नागरिक मारे जा रहे है। सम्मेलन इस युद्ध को तत्काल रोकने की मांग करता है। विश्व व्यापार व विदेश नीति अमरीका के इशारे पर तय हो रही है।

# शाहाबाद कमिश्नरी की घोषणा करें सीएम

**आरा (भोजपुर)।** राजद के प्रदेश महासचिव मनोज सिह ने कहा कि कल की मुख्यमंत्री की यात्रा मुख्यमंत्री के रूप में अंतिम यात्रा होगी। भोजपुर जिला से एनडीए को इस बीते विधानसभा चुनाव में भोजपुर जिला की जनता के तरफ से अपार जन समर्थन मिला है। साथ ही भोजपुर में 7 सीट एनडीए का मिली है। भोजपुर जिले के आम अवाम चाहती है कि कल मुख्यमंत्री शाहाबाद कमिश्नरी की घोषणा कर दें, जिसका मुख्यालय आरा में हो। जनमानस का यह बहुत पुरानी मांग है। इसलिए मुख्यमंत्री जी को कमिश्नरी बनाने का घोषणा करनी चाहिए।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-47-25, दिनांक 19.03.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-47-25 के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं स्थान:** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में "नवीनतम विनिर्देशों के अनुसार हावड़ा-बर्द्धमान खंड और बर्द्धमान-कटवा खंड में पुराने हो चुके एससीएडीए सिस्टम को बदलने" के संबंध में 25 केवी एससीएडीए कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु.7,76,10,346.32, **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 5,38,100/-, **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य। **कार्य समाप्ति की अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** दिनांक 10.04.2026 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-711/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सूर्यनगरी देव में उमड़ा आस्था का जनसैलाब, लाखों व्रतियों ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सूर्यनगरी देव में चैती छठ महापर्व पर मंगलवार को व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। बड़ी संख्या में व्रतियों ने पवित्र सूर्यकुंड एवं रूद्रकुंड तालाब में स्नान के बाद डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। व्रत को लेकर देव शहर से लेकर आसपास के ग्रामीण इलाकों में श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। मुख्य सड़क से तंग गलियां भी श्रद्धालुओं से पटी रही। सूर्यनगरी में देश के अलग-अलग हिस्से से लाखों श्रद्धालु पहुंचे और उत्साह के साथ सूर्यकुंड तालाब में भगवान को अर्घ्य अर्पित किया। डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का सिलसिला मंगलवार की संध्या प्रारंभ हो गया जो देर रात तक जारी रहा। भगवान सूर्य के पौराणिक मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ इतनी अधिक थी कि दर्शन कर निकलने वालों को समय लग रहा था। देव का ऐसा नजारा था कि मानों भगवान साक्षात दर्शन देने के लिए खड़े हों। आज बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तरह की व्यवस्थाएं की गई है। जिला प्रशासन द्वारा अवासन से लेकर बिजली, पानी व सुरक्षा पर बेहद गंभीरता से ध्यान दिया गया है। देव मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी के साथ पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। स्काउट गाइड के छात्र भी मेला में सेवा दे रहे हैं।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि



जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के देव चैती छठ मेला के संध्या अर्घ्य के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के मद्देनजर देव स्थित कुंड परिसर में उपस्थित होकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। कुंड परिसर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाएं तथा भीड़ प्रबंधन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में स्थापित नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया गया, जहां अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संपूर्ण मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखा जाए तथा मेला अवधि के दौरान निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ मेला को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संपन्न कराने हेतु तत्पर है। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, अग्निशमन विभाग द्वारा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, नगर पंचायत द्वारा नियमित साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन, विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा आपदा प्रबंधन टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष अथवा ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों से संपर्क करें। जिला प्रशासन द्वारा देव चैती छठ मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं ताकि श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान भास्कर की उपासना कर सकें।

# हाइवा से कुचलकर मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर के निर्माण कार्य में लगे एक हाइवा ने मंगलवार की सुबह मजदूर को कुचल दिया जिससे उकी मौत हो गई। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के प्रेम नगर उतरी कोयल नहर के समीप की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के श्रीडीह निवासी तुलसी भुइयां के 45 वर्षीय पुत्र प्रमोद भुइयां के रुप में की गई है। जानकारी के अनुसार प्रमोद साइकिल से अंजनवां मंझौलिया के किसी ईंट भट्टा पर मजदूरी करने के लिए जा रहा था। इस दौरान मोरम मिट्टी गिरा कर लौट रहा हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही प्रमोद की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे एसआई सुरेन्द्र कुमार, एसआई रोहित कुमार एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक की पत्नी निर्मला देवी, उसके दो बेटे और तीन लड़कियों का रो रोकर बुरा हाल है। एक लड़का और एक लड़की की शादी हो चुकी है। घटना की सूचना पर पहुंचे दक्षिणी उमगा पंचायत के पूर्व मुखिया उपेन्द्र यादव ने सरकार से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। कहा कि प्रमोद अत्यंत गरीब है। किसी तरह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था।

# दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा स्पेक्ट्रम-2026' सफलतापूर्वक संपन्न

## ओरल प्रस्तुति में पल्लवी और पोस्टर प्रस्तुति में सुरभि बनी विजेता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के बियाडा परिसर स्थित महादेवा लाल सर्राफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'फार्मा स्पेक्ट्रम-2026' का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस सम्मेलन में 'फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार और भविष्य के रुझान' विषय पर चर्चा की गई। समापन समारोह में अतिथि के रूप में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्र, दशरथ प्रसाद रामानंद पांडेय कॉलेज ऑफ फार्मेसी के सचिव शंभूनाथ पांडेय और वाराणसी के सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर डॉ. ओ. पी. तिवारी शामिल हुए। एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डॉ. ब्रजकिशोर सिंह और चेयरपर्सन सरिता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में ओरल और पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विकास कुमार सिंह ने बताया कि ओरल प्रस्तुति में आईआईटी बीएचयू की पल्लवी शाह ने प्रथम, बीआइटी मिश्रा के प्रेम कुमार ने द्वितीय एवं सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार की प्रिया झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की खुशी दवे, जीएसवीएन मेडिकल कॉलेज कानपुर की ऐश्वर्या प्रताप सिंह और गवर्नमेंट फार्मेसी इंस्टीट्यूट पटना की संध्या कुमारी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पोस्टर प्रस्तुति में आइएसएफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी पंजाब की सुरभि ने प्रथम, आईआईटी बीएचयू के विजय कुमार ने द्वितीय एवं आईआईटी बीएचयू के ही अविनाश राज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा निभा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस के शशि भूषण, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के वैभव वर्मा और गवर्नमेंट फार्मेसी इंस्टीट्यूट पटना की शिवानी सुंदरम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम स्थान लाने वाले को 5000, द्वितीय स्थान लाने वाले को 3000 और तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागी को 2000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा सभी को मेमेंटो और प्रमाण पत्र भी दिया गया। गौरतलब है कि बिहार में पहली बार आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन फार्मा स्पेक्ट्रम-2026 काफी महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान फार्मास्युटिकल और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार और भविष्य के रुझान विषय पर हुई चर्चा से भविष्य में इसके काफी लाभ मिलेंगे। सम्मेलन में भारत के अलावा अन्य देशों के भी प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें बुरफा विश्वविद्यालय, सेन्सूक, थाईलैंड की डॉ. तनिकन सांगनिम, डॉ. कमपनार्ट हुआनबुट्टा, पोखरा विश्वविद्यालय, नेपाल के डॉ. गुलाम मोहम्मद खान, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, गया के प्रो. (डॉ.) विवेक डेव, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर परिसर, गुजरात के डॉ. राकेश यादव, तंजानिया के डॉ. रिचर्ड चेरेहानी काशिङ्ये, भारत के डॉ. दीपक कुमार, डॉ. परमिता पॉल (दुआ) शामिल रहे। इसके अतिरिक्त अमेरिका से मलाईका नामदास, मलेशिया से डॉ. ओमोटायो फतोकुन तथा नाइजीरिया से प्रो. (डॉ.) अजायी अयोडेजी फोलोरुन्शो ने फार्मा और बायोमेडिकल विज्ञान में नवाचार तथा भविष्य पर अपने विचार रखे।




# एंबुलेंस की टक्कर से श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर पलटी, 20 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के फारम के समीप मंगलवार की सुबह चैती छठ के लिए देव जा रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर एक एंबुलेंस से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार 25 श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की स्थिति गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बता दें कि सभी घायल एक ही परिवार के सदस्य है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ओबरा प्रखंड के सरसौली गांव से करीब 25 लोग ट्रैक्टर पर सवार होकर सूर्य नगरी देव छठ करने जा रहे थे। इसी दौरान शहर के फारम के समीप एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार छठ व्रती समेत कुल 25 लोग घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस में सवार पांच लोग भी घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में अभिषेक कुमार, बोधी प्रिया, अनीता देवी, सतीश कुमार, विकास कुमार, अवधेश कुमार, फटनराम, मुन्ना ठाकुर, सत्येंद्र राम, सदन कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, अलकारिया देवी, खुशी कुमारी, धनकेश कुमार, पवन कुमार, पसुरेश राम सहित शामिल रहे। बता दें कि जिस एंबुलेंस से ट्रैक्टर में टक्कर हुई उसमें एक शव रखा हुआ था, जिसे झारखंड के कोडरमा ले जाया जा रहा था। हादसे के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया जिससे आक्रोश का माहौल बन गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार तीन लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है। फिलहाल घटना की सूचना पर मुफस्सिल थाने की पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर फरार एंबुलेंस चालक को खोज रही है।

# ट्रक-ट्रैक्टर की टक्कर में अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चैती छठ पूजा के लिए देव सूर्य मंदिर जा रहे ट्रैक्टर सवार व्यक्ति को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य जख्मी हो गए। घटना बारून थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव के पास की है। मृतक की पहचान गुलाम बिगहा निवासी 45 वर्षीय राजेंद्र सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र सिंह चैती छठ व्रत के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मंगलवार की सुबह देव जा रहे थे। वहां शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देना था। लेकिन रास्ते में ही हादसे के शिकार हो गए। ट्रैक्टर और ट्रेलर की आमने-सामने टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत बारून प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में भी स्थिति गंभीर बनी रहने पर चिकित्सकों ने उन्हें नारायण मेडिकल कॉलेज भेज दिया। परिजन इलाज के लिए लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

# देव चैती छठ मेला में स्काउट-गाइड के 400 स्वयंसेवक तैनात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के प्रसिद्ध सौर तीर्थ स्थल देव में आयोजित चैती छठ मेला में भारत स्काउट और गाइड के लगभग 400 छात्र पूरी तत्परता और अनुशासन के साथ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मेला क्षेत्र में थाना मोड़ से सूर्यकुंड तालाब तक मार्ग नियंत्रण का जिम्मा संभालते हुए स्काउट-गाइड श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारू बना रहे हैं। सूर्य मंदिर परिसर में भी स्काउट-गाइड पूरी मुस्तैदी से तैनात हैं और मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता कर रहे हैं। विशेष रूप से वे मेले में बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य कर रहे हैं जिससे लोगों को काफी राहत मिल रही है। गर्मी के कारण अस्वस्थ हुए श्रद्धालुओं को तत्काल मेडिकल सुविधा तक पहुंचाने में भी स्काउट-गाइड महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका समुचित उपचार किया जा रहा है। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में शत्रुंजय कुमार, लालू कुमार, शुभम कुमार, दीपक कुमार, रौशन कुमार, अभय कुमार, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार एवं ज्वाला प्रकाश सहित कई स्वयंसेवकों का सराहनीय योगदान है। अरवल के जिला संगठन आयुक्त स्काउट राजेश कुमार एवं अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में कार्य संपादित हो रहा है जबकि पूरे मेले का संचालन औरंगाबाद के जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्रीनिवास कुमार की देखरेख में किया जा रहा है। इस मेले में औरंगाबाद जिले के अलावा अरवल, नवादा, लखीसराय एवं रोहतास जिले के स्काउट-गाइड भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जो सेवा, अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश कर रहे हैं।

# एलपीजी की जमाखोरी व कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 9080 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 5799 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त कुल 13 शिकायतों में से 11 शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया है तथा 02 शिकायतों का निष्पादन प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है।

# डीएम-एसपी ने छठव्रातियों की सुविधाओं का लिया जायज़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा संयुक्त रूप से चैती छठ मेला के संध्या अर्घ्य के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं सुचारू व्यवस्था के मद्देनजर देव स्थित कुंड परिसर में उपस्थित होकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। कुंड परिसर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्ग, सुरक्षा प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधा, आपातकालीन सेवाएं तथा भीड़ प्रबंधन की स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखा जाए तथा मेला अवधि के दौरान निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है तथा पुलिस प्रशासन पूरी सतर्कता एवं प्रतिबद्धता के साथ मेला को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संपन्न कराने हेतु तत्पर है। जिलाधिकारी द्वारा देव में अवासन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया एवं सभी सुविधाओं का अवलोकन किया गया। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, अग्निशमन विभाग द्वारा आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, नगर पंचायत द्वारा नियमित साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन, विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा आपदा प्रबंधन टीम की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नियंत्रण कक्ष अथवा ड्यूटी पर तैनात पदाधिकारियों से संपर्क करें। जिला प्रशासन द्वारा देव चैती छठ मेला-2026 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान भास्कर की उपासना कर सकें।

# डीजे सेट जब्त, रामनवमी के बाद होगा वापस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** रामनवमी को लेकर कुटुंबा पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। थानाध्यक्ष मो. इमरान आलम ने मंगलवार को थाना क्षेत्र के संडा से पांच एवं सैदपुर नौघड़ा से पांच डीजे साउंड सेट जब्त किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रामनवमी की शोभायात्रा में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस प्रशासन सतर्क है और कहीं भी कानून व्यवस्था भंग न हो, इसके लिए एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। आगामी 26 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा यात्रा निकाली जायेगी जिसमें डीजे का उपयोग न हो इसके लिए रामनवमी के दिन तक क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों को गाइडलाइन की जानकारी देते हुए उनके डीजे को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है, जो शोभायात्रा के बाद उन्हें विधिवत वापस कर दिया जाएगा। शोभायात्रा में असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों पर प्रशासन की नजर रहेगी। रामनवमी को लेकर निकलने वाली शोभायात्रा के रूट चार्ट में बदलाव नहीं होगा। उन्होंने आमजनों से शांतिपूर्ण माहौल में शोभायात्रा निकालने की अपील की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# एलपीजी संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** एलपीजी गैस की किल्लत और बढ़ती कीमतों के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सिलेंडर का दाम कम करो और आम आदमी पर अत्याचार बंद करो जैसे नारे लगाए। इसी बीच प्रदर्शनकारियों ने जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव के नेतृत्व में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि गैस की भारी किल्लत है और बुकिंग प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि लोग घंटों लाइन में लगने के बावजूद सिलेंडर नहीं पा रहे हैं। कहा कि देश में गैस संकट जैसे हालात बन गए हैं और कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार गिर रहा है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। मोदी सरकार हर मोर्चे पर फ़ेल है। कांग्रेस नेताओं का दावा है कि बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोग गैस संकट से जूझ रहे हैं लेकिन सरकार इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो देशभर में हालात और बिगड़ सकते हैं। कांग्रेस ने सरकार से मांग की है कि गैस आपूर्ति को सुचारु किया जाए और आम लोगों को हो रही परेशानी का तत्काल समाधान निकाला जाए। इस पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह, जिला परिषद सदस्य सुरेंद्र यादव, उदय पासवान, युवा नेता सूरज कुमार राय, जिला पार्षद सह महिला मोर्चा की अध्यक्षा गायत्री देवी, एसटी-एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अजय राम, मनोज कुमार पांडेय, अंबिका पासवान, उदय सिंह, महबूब आलम, सोमनाथ शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# असक्षम कैदियों को मदद करेगा प्राधिकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक दीपक कुमार एवं जेलर सरोज कुमार उपस्थित रहे। सचिव तान्या पटेल द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरांत कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के संबध में पूछताछ किया तथा सभी कैदियों को कहा गया कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है तो जेल में प्रति नियुक्त जेल भ्रमण अधिवक्ता अथवा कारा प्रशासन से उसे अग्रसारित कराते हुए प्राधिकार के कार्यालय में भेजें जिससे कि पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इसी क्रम में जेल में मिलने वाले खाने को मेन्यू के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया ताकि बंदियों के बीच असंतोष की भावना के साथ-साथ उन्हें भोजन जनित बीमारी न हो। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बताएं साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बतायें। पूरे निरीक्षण के दौरान उप प्रमुख प्रतिरक्षा अधिवक्ता अभिनंदन कुमार और चन्दन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।